कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:15 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 259, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 14

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण 13

## रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

# नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार

### पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने सुनाया सुप्रीम फैसला, जेपी पादरीवाला ने असहमति जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, जो 25 मार्च 1971 तक बांग्लादेश से असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने अवैध आव्रजन पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक मजबूत नीतिगत उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्र की तत्कालीन राजीव गांधी सरकार और राज्य (असम) में



ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) सहित प्रफुल्ल महंत के नेतृत्व वाले आंदोलनकारी समूहों के बीच असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद 1985 में नागरिकता अधिनियम 1955 में धारा 6ए शामिल की गई थी। प्रावधान के अनुसार, वे सभी लोग जो 1 जनवरी 1966 को या उसके बाद, लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 1985 के लागू होने के समय बांग्लादेश से असम आए थे और तब से असम के निवासी हैं, भारतीय नागरिकता के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति सुंदरेश और न्यायमूर्ति मिश्रा ने धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा, जबकि न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने अल्पमत वाले अपने फैसले में इससे असहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश ने 25 मार्च 1971 की समय सीमा को तर्कसंगत मानते हुए, अपना निर्णय लिखते हुए कहा कि धारा 6ए को भारत में प्रवासियों के प्रवेश में कमी लाने को शामिल किया गया था।

#### असम में घुसपैठ का प्रभाव अधिक

सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल (2216.7 किमी), मेघालय (443 किमी), त्रिपुरा (856 किमी) और मिजोरम (318 किमी) जैसे अन्य राज्य असम (263 किमी) की तुलना में बांग्लादेश के साथ अधिक लंबी सीमा साझा करते हैं, फिर भी असम में घुसपैठ और असमिया और जनजातीय आबादी के सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों पर प्रभाव अधिक है। धारा 6ए न तो कम समावेशी है और न ही अधिक समावेशी है।

#### तीन न्यायमूर्ति ने कहा- धारा 6ए संविधान के दायरे में आती

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने और न्यायमूर्ति सुंदरेश तथा न्यायमूर्ति मिश्रा की ओर से निर्णय लिखते हुए कहा कि धारा 6ए संविधान के दायरे में आती है और भाईचारे के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं करती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने लिखा यह माना जाता है कि नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6ए संविधान के दायरे में आती है और यह एक वैध कानून है।

#### न्यायमूर्ति पादरीवाला ने कहा- धारा 6ए मनमाना और अमान्य

बहुमत के फैसले से असहमत, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि धारा 6ए मनमाना और संवैधानिक रूप से अमान्य है। 127 पृष्ठों के एक अलग एवं असहमतिपूर्ण फैसले में कहा समय बीतने के साथ धारा 6ए की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की अधिक संभावना है, क्योंकि जाली दस्तावेजों के जरिये असम में प्रवेश की गलत तारीख दर्ज हो जाती है।







## एक नजर

### ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ

**गुवाहाटी।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी।

### बाराबंकी में देवा महोत्सव की शुरुआत आज से

**देवा (बाराबंकी)।** कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा।

# हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

**बहराइच हिंसा**

### पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

### नेपाल की सीमा पर नानपारा थानाक्षेत्र में असलहा बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़

- अब तक 57 आरोपी हो चुके गिरफ्तार, 13 एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ

**अमृत विचार :** नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित है।

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिसंक घटना में नामजद आरोपियों समेत पांच को



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालिब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के बाद उनसे असलहा बरामद कराने के लिए उन्हें नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी ले जाया गया। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, और दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात कर दिया है। वहीं अन्य तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

**हमीद की बेटी का पुलिस पर आरोप :** दूसरी तरफ सरफराज की बहन ने आरोप लगाया कि बुधवार के दिन ही उनके भाइयों को पुलिस उठा ले गई थी। महाराजगंज के जिस मकान में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या की गई थी। वह अब्दुल हमीद का था। हमीद की बेटी रुखसार ने एसटीएफ पर आरोप लगाया कि बुधवार शाम चार बजे उसके पिता अब्दुल हमीद, भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को उठा लिया था। मेरे पति और देवर को पहले ही पकड़ लिया था। किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है।

#### बहराइच हिंसा उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की विफलता: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था तो वहां कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। यादव ने लखनऊ में कहा यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है। वे अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और हर कार्यक्रम को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की बात करते हैं।

#### आरोपियों के खिलाफ होगी रासुका की कार्रवाई



एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महराजगंज मामले में अभी और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। इस मामले में हिंसक घटना में शामिल लोगों के साथ अफवाह फैलाने वाले, साजिश रचने वाले और आरोपियों को शरण देने वाले सभी के लिए खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण**

## नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



मोदी से शिष्टाचार मुलाकात करते सैनी।

#### समारोह के बाद राजग के नेताओं ने की बैठक

शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों समेत राजग के नेता विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए यहां आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। बैठक से पहले एक बयान में भाजपा ने कहा कि देशभर में 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगी दलों के हैं, जो इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पिछले कई वर्षों में राजग का इस तरह का यह पहला सम्मेलन है।

## उन्नाव में तीन लाख के नकली नोट पकड़े

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पुलिस और एसओजी ने एक कार से किए बरामद, लखनऊ में छापते थे

**अमृत विचार:** औरास पुलिस और एसओजी ने एक कार में छिपाकर ले जाए जा रहे करीब तीन लाख के जाली नोट व नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने साथ ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद जाली नोट 100 और 500 के हैं। युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में जाली नोट छापने का काम करते थे।

पुलिस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटा रही है। उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने बताया कि औरास पुलिस व एसओजी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जाली नोटों को खपाने का कारोबार चल रहा है। इसके चलते पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने औरास में एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो कार में डेस्क बोर्ड से 100 रुपये के 988 जाली नोट बरामद हुए। कार की डिग्गी में एक प्रिंटर, वाईफाई मोडम, एक मानिटर, एक सीपीयू, एक पेपर कटर, एक लैपटाप आदि बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार मो. शोएब पुत्र मो. शरीफ निवासी गांव तिलोइया कला थाना संडील हरदोई व फुरकान निवासी तकिया रहीमाबाद थाना रहीमाबाद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया।

## दीपावली पर 1.86 करोड़ परिवार को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने बीते साल की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से उप्र. के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है।साल में दो बार होली और दीपावली पर ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। पिछले साल जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसपर 1,890 करोड़ रुपये खर्च होगा। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है जबकि शेष छूट राज्य सरकार देती है।

- शासनादेश जारी होते ही वितरण शुरू, 1,890 करोड़ खर्च होगा

## सपा के सात प्रत्याशी मैदान में, दो सीट कांग्रेस को मिली

**उप्र. विस उपचुनाव**

- सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर उतारा उम्मीदवार
- गाजीपुर और खैर सीट पर कांग्रेस से गठबंधन के उम्मीदवार उतरेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है। नौ सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में सपा, कांग्रेस को दो सीटें दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच सीटों को लेकर बातचीत में कांग्रेस को दो सीट गाजियाबाद और खैर देने की सहमति बनी है।

इधर, गुरुवार को सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर सुम्बुल राणा को अपना उम्मीदवार बना दिया है। ऐसे में अब तक कुल सात सीट के लिए अखिलेश यादव ने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। सपा ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन्हीं दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतरेंगे। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## भाजपा-रालोद की मांग, 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपचुनाव की तिथि बदलने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की जताई आशंका

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। ऐसे में मतदान की तिथि न बदली गई तो बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। भाजपा और रालोद को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि चुनाव आयोग नई दिल्ली से यथोचित पत्र व्यवहार किया जाएगा।

## बिहार: जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में 12 लोग गिरफ्तार कबए गए हैं। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हुई है।

राज ने बताया कि घटना के बाद दो विशेष जांच दल गठित हुई हैं। स्थानीय स्तर पर गठित दल नवीनतम प्रकरण में आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। वहीं पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित हुई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी घटनाओं का अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई हो। एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

#### मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों जान लेने की जिम्मेदार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीली शराब से हुई मौत पर गुरुवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। खरगे ने कहा कि सीवान और सारण में जहरीली शराब से अब तक 36 की मौत हो चुकी है ।

#### धड़ल्ले से बिक रही शराब : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने जहरीली शराब से कई लोगों की मौत पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान : मोदी

### अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा की मान्यता देने के समारोह को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए... युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात् शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है।



अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के दौरान बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात करते प्रधानमंत्री मोदी।

#### अभिधम्म दिवस याद दिलाता है करुणा और सद्भावना

अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# मीरापुर से सुंबुल राणा को उतारकर सपा ने कांग्रेस को दिया झटका

## हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद हावी सपा ने मनमाना उम्मीदवार दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के टिकट पर मीरापुर सीट में उतारी गईं सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। सुंबुल को टिकट मिलने से जहां कांग्रेस के इस सीट पर लड़ने की उम्मीद खत्म हो गई वहीं, उनके सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद के लिए भी इसे झटका माना जा रहा है। बतौर पर्यवेक्षक इमरान ने इस सीट को कांग्रेस के लिए मजबूत बताया था।

दरअसल, कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए पश्चिमी उप्र. की सीट मीरापुर का होमवर्क करते हुए दावा ठोका था। कांग्रेस ने इस दावे के साथ सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद को मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया। ऐसे में समाजवादी पार्टी के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई थी, क्योंकि सपा इस सीट को कांग्रेस के खाते में नहीं देना चाहती थी। इतना ही नहीं, कांग्रेस सांसद ने दावा किया था कि इस सीट पर माहौल कांग्रेस के पक्ष में है और हम इस सीट पर रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। इमरान मसूद ने पर्यवेक्षक के तौर पर उन्होंने ग्राउंड रिपोर्ट कर वो डाटा भी जुटा लिया था।

हालांकि, बाद में हरियाणा में कांग्रेस की पराजय के बाद सपा हावी हो गई। गुरुवार को सपा ने अपने टिकट पर सुंबुल राणा के मैदान में उतार कर कांग्रेस के दावे को अब खारिज भी कर दिया। सुंबुल का नाम घोषित करते हुए सपा ने एक बार फिर पीडीए का नारा एक्स पर लिखा है। भले ही सभी प्रत्याशी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज से हैं लेकिन सात में से छह प्रत्याशियों के नामों से साफ है कि अखिलेश यादव को ज्यादा भरोसा परिवार पर ही है।

### 25 दावेदारों में मुस्लिम महिला को दी प्राथमिकता

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े बड़े नेताओं से लगभग तीन घंटे मंत्रणा की जिसके बाद सुंबुल राणा के नाम पर सहमति बनी। सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट, वसी अंसारी एडवोकेट समेत अन्य नेता लखनऊ पहुंचे थे। टिकट के लिए 25 दावेदार थे। इनमें पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मोहम्मद का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा था। अखिलेश ने एक-एक कर 25 दावेदारों के नाम पर चर्चा की। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, तय पूर्व में ही हो गया था कि मुस्लिम प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जाएगा।

### फिलहाल नौ सीट के लिए होंगे चुनाव

उप्र. में रिक्त दस में से नौ सीटों पर चुनाव होने जा रहा है। 18 अक्टूबर से नामांकन का दौर शुरू होगा। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना कराई जाएगी। अयोध्या की मिल्कीपुर का मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण अभी वहां चुनाव नहीं हो रहा है।

### दो सीट मिलने की जानकारी नहीं: अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा से कांग्रेस को गाजियाबाद और अलीगढ़ की खैर सीट



मिलने की संभावनाओं के बीच कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उन्हें अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और कांग्रेस पांच सीट की मांग कर रही है। हालांकि सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी से कहा कि उपचुनाव के लिये हुए समझौते के तहत अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट के साथ-साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वहीं, दो सीट कांग्रेस को दी जाती है तो उसके बाद अब केवल एक कुंदरकी सीट पर उम्मीदवार की घोषणा बाकी है।

**मिल्कीपुर उप चुनाव**

# तय प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही निर्वाचन याचिका पर विचार संभव

## याचिका वापसी की नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन बाद ही सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का उप चुनाव फंसता नजर आ रहा है। गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने की उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि याची द्वारा तय प्रक्रिया का पालन करने के उपरांत ही याचिका वापसी पर विचार किया जा सकता है।

कोर्ट ने इस संबंध में याची को आदेश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर याचिका वापस लिए जाने संबंधी नोटिस के ऑफिशियल गजट में प्रकाशन के लिए कार्यवाही करे। कोर्ट ने उक्त प्रकाशन के 15 दिन के उपरांत मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने गोरखनाथ की याचिका पर पारित किया।

### यह है मामला

वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे। हालांकि नामांकन के दौरान अवधेश प्रसाद द्वारा दाखिल नोटरी को डिफेक्टिव बताते हुए, उनके चुनाव को गोरखनाथ ने चुनौती दी थी। वहीं 26 अप्रैल 2022 को उक्त याचिका पर सुनवाई के उपरान्त न्यायालय ने याची के अंतरिम राहत सम्बन्धी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि याचिका में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है कि चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप किया जाय। इसी चुनाव को लेकर एक अन्य निर्वाचन याचिका भी शिव मूर्ति की ओर से दाखिल की गई है। उक्त याचिका के वापसी की अर्जी पर भी न्यायालय ने प्रकाशन का आदेश पारित किया है।

## एक नजर

### साकार होगी विकसित हरियाणा, विकसित भारत की संकल्पना

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। कहा कि विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर अभिवादन किया। अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री समेत गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### 19 को कानपुर में सारंग हेलीकॉप्टर शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** 19 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ पर कानपुर वायु सेना स्टेशन में ''सारंग एरोबेटिक डिस्पले टीम'' आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एयर कमोडोर एमके प्रवीण वीएम एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन कानपुर के साथ भारतीय वायुसेना के प्रतिष्ठित अधिकारी और रक्षा बलों के अन्य अधिकारी और दिग्गज शामिल होंगे। टीम दर्शकों के लिए वायु सेना स्टेशन कानपुर के हवाई क्षेत्र में प्रदर्शन करेगी।

### वानिकी विवि के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर वन प्रभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र के समीप ही देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय बनाने के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित कर ली है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर वन प्रभाग में वानिकी महाविद्यालय बनाने की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने वानिकी विश्वविद्यालय की मंशा जाहिर की। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव का कहना है कि पाठ्यक्रमों का खाका भी तैयार कराया जा रहा है।

### मिल्कीपुर चुनाव कराने से डरी सपा : बाबा गोरखनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि हार से सपा डर गई है, इसलिए गुरुवार को मेरी याचिका वापसी के खिलाफ पैरवी करने में पूरी ताकत झोंक दी गई। गोरखनाथ ने कहा कि भाजपा हर हाल में सभी 9 सीटों पर कार्यक्रम के अनुसार ही चुनाव चाहती है।

### नीट : फिर वही सीट आवंटित होने पर प्रक्रिया दोहराएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले के लिए चल रही नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग में शुक्रवार को सीट आंवटन के बाद 23 अक्टूबर तक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा गुरुवार को जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि अगर पूर्व की दो काउंसिलिंग में किसी अभ्यर्थी ने दाखिला ले लिया है और तीसरी काउंसिलिंग में उसे फिर से उसी कॉलेज में सीट आवंटित हो गई है तो उन्हें पुन: संबन्धित कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी, अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जाएगा।

# दीपावली से पहले मिलेगा आशा व संगिनियों को बकाया भुगतान और इस माह का वेतन

## एनएचएम निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**1.7** लाख आशा कार्यकत्रियों को मिलेगा लाभ

**12** हजार आशा संगिनियों को भी होगा भुगतान

**अमृत विचार:** दीपावली से पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा संगिनियों को 25 अक्टूबर तक प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। साथ ही कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को भी इस अक्टूबर माह का मानदेय 25 अक्टूबर तक मिलेगा। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियो व मुख्य चिकित्साधिकारियों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए गये हैं।

मिशन निदेशक ने सभी जिलों में सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी 1,70000 आशा एवं 12000 आशा संगिनियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों के सापेक्ष मिलने वाले वाउचर का भुगतान कराया जाए। इसके लिए आशाओं से अतिशीघ्र ब्लाक स्तर पर सभी वाउचर जमा कराए जाएं। माह सितंबर तक बकाया व वर्तमान अक्टूबर का भुगतान 25 अक्टूबर तक कराने के साथ ही फैम्स पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

इसके अलावा पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि एनएचएम कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को दीपावली के पहले माह अक्टूबर 2024 के मानदेय का भुगतान 20 अक्टूबर तक की उपस्थिति के आधार पर 25 अक्टूबर तक कर दिया जाए। आदेश पर तत्काल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

### वर्दी के लिए रोडवेज के 37 हजार चालकों और परिचालकों को मिलेंगे 1800 रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम के 37 हजार चालक, परिचालक दीपावली त्योहार पर नई वर्दी में नजर आएंगे। हर चालक परिचालक को वर्दी के लिए 1800 रुपये मिलेंगे। परिवहन निगम ने गुरुवार को छह करोड़ 70 लाख रुपये की राशि वर्दी भत्ते के लिए अनुमोदित किया। एक से दो दिन के अंदर ड्राइवर कंडक्टरों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सितंबर माह में आदेश दिया था कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में ही चालक परिचालकों को नई वर्दी के पैसे मिल जाएंगे, लेकिन अभी तक उन्हें वर्दी के पैसे नहीं मिल पाए हैं। दो दिन पहले संविदा चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के महामंत्री कन्हैया पांडेय ने एमडी से सभी चालक परिचालकों को वर्दी भत्ता देने की मांग की थी। नियमानुसार दो साल पर चालक, परिचालक को वर्दी का पैसा उपलब्ध कराया जाता है।

**6.7** करोड़ की राशि अनुमोदित

# खाद्यान्न घोटाले में एडीओ पंचायत बलिया से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में 18 वर्ष पूर्व हुए खाद्यान्न घोटाले के आरोपी एडीओ पंचायत को ईओडब्ल्यू की वाराणसी टीम ने बुधवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। एडीओ को मनियर ब्लॉक के गेट से गिरफ्तार किया। आरोपी एडीओ के खिलाफ 2006 में हुए खाद्यान्न घोटाले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

ईओडब्ल्यू वाराणसी यूनिट के इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अरुण कुमार सिंह है। वह बलिया के सिकंदरपुर स्थित खटंगी गांव का रहने वाला है। उसकी तैनाती वर्तमान समय में बलिया के मनियर ब्लॉक में है। अरुण सिंह 2006 में नवानगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी था। उस समय खाद्यान्न घोटाला हुआ था। इस मामले में अरुण सिंह समेत सात आरोपियों पर घोटाले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# साईं कंस्ट्रक्शन का संचालक गिरफ्तार

- ईडी ने लखनऊ जोनल कार्यालय से की गिरफ्तारी, कोर्ट से मिली 24 तक की कस्टडी

**22** करोड़ रुपये हड़पने का चल रहा है मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जांच में सहयोग न करने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के संचालक राजीव त्यागी को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उनको लखनऊ जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

राजीव को गुरुवार को गाजियाबाद के विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने 24 अक्टूबर तक ईडी की कस्टडी में दे दिया है। साईं कंस्ट्रक्शन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और उत्तराखंड पावर कारपोरेशन समेत कई सरकारी विभागों में कार्य करती थी। कंपनी ने बैंक से अलग-अलग मद में 22.20 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। इसके बदले उन्होंने कई संपत्तियां बंधक रखी थीं। बाद में जांच में सामने आया कि ये संपत्तियां पहले दूसरे बैंकों के पास बंधक रखी जा चुकी थीं। कंपनी और उसकी सहयोगी फर्मों के खिलाफ वर्ष 2022 में केस दर्ज किया था। ईडी ने भी मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### ईडी ने 23 सितंबर को 14.89 करोड़ की संपत्ति की थी जब्त

ईडी ने 23 सितंबर को राजीव त्यागी की 14.89 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया था। इनमें संपत्तियां राजीव त्यागी, उनके बेटे अमर्त्य राज त्यागी, कनिष्क राज त्यागी, मेसर्स एसकेटी गारमेंट प्राइवेट लिमिटेड और एसएस इंटरप्राइजेस के नाम पर खरीदे गए फ्लैट, दुकान, आवासीय एवं औद्योगिक भूखंड शामिल थीं।

# 84 लाख योनियों की यात्रा दर्शाएंगे 84 स्तंभ

**महाकुंभ 2025**

- 21.30 करोड़ से बनेंहे सहस्त्र शिव नाम से अंकित 84 स्तंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 84 लाख योनियों की यात्रा को दर्शाने वाले 84 पौराणिक स्तंभ सजाएगी। इस पर 21.30 करोड़ रुपये खर्च होगा।

जल निगम की कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन इकाई कार्यदाई संस्था है। परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार राना के अनुसार प्रयागराज एयरपोर्ट के बाहर सड़क के दोनों तरफ इन स्तंभों की स्थापना की जा रही है। 10 करोड़ की पहली किश्त जारी की जा चुकी है। नवंबर तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हर स्तंभ की लंबाई 6 मीटर होगी । लगभग 525 मीटर की लंबाई में सीधी रेखा में स्थापित होने वाले इन स्तंभों में जीव के 84 लाख योनियों का संकेत होगा, जिससे सृष्टि का सार होगा। एक स्तंभ से दूसरे स्तंभ की दूरी 12 मीटर रखी गई है। हर स्तंभ में भगवान शिव के सहस्त्र नाम भी लिखे जाएंगे।

**चुस्त-दुरुस्त होगी बिजली व्यवस्था :** महाकुंभ में बिजली व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त बनाने के लिए दो नए सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं क्षमता वृद्धि, इंटरलिंक लाइन के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है।

### एआई सीसीटीवी से अभेद्य होगी सुरक्षा व्यवस्था

महाकुंभ में पुलिस जहां एक तरफ चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी। वहीं पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य करने के लिए 2750 एआई सीसीटीवी लगाने का काम चल रहा है। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि अब तक एक हजार एआई सीसीटीवी को विभिन्न स्थानों पर लगाया जा चुका है। कैमरों को कंट्रोल रूम से सीधा जोड़ा जाएगा। 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। इससे महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# मुठभेड़ में लारेंस विश्नोई गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मथुरा के रिफाइनरी थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह यूपी और दिल्ली पुलिस की लारेंस विश्नोई गिरोह के शूटर से मुठभेड़ हो गई। शूटर योगेश उर्फ राजू घायल हो गया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक योगेश दिल्ली के चर्चित जिम मालिक नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा बरामद किया गया। एसपी सिटी मथुरा डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक राजू मूलतः बदायूं के राज चौक कटटा बहरामपुरा का रहने वाला है। राजू के खिलाफ यूपी में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

# नफरत फैला उप चुनाव जीतना चाहती है भाजपा : संजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा लोकसभा में बुरी तरह से हारी है नफरत फैलाकर उप्र. के उपचुनाव जीतना चाहती है भाजपा का इतिहास रहा है झगड़ा दंगा कराकर चुनावी फायदा लेना।

संजय सिंह ने कहा कि बहराइच में जो कुछ हो रहा है वह बेहद दुखद है। गोपाल मिश्रा की निर्मम हत्या गलत है। हत्या करने वालों पर शक्ति से कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहराइच में शांति की बहाली की मांग के लिए आप सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और दोषियों को सजा दिलाने की मांग करेंगे।

### पुलिस को अपराधी को पकड़ना होता है: राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहराइच में हुए एनकाउंटर पर कैबिनेट मंत्री व सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पुलिस हमेशा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो को गिरफ्तार करने जाती है अगर वो हरकत करते हैं तो पुलिस कि तरफ से फायरिंग होती है। जिन्दा या मुर्दा उनको उसे पकड़ना है। सुभासपा अध्यक्ष ने गुरुवार को निजी चैनल पर कहा कि जब पुलिस पकड़ने जायेगी और कोई पुलिस के ऊपर गोलियों कि बौछार करेगा तो पुलिस उसको माला तो पहनाएंगी नहीं। अगर किसी को अपराध करना है तो अंदर जमीन के अंदर रहना पड़ेगा या ऊपर जाना पड़ेगा या जेल में, जिस तरह से साढ़े सात साल से कानून चल रहा है राज्य में उसी तरह से व्यवस्था रहनी चाहिए। इस नाते पैर में गोली मारी गई है कि उनको पकड़ के और सबक सिखाया जाएगा, अभी तो गोली लगी है आगे और कुछ लगेगा।

### बहराइच में अन्याय कर रहे हैं शासन और प्रशासन : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच की घटना सरकार और प्रशासन की नाकामी है। इतने बड़े आयोजन में पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। बहराइच में पूरी घटना के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। शासन और प्रशासन मिलकर अब बहराइच में अन्याय कर रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर लालबाग नूरमंजिल के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सपा प्रमुख ने कहा कि हम भरोसा दिलाते हैं कि सपा, सरकार में आने पर वाल्मीकि समाज को नौकरी, रोजगार के साथ सम्मान देने का काम करेगी।

# 6,411 पीड़ितों को केंद्रांश के 30 करोड़ का इंतजार

- अनुसूचित जाति-जनजाति के पीड़ितों को अभी तक धनराशि का नहीं हुआ भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के 75 जिलों में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति की पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद की आवश्यकता है। समाज कल्याण विभाग बजट के अभाव में 6,411 महिलाओं को आर्थिक मदद नहीं दे सका है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर उन्हें 85 हजार रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक आर्थिक सहायता दी जाती है। अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच विजय सिंह मीना ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर जिला समाज कल्याण अधिकारियों के स्तर से 6,411 को आर्थिक सहायता दिलाने को कहा था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 6,411 पीड़ितों को लाभ देने के लिए 120 करोड़ रुपये के बजट की आवश्यकता है। अभी सिर्फ 30 करोड़ रुपये मिले हैं। जल्द ही केंद्रांश की शेष राशि 30 करोड़ की राशि मिलनी है। राशि मिलते ही भुगतान किया जाएगा। राज्यांश की राशि 60 करोड़ रुपये जारी हो गई है।

# ऑडियो टूर से मिलेगी पर्यटकों को सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में पर्यटकों को क्यूआर कोड - आधारित ऑडियो टूर सुविधा मिलेगी। इससे पर्यटकों को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों की अधिक सुलभ, सहज और आकर्षक जानकारी मिलेगी। प्रथम चरण में पर्यटकों को वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर और आगरा में फतेहपुर सीकरी जैसे प्रसिद्ध स्थल समेत राज्य भर के 100 से अधिक प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड स्कैन कर इमर्सिव ऑडियो सामग्री मिलेगी। ऑडियो 01 से 15 मिनट की होगी, ताकि पर्यटक प्रत्येक स्थान की कहानियों से जुड़ें।

# बच्चों में टीबी की जांच को 26 जिलों में बनाए मास्टर ट्रेनर

- जिला क्षय रोग अधिकारी और बाल रोग विशेषज्ञ शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि बच्चों में टीबी की पहचान अक्सर मुश्किल होती है । बच्चों में टीबी की पहचान के लिए मास्टर ट्रेनर बनाए जा रहे हैं, जो अपने-अपने जिलों में चिकित्सकों को प्रशिक्षित करेंगे ताकि शुरूआती दौर में इलाज हो जाए। पहले चरण में 26 जिलों में मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं।

प्रमुख सचिव गुरुवार को राज्य टीबी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स, साथी संस्था के सहयोग से संपन्न राज्य स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलों में जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज के एक-एक बाल रोग विशेषज्ञ को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। राष्ट्रीय कार्यक्रम के निदेशक डॉ.आर.पी. सुमन, राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि बच्चों में टीबी की जाँच और इलाज जटिल होते हैं। कार्यक्रम केजीएमयू की डॉ. सारिका गुप्ता, आरएमएल से डॉ. रुचिका भटनागर, डॉ दीप्ति अग्रवाल प्रशिक्षकों के साथ-साथ संयुक्त निदेशक डॉ. बजाज और साथी संस्था के प्रतिनिधि शामिल रहे।



राजभवन में कार्डियक अरेस्ट में बचने को सीपीआर की ट्रेनिंग लेते पुलिस कर्मी ।

### राजभवन कार्मिकों द्वारा सीपीआर का किया गया अभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** सडन कार्डियक अरेस्ट में हृदय की विद्युत प्रणाली अचानक बंद हो जाती है और हृदय गति रुक जाती है, ऐसे में सीपीआर (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन) ही एक मात्र उपाय होता है तत्काल जीवन वापस लाने का। यह बात राजभवन में गुरुवार को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आदित्य कपूर ने दी। जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने कार्डियक अरेस्ट के लक्षण, सीपीआर एवं आपात स्थिति से उबरने के बारे में समझाया। पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से सीपीआर की प्रक्रिया को दिखाया गया। इस मौके पर एसीएस राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, डॉ. पंकज एल जानी, विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

**हालात** 39 जिलों में सेटेलाइट से 15 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच ट्रेस हुईं घटनाएं, 193 में पराली जलाने की पुष्टि

# प्रदेश में बढ़ा पराली जलाने का ग्राफ, एक माह में 528 घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

| वर्ष | घटना |
|---|---|
| 2021 | 460 |
| 2022 | 85 |
| 2023 | 312 |
| 2024 | 528 |

**6.37** लाख रुपये वसूला गया ढाई व पांच हजार रुपये के हिसाब से कुल जुर्माना

**24** कंबाई मशीन सीज की गई बिना एसएमएस ब्लेड के कटाई करने पर

> प्रदेश में सेटेलाइट से कुल 528 घटनाएं ट्रेस हुईं थी। सभी जगह लोकेशन के आधार पर मौके पर टीमें भेजी गईं। लेकिन 193 घटनाएं ही पराली की मौके पर मिलीं। 146 घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई। जबकि शेष में कूड़ा आदि जलता मिला।
>
> -जेपी चौधरी, युक्त निदेशक, कृषि अभियंत्रण, कृषि निदेशालय

**अमृत विचार :** तमाम कवायद के बावजूद प्रदेश में फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाएं इस वर्ष धान की कटाई के शुरुआती दौर में तेजी से बढ़ गईं। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 39 जिलों में सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग से कुल 528 पराली जलाने की घटनाएं ट्रेस की गईं हैं। लोकेशन के आधार पर कृषि विभाग ने मौके पर जांच कराई तो 193 की पुष्टि हुई।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक पराली जलने की घटना अलीगढ़ में 114, सम्भल 79, मथुरा 46, बाराबंकी 41, शाहजहांपुर 28, सीतापुर 27, बुलंदशहर 23, गौतमबुद्ध नगर 17, मुरादाबाद 16, पीलीभीत 14, बदायूं व रामपुर में 12-12 ट्रेस हुई हैं। पिछले चार वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक घटनाएं हुई हैं। इधर, कृषि विभाग का दावा है कि सूचना और लोकेशन मिलते ही फौरन टीमें मौके पर पहुंचीं तो पराली जलाने की 193 घटनाएं ही मिलीं। जबकि 164 घटनाओं में कूड़ा व अन्य चीजें जलती मिलीं। जिसका धुआं सेटेलाइट में ट्रेस हुआ। मिर्जापुर में आग की लोकेशन वाली जगह पर सोलर पैनल लगे मिले। जिनका सेटेलाइट से तापमान ट्रेस हुआ था। जबकि 146 घटनाओं की लोकेशन में खेतों पर धान में आग नहीं मिली तो कुछ जगह खेत ही ढूंढे नहीं मिले।

# प्रदेश में 21 गोदामों का होगा कायाकल्प

- 10 जिलों में स्थित हैं गोदाम उप्र राज्य भंडारण निगम को मिला 15.14 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने फतेहपुर, गोरखपुर, इटावा, फर्रुखाबाद, महोबा, हरदोई, गाजीपुर, शाहजहांपुर, बुलंदशहर व गाजियाबाद जिले में स्थित जर्जर हो चुके 21 गोदामों की भंडारण क्षमताओं में वृद्धि के लिए 15.14 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस राशि से राज्य भंडारण निगम गोदामों का कायाकल्प करेगा।

बुलंदशहर के नवीन मंडी में पार्ट-ए, पार्ट-बी व पार्ट-सी में स्थित 3 गोदामों के कायाकल्प पर 3 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी। वहीं, बुलंदशहर के सिकंदराबाद में स्थित गोदाम में 44.46 लाख, शाहजहांपुर के जमौर-ए के पार्ट-ए स्थित गोदाम में 1.9 करोड़, जमौर-ए के पार्ट-बी में 67.34 लाख, जमौर-ए के पार्ट-सी में 73.36 लाख, जमौर-सी के पार्ट-ए में 1.16 करोड़, जमौर-सी के पार्ट-बी में 97.23 लाख तथा जमौर-सी के पार्ट-सी में 26.09 लाख से विकास कार्य होंगे।

गोरखपुर के गीडा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोदाम में 1.35 करोड़ तथा चौरी-चौरा में 39.60 लाख रुपये से गोदाम का कायाकल्प होगा। गाजीपुर के जंगीपुर पार्ट-ए व पार्ट-बी में क्रमशः 26.25 लाख व 1.31 करोड़ रुपये की धनराशि से गोदामों का काम होगा।

इटावा के सराय ऐसार में 39.68 लाख व भरथना में 18.22 लाख, फतेहपुर के जहानाबाद में 18.39 लाख, फर्रुखाबाद के खिमसेपुर में 32.32 लाख, महोबा के जैतपुर में 24.69 लाख, गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद में 50.10 लाख रुपये व हरदोई के संडीला में 1.12 करोड़ की लागत से गोदामों में सभी निर्माण, रख-रखाव व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

दो दिन बाद रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना

34.4° अधिकतम तापमान | 20.2° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में आइटा मेंस चैंपियनशिप में एकल वर्ग का फाइनल- 8 :15 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में जैविक विकास पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में वैज्ञानिक रखेंगे विचार- 9 :00 बजे।
- एआर जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में यूपी, हरियाणा के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच- 9 :30 बजे।
- लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकीनाथ हाल में गृहकर समाधान शिविर- 10 :00 बजे।
- विश्वेश्वरैया सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का 39 वां अधिवेशन- 12 :15 बजे।

# हादसे रोकने को प्रत्येक जिले में बनेंगी दो मॉडल सेफ रोड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अधिक दुर्घटना वाली सड़कों को चिह्नित करेगा परिवहन विभाग

**अमृत विचार:** सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रत्येक जिले में एक नेशनल और एक स्टेट हाईवे को मॉडल सेफ रोड बनाया जाएगा। इसके लिए उन सड़कों को चिन्हित किया जाएगा, जहां तीन वर्ष में 10 से अधिक सड़क हादसे हुए हैं। सड़कें चिन्हित करने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग को दी गई है। मॉडल सेफ रोड पीडब्ल्यूडी बनाएगा। दोनों विभागों ने काम शुरू कर दिया है।

लोक निर्माण विभाग में सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी बताते हैं कि केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश में कवायद कर दी गई है। इस संबंध में पहली बैठक 19 सितंबर को हुई थी। प्रस्तावित मॉडल सेफ रोड का आडिट कराया जाएगा। आडिट में मॉडल सेफ रोड में आने वाली दिक्कतें दूर करने के संबंध में प्रस्ताव बनाया जाएगा। इस प्रस्ताव पर अगली सड़क सुरक्षा की बैठक में रखकर मंजूरी ली जाएगी। इसके बाद पीडब्लूडी मॉडल सेफ रोड बनाने के लिए काम शुरू करेगा।

**2023** में 70 फीसदी हादसे नेशनल व स्टेट हाईवे पर हुए

**25000** हादसों में 13700 लोगों की जान चली गई

**मॉडल सेफ रोड पर ये सुधार होंगे**
- दुर्घटना के कारण का पता लगाएंगे।
- सड़क की डिजाइन की जांच होगी
- सुधार के कारणों को चिन्हित करेंगे
- स्पीड ब्रेकर, दिशासूचक बोर्ड लगेंगे
- सभी हादसे की वजह की रिपोर्ट बनेगी

"एक अक्टूबर को शासन की ओर से कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है। सभी आरटीओ को मॉडल सेफ रोड चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। जहां लोक निर्माण मॉडल सेफ रोड की आडिट कराते हुए कार्ययोजना तैयार करेंगे। इससे काफी हद तक सड़क हादसे रोकने में कामयाबी मिलेगी।

-पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

## आरटीओ कार्यालय से बिचौलियों को भगाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरटीओ कार्यालय पर गुरुवार शाम टीपी नगर पुलिस इंचार्ज ने छापा मारकर बिचौलियों को बाहर भगाया। सूत्रों के मुताबिक, कार्यालय में बिचौलिए हावी हैं। काउंटर नंबर 1 से 15 तक आवेदक चक्कर काटते रहते हैं। आरटीओ संजय कुमार तिवारी का कहना है कि कार्यालय में बिचौलियों का प्रवेश प्रतिबंधित हैं। बाहरी आदमी बाबू के काउंटर पर कार्य मिला तो कार्रवाई होगी।

# गुमराह कर 4 करोड़ में बेच दी पुश्तैनी जमीन

## उजरियांव गांव का मामला, जनता अदालत में भू-माफिया के खिलाफ शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विजय खंड क्षेत्र के एक व्यक्ति की पुश्तैनी नौ बीघा जमीन को गुमराह कर नौकर के नाम पावर ऑफ अटॉर्नी बना चार करोड़ रुपये में बेच दी गई। उसे मात्र छह लाख रुपये दिए गए। कब्जा करने वाले के खिलाफ शिकायती पत्र दिए गए लेकिन कार्रवाई नहीं होती है। खास बात यह है कि शिकायतकर्ता ने आरोपी को दबंग बताते हुए एलडीए की जमीन कब्जा कर बेचने का भी आरोप लगाया है।

इस आशय की शिकायत गुरुवार को एलडीए के पारिजात सभागार में आयोजित प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत में विजय खंड क्षेत्र के उजरियांव गांव निवासी मंजर अली ने की। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम के साथ शिकायतें सुनीं।

फरियादी मंजर अली ने बताया कि उसके क्षेत्र में भू-माफिया का गिरोह सक्रिय है। जो निजी व एलडीए की जमीन कब्जा करके बेचता है। इस दौरान कुल 36 प्रकरण आएं, जिनमें नौ का मौके पर निस्तारण किया गया। विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, वंदना पांडेय, देवांश त्रिवेदी एवं रवि नंदन सिंह समेत अन्य अधिकारी रहे।



गोमतीनगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित जनता अदालत में समस्याएं सुनतीं अधिकारी वन्दना पांडेय। अमृत विचार

▸▸ नौकर को पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर बेची थी चार करोड़ की जमीन

### सड़क के लिए खरीदी जमीन निर्माण कर बंद कर दिया रास्ता

विराज खंड निवासी धीरज पाल सिंह व अभय कृष्ण श्रीवास्तव अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। बताया कि दोनों का मकान आमने-सामने हैं, जबकि बीच में सड़क और उसके अंदर की तरफ एक व्यक्ति का मकान है। जिसने वाहन खड़ा करने और आने-जाने के लिए एलडीए से सड़क के लिए जगह खरीदी थी। शर्त थी कि वह जमीन पर पक्का निर्माण नहीं करेगा। इसके बाद भी दीवार व गेट लगाकर जगह घेर ली। इससे वाहन पार्क करने की जगह नहीं है।

### तीन दिन में मांगी अवैध निर्माण को लेकर रिपोर्ट

जनता अदालत में पुराना हैदरगंज निवासी राम विलास श्रीवास्तव ने बताया कि सरोजनी नगर तहसील के ग्राम-मौदा में बिल्डर अशोक कुमार, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद मुईद्दीन, फिरोज अहमद व अन्य लोगों ने अवैध कॉलोनी व रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। सचिव ने प्रवर्तन जोन-3 के अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर जांच व कार्रवाई करके रिपोर्ट मांगी है। इसी तरह आलमबाग के भिलावां निवासी अजय सिंह की शिकायत पर ओमनगर में सुजानपुरा रोड पर हो रहे एक अवैध निर्माण की तीन दिन में रिपोर्ट तलब की है।

# लखनऊ-हरदोई के बीच चलेंगी चार नई नॉनस्टॉप रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ से हरदोई तक चार नॉन स्टॉप नई बसें चलाएगा। करीब 110 किलोमीटर के सफर में बसों को बीच में संडीला में स्टॉपेज दिया जाएगा। बसें चलने से दिवाली पर यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। निगम अधिक यात्रियों की संख्या वाले सभी रूटों पर बसें बढ़ाने जा रहा है। नई साधारण बसें निगम के बेड़े में जुड़ने लगी हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ से हरदोई के लिए यात्रियों की संख्या अधिक रहती है। लिहाजा इस रूट पर चार नई नॉनस्टॉप बसें चलाई जाएंगी। बसें लखनऊ से चलकर बीच में संडीला में रुकेंगी। अगला स्टॉपेज हरदोई ही होगा। कैसरबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद यादव ने बताया कि कैसरबाग बस स्टेशन से प्रायोगिक तौर पर नान स्टाफ बसों का संचालन शुरू कराया जा रहा है। एक से दो दिन में संचालन शुरू हो जाएगा। नई बसों का किराया साधारण बसों के समान ही होगा।




चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों की भीड़। अमृत विचार

### बदले रास्ते से चलेगी बलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग के कारण एक जोड़ी ट्रेन का मार्ग बदला गया है। आनन्द विहार टर्मिनस से 19 अक्टूबर को चलने वाली 22428 आनन्द विहार टर्मिनस-बलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज जं. प्रयागराज रामबाग- वाराणसी के बजाए कानपुर सेन्ट्रल-लखनऊ जंघई-वाराणसी के रास्ते चलाई जाएगी। बलिया से 20 अक्टूबर को चलने वाली 22427 बलिया-आनन्द विहार एक्सप्रेस तय मार्ग बनारस- प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. कानपुर सेन्ट्रल के स्थान के बजाए बनारस-जंघई-लखनऊ के रास्ते चलाई जाएगी।

### नवंबर तक चलेगी मुजफ्फरनगर-आनंद विहार ट्रेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मुजफ्फरनगर-आनंद विहार टर्मिनल (05283/05284) के संचालन का विस्तार कर दिया है। 05283 मुजफ्फरनगर-आनंद विहार टर्मिनल 21 अक्टूबर से बढ़ाकर 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक चलेगी। 05284 आनंद विहार टर्मिनल मुजफ्फरनगर 22 अक्टूबर से बढ़ाकर 23 अक्टूबर से 1 दिसम्बर तक चलेगी।

## एक नजर

### नगर निगम में जीआईएस समाधान दिवस आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में होगा। भवन स्वामी जीआईएस सर्वे में भवनों के पुनरीक्षित कर निर्धारण के विरुद्ध आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। समाधान दिवस में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं सम्बन्धित जोनल अधिकारी तथा जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### अवर अभियंताओं के जोन में हुआ बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के अवर अभियंताओं के जोन में बदलाव किया गया है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जोन-4 के साथ जोन 1, 2 व जोन 3 का अतिरिक्त प्रभार देख रहे विकास सिंह को जोन 3 की जिम्मेदारी दी गई है। जोन-5 के साथ जोन-8 का अतिरिक्त प्रभार देख रहे अपूर्व पांडे को जोन-4 स्थानांतरित किया है। जोन-8 के साथ जोन-1 का अतिरिक्त प्रभार देख रहे अभिषेक गुप्ता को जोन-6 भेजा गया है। सन्नी विश्वकर्मा को जोन-3 से 4, रमन कुमार सिंह को जोन-6, सदानन्द प्रसाद को जोन-7 और राजेन्द्र प्रसाद को जोन-8 की जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही सहायक अभियंताओं के जोन में परिवर्तन किया जाएगा।

### छुट्टा जानवर ने किया महिला पर हमला

**अमृत विचार, पीजीआई :** गोपाल नगर तेलीबाग में मोनिका सक्सेना गुरुवार को बच्चों को लेने सेंट फ्रांसिस स्कूल जा रही थीं। छुट्टा जानवर ने उनको दौड़ा लिया, वह सड़क पर गिरकर तरह घायल हो गईं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पार्षद व नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई लेकिन छुट्टा गाय, सांड और आवारा कुत्तों को पकड़ा नहीं गया।

# लापरवाही पर इंस्पेक्टर को हटाया, दो दरोगा निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस कमिश्नर के पीआरओ को बनाया गया आलमबाग कोतवाली प्रभारी

**अमृत विचार :** टेंट कारोबारी के मामले में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर ने आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिवशंकर महादेवन को हटा दिया है। इसी तरह सामाजिक सौहार्द बिगड़ने के मामले में लापरवाही मिलने पर निलमथा चौकी प्रभारी और एक बीट प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।

कैंट निलमथा में नवरात्र पर 10 अक्टूबर को मंदिर में दुर्गा की मूर्ति खंडित कर दी गई थी। इस मामले में हिंदू वादी संगठनों और लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। माहौल बिगड़ने की स्थिति बन गई थी। इस मामले में इब्राहिमपुर वार्ड प्रथम के पार्षद बृजमोहन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस-प्रशासन ने मिलकर नई मूर्ति स्थापित कराकर मामला शांत कराया था। एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक मामले में चौकी प्रभारी निलमथा अजय कुमार की लापरवाही सामने आई है। इस पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उधर, आठ अक्टूबर की शाम बाजारखाला के खटरा खुदा यार खां मोहल्ला स्थित लंबदेश्वर शिव मंदिर के बाहर मांस फेंकने के मामले में दरोगा लखन लाल को निलंबित किया गया है। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक अलीजा ने लम्बदेश्वर शिव मंदिर के बाहर बैठे स्ट्रीट डॉग को मांस के टुकड़े फेंके थे। इस मामले में बीट प्रभारी लखन लाल की लापरवाही सामने आई। इसके कारण क्षेत्र का साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ सकता था। विधान भवन के सामने 7 अक्टूबर को बिजली ठेकेदार मुन्ना ने पेट्रोल डालकर आग लगा ली। उनकी दो दिन पहले इलाज के दौरान मौत हो गई। मुन्ना ने टेंट कारोबारी रंजीत चक्रवर्ती पर 8 लाख रुपये न देने और आलमबाग पुलिस पर कारोबारी की मदद करने का आरोप लगाया था। इसके चलते पुलिस कमिश्नर ने इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन को आलमबाग कोतवाली से हटाकर कैसरबाग कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक बना दिया गया है। कमिश्नर के पीआरओ कपिल गौतम को आलमबाग का नया प्रभारी बनाया गया है।

### शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण

**अमृत विचार मलिहाबाद :** मलिहाबाद कोतवाली में एक महिला ने प्रेमी के खिलाफ यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आरोप है कि आरोपी ने तमंचा तानते हुए दुष्कर्म किया। फिर निकाह का झांसा देकर करीब तीन साल तक शारीरिक शोषण करता रहा। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह ने बताया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है फिलहाल तहरीर के आधार पर आरोप की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




**अतिक्रमण** गोमती नगर स्थित लोहिया अस्पताल के बाहर सड़क पर लगीं दुकानों के कारण अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क संकरी होने के कारण कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती हैं। अमृत विचार

## समस्याओं का समाधान न हुआ तो 24 से प्रदर्शन करेंगे रोडवेज कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ:** रोडवेज कर्मचारी संघ चारबाग डिपो शाखा की ओर से गुरुवार को सरोजनीनगर के नादरगंज अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में बैठक हुई। इसका नेतृत्व संरक्षक मोहम्मद नसीम और अध्यक्ष अब्दुल करीम व मंत्री राजेश कुमार शुक्ला ने किया। इसमें समस्याओं का जल्द निराकरण न होने पर 24 अक्टूबर को अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसको लेकर संगठन की ओर से चारबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। मांगों को लेकर 24 जून और 6 जुलाई को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से वार्ता हुई लेकिन समाधान नहीं किया गया।

# सुबह और शाम होने लगी गुलाबी ठंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम के बदले मिजाज से अब ठंड का एहसास होने लगा है। सुबह-शाम को गुलाबी ठंड हो रही है तो दिन में चटख धूप खिल रही है। गुरुवार को सुबह से ही चटख धूप खिली थी। चटख धूप के साथ हल्की हवा चलने के कारण गर्मी का एहसास नहीं हुआ।

अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से .7 और न्यूनतम तापमान सामान्य से .8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि दो दिन बाद रात के तापमान में गिरावट होगी और ठंड का एहसास होगा। अधिकतम तापमान 33 से 34 और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

# चन्दियामऊ में 36 लाख की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने ग्राम चन्दियामऊ में 36 लाख मूल्य की 18,00 वर्गफिट सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। गाटा संख्या 153 खलिहान में दर्ज भूमि पर गांव के सुरेन्द्र का कब्जा था।

अस्थायी कब्जे को जेसीबी मशीन से ईटीएफ टीम की उपस्थिति में विरोध के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया। कब्जा हटाने के दौरान अतिक्रमणकर्ता सुरेन्द्र द्वारा कुछ अन्य सरकारी जमीनों पर भी कब्जे की शिकायत प्राप्त हुई। अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध एफआईआर के लिए थाना बीबीडी में तहरीर दी गई है।

### तालाब की जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में सनसिटी कालोनी के पास तालाब की जमीन पर कुछ अज्ञात लोग मिट्टी डालकर कब्जा कर रहे हैं। पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को पत्र लिखकर कब्जा रोकने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम कंचनपुर मटियारी के खसरा संख्या 617 जो सनसिटी कालोनी और गोविंद विहार कालोनी के बगल में है। इस पर भू-माफिया द्वारा 3 दिनों से लगभग 200 डम्पर मिट्टी डालकर आधे तालाब पर कब्जा किया जा रहा है। पूर्व पार्षद ने नगर आयुक्त से जमीन की पैमाइश कराके नगर निगम का बोर्ड लगाने और डाली गयी मिट्टी तालाब से निकलवाने के साथ कब्जा करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की है।

## कारोबार

करवाचौथ 20 को, बाजारों में रौनक बढ़ी, मिट्टी, सोने-चांदी के डिजाइनर करवा डिमांड में, सर्राफा बाजार में भीड़

# सोने का करवा 4 लाख और चांदी का 10 हजार रुपये में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आगामी 20 अक्टूबर को करवा चौथ का पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले ही बाजारों में जबरदस्त रौनक है। ज्वेलरी और कपड़े के शोरूम में भीड़ है।

अपनी जेब के मुताबिक मिट्टी, पीतल, सोने और चांदी का करवा खरीदने वाले ग्राहकों से शहर के बाजार पटे पडे.हैं। वजन के हिसाब से चांदी और सोने का करवा बाजार में धूम मचा रहे हैं। चांदी का करवा चलनी 10 हजार और सोने का करवा 4 लाख रुपये का है।

खरीदारों को तरह-तरह के लुभावने ऑफर शोरूम में दिए जा रहे हैं। लहंगा और बनारसी साड़ियों की डिमांड है।



अमीनाबाद बाजार में लगी मिट्टी के करवा, पूजा की थॉली व अन्य सामग्री की दुकान।

### मिट्टी के डिजाइनर करवा 40 से 250 तो पीतल के 1500 रुपये तक

ज्यादातर महिलाएं बाजार में उपलब्ध मिट्टी के करवे की खरीदारी कर रही हैं। पीतल के करवा भी लोग जमकर खरीद रहे हैं। बाजार में मिट्टी के करवों की खासी मांग है। अमीनाबाद, यहियागंज, भूतनाथ, आलमबाग आदि क्षेत्रों में मिट्टी के करवों की कीमत 40 रुपये से लेकर 250 रुपये तक है। मिट्टी के डिजाइनर करवा लोग खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं पीतल में 450 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक करवा बाजार में है। महिलायें अपनी सुविधानुसार इन्हें खरीद रहीं हैं।

### चौक में चांदी और सोने के करवा की धूम

सोने का करवा 50 ग्राम का चार लाख का है। चौक सर्राफा के बडे.कारोबारी सिद्धार्थ जैन बताते हैं कि चांदी का सौ ग्राम से लेकर एक किलो तक का करवा बाजार में उपलब्ध है। इसकी कीमत दस हजार से लेकर एक लाख रुपये तक है। चौक और आसपास के क्षेत्र में 50 के करीब बडे.शोरूम हैं। जैन के मुताबिक अब तक चांदी और सोने के 2 हजार करवा इस बडे. बाजार से बेचे जा चुके हैं। इसमें चलनी भी शामिल है। महिलाएं इन्हें एक प्रकार से ठोस बचत के रूप में ले रही हैं। एंटीक जयपुरिया करवा ''ऊं'' और ''स्वास्तिक'' लिखा यह करवा 300 ग्राम से से शुरू होता है। इसकी शुरुआती कीमत 35,000 से 80,000 के बीच है। इसे पसंद किया जा रहा है। चौक सर्राफ आदीश और अमृत जैन ने बताया कि चांदी का करवा खूब बिक रहा है। महिलाएं वजनदार करवा ज्यादा पसंद कर रही हैं। सोने के छोटे करवा खरीदने वाले ग्राहक हैं लेकिन उनकी संख्या सीमित है। स्वर्णकार नितिन गुप्ता ने बताया कि इस बार करवा चौथ के पर्व को लेकर अच्छी दुकानदारी देखने को मिल रही है। इस बार में करवा चौथ पर बिछिया, पायल, नथुनी की अच्छी खरीददारी हो रही है। लेकिन सोने-चांदी के बढ़े भाव के कारण ग्राहकों पर इसका असर पड़ा रहा है।



दुकान में रखा सोने का करवा।

### मेहंदी लगाने वालों की डिमांड

करवा चौथ के मौके पर मेंहदी लगाने वालों की भी डिमांड बढ़ गई है। डिजाइनर मेंहदी लगवाने वाली दुकानों के इर्द-गिर्द भारी भीड़ है।



चांदी का करवा। अमृत विचार

### ब्यूटी पार्लर में करवा चौथ वाले दिन की कराई बुकिंग

पार्लर संचालिका का कहना है कि करवा चौथ के पर्व को लेकर महिलाओं ने करीब एक सप्ताह पहले से ही बुकिंग करा रखी है। जिसके चलते जिन महिलाओं को पहले नंबर लगा हुआ है। उन्हीं को प्राथमिकी दी जा रही है। करवा चौथ वाले दिन की तो जबरदस्त बुकिंग है।

# पेंशनरों ने लंबित मांगों को लेकर उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त पेंशनरों का वार्षिक अधिवेशन दारुलशफा में हुआ। अधिवेशन में बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए। पेंशनरों ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। अधिवेशन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अंगद सिंह और संचालन जिला मंत्री आरसी उपाध्याय ने किया।

अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि जुलाई से देय महंगाई भत्ता व महंगाई की किस्त का निर्णय अब तक नहीं किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस कुशवाहा ने चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए कैशलेश इलाज की व्यवस्था मांगी है। संरक्षक एसपी सिंह और महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने एपीएस के स्थान पर ओपीएस लाभ, कोरोना काल का 18 महीने के दौरान फ्रीज डीए, डीआर के एरियर का भुगतान की मांग की। द्वितीय सत्र में पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। नरेन्द्र प्रताप सिंह को संरक्षक, गद सिंह को अध्यक्ष, गंगाधर निरंकारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरसी उपाध्याय को मंत्री और जीएस कुशवाहा को सम्पेक्षक चुना गया।

अधिवेशन में कमलेश मिश्र आरएस अवस्थी, रमाशंकर श्रीवास्तव, कमल अग्रवाल, एके मिश्र, आरडी कनौजिया, गंगाधर निरंकारी, जीएस कुशवाहा, नरेन्द्र प्रताप सिंह, अम्बरीश अग्निहोत्री, सूर्यदेव सिंह कुशवाहा, कमलेश पाठक, पीएन तिवारी, अफीफ सिद्दीकी उपस्थित रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### यूजीसी नेट का परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नेट का परिणाम घोषित कर दिया गया है। नेशनल एलीजबिलीटी टेस्ट की यह परीक्षा जून की थी, जिसे 21 अगस्त से 5 सितंबर तक सम्पन्न कराया गया था। यूजीसी नेट परीक्षा साल में दो बार होती है जिसमें जून और दिसंबर माह में परीक्षा कराया जाता है। जून 2024 की परीक्षा 21 अगस्त से 5 सितंबर के बीच कराई गई थी। जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यह परीक्षा एनटीए के माध्यम से किया गया था। कम्प्यूटर आधारित 83 विषयों की परीक्षा 11 दिनों में सम्पन्न हुई थी। इसमें 4970 अभ्यर्थियों ने जेआरएफ के लिए उत्तीर्ण किया है। सहायक प्रोफेसर के लिए 53, 694 और पीएचडी के लिए 1,12,070 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

### पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के निदेशक प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि एमबीए, एमसीए, एमएससी (आईटी), बीबीए के 6 छात्रों का सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड ब्रांच एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन किया गया है। इन छात्रों का सालाना पैकेज तीन लाख रुपए है। इन में रेहान अहमद (एमबीए), अंजनेश कुमार तिवारी (एमबीए), नितेश शर्मा (एमएससी-आईटी), रोहन प्रकाश (बीबीए), अमित कुमार गुप्ता (एमसीए), श्याम सुंदर जी पटेल (एमसीए) है। इन छात्रों को कुलपति प्रो. संजय सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह और डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बधाई दी है।

### कम्प्यूटर कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : पुणे इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़निस मैनेजमेंट व एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में बेसिक्स ऑफ़ कंप्यूटर, एमएस, एक्सल, पावरप्वाइंट, एमएस वर्ड पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीआईबीएम से आए रूपक व मुकेश कुमार ने प्रेजेंटेशन को तैयार करने संबंधी जानकारियां दी। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, रिसर्च प्रोजेक्ट, बायोडाटा इत्यादि सरल तरीके से आसान ट्रिक्स के माध्यम से बनाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो रचना श्रीवास्तव, डॉ मोनिका अवस्थी के निर्देशन में टीचर्स रिस्किलिंग कमेटी ने कार्यशाला का आयोजन किया।

# कीट-पतंगे न हों तो खत्म हो जाएगी दुनिया

## लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई तीन दिवसीय कार्यशाला में देश-विदेश से आए जीव वैज्ञानिकों ने जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जलवायु परिवर्तन के कारण कीट-पतंगों की 50 फीसद आबादी हो चुकी है खत्म

अमृत विचार : दुनिया से कीट-पतंगों की आबादी 50 फीसद से अधिक खत्म हो चुकी है। कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। कीट-पतंग खत्म हुए तो दुनिया अपने आप खत्म हो जाएगी, क्यों कीट हमारे जीवन चक्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये चिंताजनक जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुए भारतीय विकासवादी जीवविज्ञानी समाज के 5वें वार्षिक सम्मेलन में इंग्लैंड, डेनमार्क और स्वीडन के वैज्ञानिकों ने दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुए 5वें सम्मेलन में देश-विदेश के 200 वैज्ञानिक शामिल होने आए हैं। कीट कैसे व्यवहार करते हैं, कैसे वंशवृद्धि करते हैं, कैसे संदेश देते हैं और समूह में क्यों रहते हैं, ऐसे विभिन्न विषयों पर तीन दिनों की कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें जीव वैज्ञानिकों ने मछलियां झुंड में क्यों रहती हैं, हाथी एक-दूसरे से संवाद कैसे करते हैं और मक्खियां कैसे अपना व्यवहार बदलती हैं, इन रोचक विषयों पर जानकारी दी।

कार्यशाला में शामिल हुए ब्रिटेन के जीव वैज्ञानिक प्रो. टॉम त्रिगांजा ने तीन दशकों से झींगुरों की तीन से चार पीढियों पर शोध कर चुके हैं। 20 से अधिक वर्षो से झींगुरों के निवास पर कैमरा लगाकर दिनरात उनकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दशकों में झींगुरों की आबादी घट रही है। 20 साल पहले झींगुरों की जो आवाज थी, वह बदल गई है। जलवायु परिवर्तन का खामियाजा उनको भी भुगतना पड़ रहा है।


अमित त्रिपाठी।


कृष्णमेघ कुंटे।


टॉम त्रिगांजा।

### खत्म हो रहे गौरैया, गिद्ध

मैसूर के जीव वैज्ञानिक डॉ मेवा सिंह ने बताया कि, गौरैया और गिद्ध के जीवन पर संकट है। गौरैया पेड़ों की बजाए घरों और मानव आबादी के आसपास रहना पसंद करती हैं। पहले हमारे घरों में गौरैया को घोसला बनाती थी, लेकिन नए जमाने के घरों में उनके घोसला बनाने की गुजांइश खत्म हो गई है। जिससे उनकी प्रजनन दर भी कम होती जा रही है। पर्यावरण का सफाई कर्मी कहे जाने वाला गिद्ध डाईक्लोफिनैल के कारण मर रहे हैं। इसका कारण जानवरों को खिलाई जाने वाली दर्द निवारक दवा है।

### तितली, कुत्तों, मछली के बारे में दी जानकारी

यूनिवर्सिटी ऑफ़ मैसूर और सेंटर फ़ॉर ह्यूमन जेनेटिक्स बैंगलोर के प्रो. एचए रंगनाथ, आईआईएसईआर कोलकाता डॉ. अनिंदिता भद्रा ने आवारा कुत्तों के परिवारों और उनके आपस में सहयोग करने के तरीके के बारे में बात की। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के डॉ. अमित त्रिपाठी ने मोनोजीनियन नामक मछली परजीवी कृमियों पर विवरण प्रस्तुत किया। नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज बैंगलोर के डॉ. कृष्णमेघ कुंटे ने मॉर्मन तितली के बारे में बताया। मोहाली के डॉ. एनजी प्रसाद के प्रतिरक्षा कार्य की अनुवांशिकता को समझने में खोज की जानकारी दी। डॉ. यशराज चव्हाण ने चर्चा की कि कैसे बहुकोशिकीय जीव एककोशिकीय जीवों से विकसित हुए होंगे। अभिषेक नायर, बोधिसत्व नंदी, देबर्पिता दास, शुभा गोविंदराजन, बनजा, भव्या ने भी जानकारी दी। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ गीतांजली मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

# बीटेक में रिक्त सीटों की स्पेशल राउंड की काउंसिलिंग आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सरकारी व स्ववित्त पोषित संस्थानों में खाली सीटों पर स्पेशल राउंड की काउंसिलिंग शुक्रवार को होगी। इसमें जेईई के तहत बीटेक व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी और एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग व सीट आवंटन किया जाएगा।

काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। काउंसलिंग विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य भवन में चौथे तल पर हॉल में होगी। फिजिकल रिपोर्टिंग सुबह 9:30 से 11 बजे के बीच करना होगा। इसके लिए 27 काउंटर बनाए गए हैं। सीट अलॉटमेंट 12: 30 बजे से होगा। सभी अभ्यर्थियों को जरूरी प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित दो प्रतियां, ओरिजनल डॉक्यूमेंट लाना अनिवार्य होगा।

70 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट भी जमा करना होगा। काउंटर पर अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच होगी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने काउंसलिंग की तैयारियों का जायजा लिया।

### 20 को होने वाली उप्र प्राविधिक शिक्षा सेवा परीक्षा स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रवक्ता पद के लिए उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा सेवा परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा 20 को अक्टूबर को होनी थी। 8 विषयों की परीक्षा होनी थी। आयोग के उपसचिव धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने परीक्षा में सेंधमारी की साजिश के चलते दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दरअसल भदोही के इंडियन इंस्टीटयूट आफ कारपेट तकनीकी के निदेशक राजीव कुमार वाष्र्णेय ने आयोग को शिकायत भेजी थी। इस शिकायत में एक ऑडियो क्लीप भेजा गया था। जिसमें उनके कार्यालय के कर्मचारी राजीव वर्मा की आवाज होने की जानकारी दी। कर्मचारी पॉलीटेक्निक प्रवक्ता भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने की बात कर रहा है।

# नैनो दवाएं बनेंगी कैंसर को रोकने में सहायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में 11 वें विशेष सामान्य व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें फ्रांस से आए प्रो. सर्ज मिग्नानी ने व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि नैनोमेडिसिन अनुसंधान का उद्देश्य नैनोकणों को दवा के रूप में या कैंसर जैसी बीमारियों से निपटने के लिए नैनो दवाओं के रूप में विकसित करना है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि नैनो औषिधियां नई दवाओं के विकास में कैसे सहायक होंगी।

नैनोकणों का उपयोग करके प्री-क्लीनिकल और क्लिनिकल परीक्षणों के परिणाम उत्साहजनक हैं। नैनोसाइंस के इस उभरते क्षेत्र द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों की प्रचुरता के बारे में बहुत उत्साह है, खासकर ऑन्कोलॉजी में। कैंसर नैनोमेडिसिन के भविष्य पर चर्चा करते हुए कुछ नैनोकणों के बारे में विश्लेषण किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा शुक्ला ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। सीडीआरआई के कुछ वैज्ञानिकों के साथ-साथ विभाग के संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों ने भी भाग लिया। प्रो. वीके शर्मा ने उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. नीरज कुमार मिश्रा ने श्रोताओं से प्रो. मिग्नानी का परिचय कराया।

### भाषा विश्वविद्यालय में कार्यशाला संपन्न

अमृत विचार, लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में 7 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

गृह विज्ञान विभाग की डॉ. तत्हीर फात्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और उद्यमशीलता को विकसित करना था। छात्रों को विभिन्न कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। दिन-प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की कल्पना और नवाचार सिखाया गया। विद्यार्थियों ने चूड़ियां सजाना, कृत्रिम बालियां, कंगन, रिस्टबैंड बनाना सीखा। आयोजन में डॉ. कल्पना देवी, डॉ. कीर्तिमा सचान और डॉ. ज़ैनब मौलाई की भूमिका रही।

# विज्ञान मेले में गोरक्षनगरी की टीम प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ टीम के बाल वैज्ञानिकों ने जीते 98 स्वर्ण पदक

▸▸ राष्ट्रीय मेले में जयपुर में प्रतिभाग करेगी टीम

अमृत विचार: राजधानी में हुए विज्ञान मेले में 98 स्वर्ण पदक जीतकर गोरक्ष नगरी (गोरखपुर) के बाल वैज्ञानिकों ने पहला स्थान प्राप्त किया है। ये टीम नवंबर में जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान मेले में प्रतिभाग करेगी।

तीन दिवसीय विज्ञान मेले के समापन सत्र को विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैज्ञानिक परंपरा का देश है। हमारे ऋषि पूरी दुनिया को राह दिखाते रहे हैं। आधुनिक काल में भी हमारे वैज्ञानिक गगनयान और चंद्रयान को सफल करके इतिहास रच चुके हैं। मेले में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जिलों के 360 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। बाल वैज्ञानिकों ने 160 माडल प्रस्तुत किए। समापन कार्यक्रम में विद्या मंदिर की छात्राओं ने एकल गीत प्रस्तुत किया। दिव्यकांत शुक्ल, रामजी सिंह, दिनेश सिंह, उमाशंकर मिश्र, राजेंद्र बाबू, डॉ शैलेष मिश्र, विनय मिश्र, संतोष कुमार सिंह, सुशील कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।


जनपद स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कार वितरण

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार ने किया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी था। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने 7 विषयों पर क्रियाकारी और स्थिर मॉडल प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य राज्य की जुबली इंटर कॉलेज की ओर से प्रमाण पत्र दिए गए। सह जिला विद्यालय निरीक्षक आंग्ल भारतीय भाषा मनीषा द्विवेदी व प्रधानाचार्य डॉक्टर आशुतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# जो संस्कृत और संस्कार से युक्त, वही मनीषी : प्रो. मनोज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तीन दिवसीय संस्कृत सेमिनार संपन्न

अमृत विचार: महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान उज्जैन, लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत और प्राकृत भाषा विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार का समापन हो गया। वैदिक संस्कार की उपयोगिता विषय पर सेमिनार में वक्ताओं ने विचार रखे।

मुख्य अतिथि प्रो मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि जो संस्कृत और संस्कार से युक्त है वही मनीषी है। उन्होंने शब्द का संस्कार करने से ब्रह्म तत्व की व्याख्या पर प्रकाश डाला। पृथ्वी का संस्कार करने से जल तत्व बचेगा इसी प्रकार से सभी तत्वों का संस्कार करने पर सिर्फ़ ब्रह्म तत्व रह जाएगा। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रो वाचस्पति मिश्र ने नव दुर्गा के माध्यम से स्त्री जीवन की समग्रता को प्रस्तुत किया। अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्याय की प्रो संगीता साहू जी ने कहा स्वयं में सुधार करने से ही संस्कार उत्तम होंगे। उन्होंने कहा कि संस्कृत की अवधारणाएं बहुत मजबूत हैं। इसके माध्यम से मानव के जीवन में सुधार की अत्यधिक संभावना है। मुख्य वक्ता संस्कृत विभाग कुरुक्षेत्र हरियाणा के अध्यक्ष प्रो राजेश्वर मिश्र ने कहा भर्तहरि ने कहा था कि जब तक आप शब्द को नहीं जाना जाएगा तब तक ब्रह्म को नहीं जाना जा सकता है।


संस्कृत सेमिनार में बोलते वक्ता। अमृत विचार

प्राकृत भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ अभिमन्यु, डॉ. रोशन सिंह, कुंजबिहारी पांडेय और आकाश मिश्र, प्रो. डॉ सत्यकेतु, डॉ. अशोक शतपथी, गौरव सिंह, डॉ. भुवनेशरी भारद्वाज, डॉ. शोभा राम दुबे, डॉ. अनिल कुमार पोरवाल, डॉ. विपिन पाण्डेय, डॉ. अनुज कुमार शुक्ल, डॉ. विष्णुकान्त शुक्ल, डॉ. प्रवीण बाजपेयी, कोमल सिंह, प्रियांशी तिवारी, वैशाली, नीरज, दुर्गेश, मंजू आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षकों को दीपावली से पहले वेतन देने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊः शिक्षक संगठनों के लगातार दबाव के चलते अधिकारियों ने दीपावली से पहले वेतन के भुगतान की प्रकिया तेज कर कर दी है। ज्यादातर स्कूलों के शिक्षकों के वेतन बिल पारित कर भुगतान के लिए भेज दिया है। गैर जिलों से तबादले में आए करीब 60 शिक्षकों के वेतन भुगतान का मामला अभी भी फंस हुआ है। उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने डीआईओएस से भेंट कर वेतन, बोनस भुगतान व अन्य मुद्दों पर वार्ता की। वार्ता में जिला अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद, उपाध्यक्ष विनीता त्रिपाठी, संगठन मंत्री अक्षय अस्थाना मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

**आक्शन कैटलाग नं: BSB 27 PARKING 24**

**(1) कार्य का विवरण:** वाराणसी सिटी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। **अवधि:** 03 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि:** 31-10-2024, **ई-नीलामी का समय** 11:00 बजे से 11:30 बजे तक **(2) कार्य का विवरण:** देवरिया सदर स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। **अवधि:** 03 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि:** 31-10-2024, **ई-नीलामी का समय** 11:00 बजे से 11:40 बजे तक

**नोट:** ♦ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन रू. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी, जिसका भुगतान/कटौती उसी खाते से होगी। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के *E-Auction Leasing Section* मे उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी**

मुजाधि/वाणिज्य-161

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।**

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/ हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-18-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24 |
| 2. | **कार्य का नाम :** ओएचई संशोधन कार्य के सम्बन्ध में : (i) अमेठी-लखनऊ खंड में एलसी गेट संख्या 182/सी और 188/सी के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध, (ii) राय बरेली-उतरेटिया खंड में एलसी गेट संख्या 175/बी (किमी 1025.059) के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध में |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 43,50,052.49 |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 87,000.00/- |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 6. | **निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 14.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी-18-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24 दिनांक: 15.10.2024** **3204/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# वाल्मिकी ने आदर्श राज्य की परिकल्पना की थी : कुलपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ महर्षि की जयंती पर पुनर्वास विवि में व्याख्यान का हुआ आयोजन

अमृत विचार: महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में वाल्मीकि रामायण में मानवीय मूल्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि वाल्मीकि ने एक ऐसे आदर्श राज्य की परिकल्पना की थी, जहां प्रजा की सुरक्षा और खुशहाली हो, जहां धर्म और अर्थ, दोनों की अभिवृद्धि हो। उन्होंने संस्कृत में कहा कि न चाति प्रतिकूलेन नाविनीतेन राक्षस अर्थात जनता के प्रतिकूल चलने वाले राजा से राज्य की रक्षा नहीं हो सकती। मुख्य अतिथि प्रो. राम सुमेर यादव ने कहा कि व्यवस्था कैसी भी हो, पर जनता का हित सर्वप्रमुख है। जहां जनता का हित उपेक्षित है, वहां जनता द्वारा व्यवस्था भी उपेक्षित हो जाती है। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, धन्यवाद ज्ञापन स्थायी समिति की संयोजिका डॉ. आद्या शक्ति राय व संचालन डॉ. विजेता दुआ ने किया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

अमृत विचार, चौक : श्री शिशुबाल रामलीला समिति के द्वारा चौक स्थित नेपाली पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 17 अक्टूबर 2024 से श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया। इस सात दिवसीय आयोजन का आयोजक प्रदीप टंडन और रीता टंडन द्वारा किया गया है। पंडित हरि ओम शर्मा, वृंदावन द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है।कथा वाचक बोले- जो लोक धर्म खंडन करें उसको पाखण्ड कहते हैं। इसके अलावा उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उपदेशों का गहन वर्णन कर रहे हैं।

# भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को दें योजनाओं का लाभ : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नगर निगम, महिला कल्याण, डूडा, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों को चिह्नित करने के निर्देश

अमृत विचार: भिक्षावृत्ति, निराश्रित और बालश्रम में लगे बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा जाए। साथ ही उनको सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति, निराश्रित और बालश्रम में लगे बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए। समाज कल्याण विभाग और डूडा की ओर से स्लम बस्तियों में शिविर लगाकर पात्रों को चिह्नित किया जाए।

चौराहों पर भिक्षा मांगकर जीवनयापन करने वाले बच्चों और उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए। नग निगम, समाज कल्याण, महिला कल्याण, डूडा, जिला पूर्ति विभाग और एनजीओ आपस में समन्वय स्थापित करते हुए ऐसे बच्चों को शासन की ओर से संचालित योजनाओं से जोड़ें। भिक्षावृत्ति में लगे बच्चे और उनके परिवार का जीवन बेहतर हो सके।

बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एडीएम पूर्वी अमित कुमार और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0 : 250/पी0/उद्यान दिनांक : 17/10/2024

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा निम्नलिखित 16 कार्यो हेतु दिनांक 28/10/2024 को ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indussind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 28/10/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त नियम/शर्ते तथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र की सूचनायें पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधीक्षक उद्यान**

डायरेक्ट एडमिशन
डायरेक्ट एडमिशन

VARUN ARJUN UNIVERSITY V.A.U

**वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी**

**वरुण अर्जुन कालेज ऑफ फार्मेसी**

**बैचलर इन फार्मेसी (B.Pharm)**

- कोर्स अवधि : 4 वर्ष
- योग्यता : 10+2 PCB/PCM

सीमित सीटें शेष
सत्र 2024
शीघ्र सम्पर्क करें

24/7 7521001993
website: www.vau.edu.in

कैंपस वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल एन एच -24, बंथरा, शाहजहांपुर उ0 प्र0 242307

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै SAMSHYUDDHIN S/O SARAFAT ALI निवासी ग्राम- ओझवा, ग्राम पंचायत व पोस्ट-मोहरबा, थाना- मटेरा, जनपद- बहराइच ने अपना नाम SAMSHY UDDHIN से बदल कर SHAMSUDDIN ALI कर लिया है। आजसे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीता पत्नी कमलेश गौतम, निवासिनी- 13, मान खेड़ा, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 -319604780 में मेरा नाम रिनित गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम रंजीता है जो आधार कार्ड में भी दर्ज है। अत: मुझे रंजीता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अगस्तेय कुमार पाठक पुत्र स्व0 दशरथ पाठक, निवासी- सैनिक इक्लेव, बिजनौर, लखनऊ उ0प्र0 मो0नं0- 6005503907,** मेरी पुत्री कुमारी राधा पाठक का 12वीं पासिंग का के0वी0सी0आर0 बिजनौर लखनऊ द्वारा जारी (Transfer Certificate) टी0सी0 () वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पार्वती देवी पत्नी विश्वनाथ गुप्ता, निवासी-मकान नं0-15/37, मुंशी पुलिया, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0-226016,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 -AOFDP4735A में पार्वती देवी (Parvati Devi) एवं उनके पिता का नाम विश्वनाथ (Vishwanath) त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा नाम पार्वती देवी तथा पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल है।, अत: मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल (Bhagwan Deen Jaiswal) अंकित किया जाय। जो कि सत्य एवं सही है।

**सूचना**

मेरा पुत्र अशोक कुमार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी कोमल का चाल चलन अच्छा नही है। दोनो के कार्य व्यवहार को देखते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए कार्यो का उत्तदायित्व मेरा नहीं होगा। **-रामबाबू पुत्र रामदीन निवासी- ग्राम 260 बाघपुर, तहसील मैथा, थाना शिवली, कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरे राशन कार्ड संख्या 215840612286 में मेरा नाम त्रुटिवश गुड़िया दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों के मेरा नाम शाबिरा है, जो सही है। अत: मेरे राशन कार्ड के मेरा सही नाम शाबिरा दर्ज किया जाए। **शाबिरा पत्नी आशिक अली निवासिनी - ग्राम असलाहपुर मजरे - खालिकपुर कला ब्लाक व तहसील - ऊंचाहार जिला - रायबरेली**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नंबर 339588871851 में मेरा नाम त्रुटिवश यधुवीर सिंह पुत्र सुनील कुमार जन्मतिथि 15-07-2001 गलत अंकित हो गया था जबकि मेरे सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम व जन्मतिथि 11-04-1998 अंकित है। अत: मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम शैलेंद्र यादव व पिता का नाम विधाराम, जन्म तिथि 11-04-1998 अंकित करना चाहता हूं जो कि सही व सच है। **शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम, निवासी- ग्राम शंकरपुर, पोस्ट लोकपुर, थाना विशुनगढ़, तहसील छिबरामऊ, (कन्नौज)**

## एक नजर

### आज सामग्री के मिलेंगे 5.65 करोड़, शुरू होंगे काम

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में मनरेगा के कार्यों के लिए शुक्रवार को 5 .65 करोड़ रुपये हस्तानांतरित किए जाएंगे। इससे विभाग की बकायेदारी उतरेगी और नये व पुराने कार्य शुरू होंगे। केंद्र से मनरेगा का बजट मिलने से जिलों पर भुगतान शुरू हो गया है। शुक्रवार को जिले के लिए 5 .65 करोड़ रुपये निर्माण सामग्री के हस्तानांतरित किए जाएंगे। इससे फर्मों से खरीदी गई निर्माण सामग्री का भुगतान किया जाएगा। साथ ही नये कार्य शुरू होंगे और बंद पुराने कार्य भी किए जाएंगे। श्रमिकों को गांव में ही रोजगार मिलेगा और त्योहार पर बाहर नहीं जाएंगे। वहीं, श्रमिकों का भुगतान बराबर होने लगा है।

### एसएन यादव बने कोषाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : विवेक खंड जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को विवेक खंड में संपन्न हुई। जिसमें पिछली बैठक के प्रस्तावों पर कार्यवाही से अवगत कराया गया। समिति के कोषाध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए उनकी जगह एसएन यादव को समिति का कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में महासमिति के कार्यवाहक महासचिव कर्नल एएन पांडे, कार्यवाहक सचिव संजय निगम, मीडिया प्रभारी अभिषेक खन्ना, खंड समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# केजीएमयू में सांकेतिक हड़ताल जारी

## कोलकाता कांड के विरोध में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



गुरुवार को केजीएमयू के गेट नं . 1 पर प्रदर्शन करते रेजिडेंट डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोलकाता कांड के विरोध में गुरुवार को भी केजीएमयू जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने सांकेतिक हड़ताल जारी रखा। इस दौरान कुछ रेजिडेंट डॉक्टर धरने पर बैठे रहे। बाकी जिन डॉक्टरों की ओपीडी व वार्ड आदि में ड्यूटी थी उन सभी ने अपनी सेवाएं जारी रखी।

केजीएमयू रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिशन के अध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह ने कहाकि कोलकाता कांड के दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इसमें जिम्मेदारों का रवैया संदेहप्रद है। सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से ले। यदि हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया तो आन्दोलन होगा। उन्होंने कहा कि केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद और शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. केके सिंह के आश्वासन पर उग्र आन्दोलन को स्थगित किया गया है। रेजिडेंट डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का

**कुलपति के आश्वासन पर उग्र आंदोलन को किया स्थगित**

आश्वासन भी दिया गया है। इसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित नहीं किया गया है। बाकी ड्यूटी से छुट्टी पाने वाले रेजिडेंट डॉक्टर बारी-बारी से छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा के निकट धरने पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे साथी ओपीडी में मरीज देख रहे हैं। पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी समेत दूसरी जांच में सहयोग कर रहे हैं।

### एसजीपीजीआई की ओपीडी शुरू

**अमृत विचार,लखनऊ :** रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल की वजह से बंद हुई एसजीपीजीआई की ओपीडी दो दिन बाद गुरुवार को शुरु हो गई। सुबह से ही काउंटरों पर मरीजों की भीड़ लगी रही। ओपीडी में पहुंचे मरीजों ने पर्चे बनवाये। कर्मचारियों ने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की फाइल बनाई। ओपीडी के हेमाटोलॉजी विभाग और रेडियोलॉजी में जांच के लिए मरीजों की भारी भीड़ रही। इलाहाबाद से आए मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि उनको हार्ट की समस्या है। 3 दिन पहले भी आए थे, लेकिन 2 दिन तक पर्चा ही नहीं बन सका था। आज जब ओपीडी शुरु हुई तब पर्चा बना। रेजिडेंट डॉक्टर 2 दिन तक प्रोटेस्ट पर बैठे थे। जिसकी वजह से ओपीडी 2 दिन तक प्रभावित रही। इसी के साथ अन्य सेवाएं भी प्रभावित हुई। बुधवार शाम को एसजीपीजीआई के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने कैंडल मार्च निकालकर 2 दिन के शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट को खत्म करने की बात कहते हुए गुरुवार से वापस ओपीडी और अन्य सेवाएं देने की बात कही थी।

## डेंगू मरीजों का आंकड़ा 1300 के पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में प्रतिदिन डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। अब तक डेंगू के कुल 1312, मलेरिया के 452 और चिकनगुनिया के 72 मरीज पाये गये है। बुधवार देर रात तक डेंगू के 64 (अलीगंज-7, इन्दिरानगर-8, एनके रोड-4, चन्दरनगर-8, रेडक्रास-4, टूडियागंज-5, सिल्वर जुबली-7, ऐशबाग-4, बीकेटी-4, चिनहट-3, माल-1, सरोजनीनगर-5, गोसाईगंज-2, काकोरी-1, गुडंबा-1) मरीज पाये गये। इसके अतिरिक्त मलेरिया के 1 एवं चिकनगुनिया का 1 मरीज पाया गया।

गुरुवार को लगभग 1245 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 8 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों की ओर से विभिन्न स्थलो और भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

# एलर्जी का सही समय पर इलाज जरूरी: डॉ. शीतांशु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अगर पांच वर्ष से छोटे बच्चे की त्वचा खुश्क हो रही है और सिर पर पपड़ी जम रही है। उस पर चक्कते पड़ रहे हो तो सावधान हो जाएं यह त्वचा की एलर्जी हो सकती है। इसका तुरंत इलाज बाल रोग विशेषज्ञ की सलाह कराना चाहिए। यह जानकारी लोहिया संस्थान में पीडियाट्रिक विभाग की डॉ. शीतांशु श्रीवास्तव ने गुरुवार को दी।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रेक्षागृह में बच्चों में एलर्जी विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. शीतांशु श्रीवास्तव ने कहा कि जन्म के कुछ समय बाद से ही बच्चों को त्वचा संबंधी एजर्ली हो सकती है। इसमें त्वचा सूख जाती है। उस पर लाल चक्कते पड़ जाते हैं और खुजली होती है। सामान्यतः दो से चार प्रतिशत बच्चों में यह समस्या देखने को मिल रही है। समय पर इलाज न होने से बच्चा गंभीर एलर्जी

**लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एलर्जी विषय पर कार्यशाला आयोजित**

संक्रमण की चपेट में आ सकता है। दिल्ली स्थित सर गंगा राम हॉस्पिटल में एलर्जी एंड पीडियाट्रिक स्लीप स्पेशलिस्ट डॉ. नीरज गुप्ता ने कहा कि बदलता वातावरण और प्रदूषण बच्चों में एलर्जी का प्रमुख कारण है। पांच वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को सांस संबंधी एलर्जी देखने को मिल रही है। पांच प्रतिशत बच्चे एलर्जी की चपेट में आ रहे हैं। इसमें बच्चे को बुखार नहीं आता। लेकिन खांसी, बार-बार सर्दी-जुकाम, सांस की आवाज बदल जाना, बार-बार जकड़न समेत दूसरे लक्षण प्रकट होते हैं। इसकी वजह से बच्चे की नींद प्रभावित होती है। शुरूआत में इलाज जरूरी है।

लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने कहा कि कुछ बच्चों में एलर्जी भोजन आदि से भी हो सकती है। इसका पता लगाने के लिए सटीक जांच कराने की जरूरत होती है।

# कुलियों ने नौकरी समेत कई मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ


चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन में शामिल कुली। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन पर गुरुवार को बड़ी संख्या में कुलियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कुलियों के प्रदर्शन के चलते प्लेटफार्म से लेकर ट्रेनों तक सामान पहुंचाने में यात्रियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कुलियों ने रेलवे की नौकरी में समायोजित करने, ट्राली प्रथा को तत्काल बंद करने और बैटरी रिक्शा से सामान ढोने पर रोक लगाने की मांग की। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो दिल्ली में एक दिन की हड़ताल की जाएगी। अखिल भारतीय कुली यूनियन

**मांगों को नजर अंदाज किया गया तो दिल्ली में करेंगे हड़ताल**

के नेता फतेह मोहम्मद ने बुजुर्ग कुलियों को पेंशन दिए जाने, दुर्घटना बीमा का लाभ दिए जाने की मांग की। साथ ही प्रयागराज में कुलियों के खिलाफ जो मुकदमे लगाए गए हैं. उन्हें भी वापस लेने की मांग की। उन्होंने बताया कि रेलवे में लगे एस्केलेटर, लिफ्ट और ई-रिक्शा के कारण कुलियों का रोजगार खत्म होता जा रहा है। अब यात्रियों का सामान ढोने के लिए भी इसकी प्रयोग हो रहा है, जिससे कुलियों की इनकम पूरी तरह प्रभावित हो गई है। मुंबई से प्रदर्शन में पहुंचे कुली नेता लाल जी यादव अपनी समस्या बताते हुए रो पड़े।


## डाक्टरों को योग सीखाएगा लविवि का योग विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव के मार्गनिर्देशन में प्रशिक्षित योग शिक्षक डॉक्टरों को योग सीखाएंगे। 20 अक्टूबर को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रशासनिक भवन के सामने स्थित सरस्वती लान में सुबह छह बजे से सात बजे तक डॉक्टरों की योग क्लास लगेगी। 2024 बैच के एमबीबीएस और बीडीएस के छात्र इस योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

इस शिविर में तनाव, अवसाद, अनिद्रा, से बचने के योगाभ्यास कराए जायेंगे। इसके अतिरिक्त स्मरण शक्ति विकास क्रिया, चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व के निर्माण हेतु योगाभ्यास कराए जाएंगे।

# उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


बक्शी का तालाब में उर्वरक की दुकान में जांच करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

**अमृत विचार:** उर्वरक विनिर्माताओं, थोक और खुदरा कारोबारियों की दुकानों पर जिलाधिकारी के नेतृत्व में छापे मारे गए। अनियमितता मिलने पर 4 दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

जिलाधिकारी ने फास्फेटिक उर्वरक की जांच, अभिलेखों और स्टाक के शत-प्रदिशत सत्यापन के साथ ही संदिग्ध उर्वरक के नमूने संग्रहित करने के लिए तहसीलवार टीम बनाई थी। जिलाधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को उर्वरक विनिर्माताओं/थोक एवं खुदरा कारोबारियों के यहां टीम ने छापे मारे और गोदाम में रखे स्टाक की जांच की। जिलाधिकारी ने विकास खंड बीकेटी छठामील स्थित गणपति खाद भंडार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उर्वरक

**जिलाधिकारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई, 4 के लाइसेंस निरस्त**

प्रतिष्ठान पर पीओएस मशीन से वितरण पर्ची न निकलने की समस्या मिली। उन्होंने वितरण रजिस्टर की जांच कर उर्वरक ले जाने वाले किसानों से फोन कर बात की। बातचीत में पता चला कि किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक पर उर्वरक बेचा गया। जिलाधिकारी ने उर्वरक की बिक्री पर तत्काल रोक लगाते हुए लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिए। उन्होंने बताया गया कि कुल 39 गोदाम और दुकानों पर छापे मारे गए। जिसमें 4 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए, 10 को कारण बताओ नोटिस और 8 दुकानों से नमूनों को संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया। बक्शी का तालाब में गणपति खाद भंडार, किसान खाद भंडार, सुहैल खाद भंडार और सरोजनीनगर बंथरा स्थित गौरी खाद भंडार का लाइसेंस निलंबित किया गया।

## पीजीआई कर्मियों को वर्दी और आई कार्ड पहनकर आना होगा

**अमृत विचार, पीजीआई।** एसजीपीजीआई के कर्मचारियों और अधिकारियों को अब संस्थान में प्रशासन की ओर से निर्धारित वर्दी और आईडी कार्ड पहनकर ही आना होगा। इसके लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गये हैं।

पीजीआई के संयुक्त निदेशक प्रशासन ले कर्नल जयदीप सिंह घुम्मन ने संस्थान के सभी संकायाध्यक्ष, मुख्य नर्सिंग अधीक्षिका, चेयरमैन, नोडल अधिकारियों को पत्र लिखते हुए एक आदेश जारी किया है। आदेश में ये भी बताया गया है कि ऐसा न होने से अधिकारी व कर्मचारियों की पहचान और प्रशासनिक गतिविधियों में अवरोध उत्पन्न हो रहा था। आदेश को पालन न करने पर कार्रवाई होगी।

## शरद पूर्णिमा पर हुई आदि गंगा गोमती की महाआरती

**अमृत विचार, लखनऊः** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका में शरद पूर्णिमा पर आदि गंगा गोमती की महाआरती की गई। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 7 मंचों से स्वामी आनंद नारायण, स्वामी हरेंद्र नाथ, पूर्व आईएएस जगन्नाथ सिंह व देवेंद्र शुक्ल के मार्गदर्शन में हुई।

महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे और शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गूँज उठा। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत सुमित सिंह के कथक व मोनिका अग्रवाल की गणेश वंदना और समापन पूनम बिष्ट के कथक नृत्य से हुआ। इस मौके पर राम चरित्र नृत्य नाटिका का भव्य मंचन सत्य समर्पण निर्देशक अमित दीक्षित रामजी के निर्देशन में हुआ। राम के रूप में नैतिक सिंह व सीता के रूप में आस्था मिश्रा सहित कलाकारों ने मन मोहक रामलीला की प्रस्तुति की। वरिष्ठ समाजसेवियों में आईएएस जगनाथ सिंह, राष्ट्रकवि डॉ. वेदव्रत बाजपेयी, अधिवक्ता एलएम जोशी, आदित्य द्विवेदी, पवन शर्मा, विभांशु मणि त्रिपाठी, गौरव श्रीवास्तव, विवेक शाही को सनातन शिरोमणि सम्मान से एवं हिन्दू कामगारों में अवधेश, शंभूनाथ सहित 7 कामगारों को सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

## इस बार नहीं मिलेंगे गाय के गोबर से बने दीये और गणेश-लक्ष्मी

कार्यालय सवांददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** इस दिवाली गाय के गोबर से बने दीये से घर जगमग नहीं हो पाएंगे। साथ ही गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां भी नहीं मिल पाएंगी। नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन में अभी तक देशी गाय के गोबर से दीये बनाने का काम शुरू नहीं हुआ है। जबकि दीपावली से एक महीना पहले यहां गाय के गोबर से रंग बिरंगे दिये और लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां बनाने का काम शुरू हो जाता है। इसके लिए महिलाओं को लगाया जाता है। लेकिन नगर निगम प्रशासन इस बार गोशाला में दीये और गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां नहीं बना रहा है।

दीपोत्सव में भेजे जाते हैं 50,000 दीयेः अयोध्या में दीपावली पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव

**कान्हा उपवन में अभी तक नहीं शुरू हुआ दीये बनाने का काम**

### उत्पादों की मार्केटिंग में पिछड़ा निगम

दिवाली पर नगर निगम कान्हा उपवन सहित शहर के कई स्थानों पर दीपक, गणेश–लक्ष्मी की मूर्तियां और कुबेर की मूर्ति के साथ हवन सामग्री आदि बेचता है। निगम इन उत्पादों की मार्केटिंग में पिछड़ रहा है। इन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए संस्थाओं को हजरतगंज सहित अन्य स्थानों पर आवंटित काउंटर बंद पड़े रहते हैं।

कार्यक्रम के लिए नगर निगम कान्हा उपवन गोशाला में देशी गाय के गोबर से तैयार 50,000 दीये भेजता है। दीये बनाने का सौदा नगर निगम के लिए घाटे का साबित हो रहा है। लागत भी नहीं निकल रही है। बाजार में मांग कम देखते हुए निगम दीये बनाने से बच रहा है।

## घर-घर दी दस्तक, लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता


लोगों को सदस्य बनाते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और नीरज सिंह।

कार्यालय सवांददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** सदस्यता अभियान की अवधि बढ़ने के बाद गुरुवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र में 100 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और अवध क्षेत्र सदस्यता सह प्रमुख नीरज सिंह ने मध्य विधानसभा मंडल 1 में बूथ संख्या 317 और राजीव गांधी प्रथम वार्ड की बूथ संख्या 314 पर सदस्यता अभियान चलाया। घर-घर जाकर दस्तक दी और लोगों को पार्टी से जोड़ा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने के लिए

**मध्य विधानसभा क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान**

एक विधानसभा में न्यूनतम 50 प्राथमिक सदस्य बना चुके कार्यकर्ता ही सक्रिय सदस्य बनेंगे। साथ ही संगठन पुनर्गठन में पार्टी पद पर दायित्व का निर्वहन करेंगे। एक मंडल में 200 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने तय किया है। द्विवेदी ने नीरज सिंह को सक्रिय सदस्यता बनने की रसीद देते हुए प्रथम सक्रिय सदस्य बनाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे, संजय राठौर, महानगर अनुसूचित मोर्चा उपाध्यक्ष इंदल गौतम, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष दीपू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### सर सैय्यद डे पर विद्यार्थियों को मौलाना खालिद रशीद ने दी छात्रवृत्ति

अमृत विचार, लखनऊ : सर सैय्यद दिवस के मौके आयोजित कांफ्रेंस में इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि सर सैय्यद अहमद खां शैक्षिक इंकलाब के पक्षधर थे। उन्होंने नयी उर्दू की बुनियाद रखी।

मौलाना खालिद रशीद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खां को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उस दौर में सर सैय्यद शैक्षिक इंकलाब पैदा न करते तो हिन्दुस्तान के मुसलमान आज भी शिक्षा के मैदान में अपना भविष्य तलाश रहे होते।मौलाना ने कांफ्रेंस में आईशा हफीज को एमबीबीएस के लिए मौलाना अहमद मियां फिरंगीमहली स्कालरशिप, उच्च शिक्षा के लिए अंजला फहीम को मौलाना अब्दुल हलीम फिरंगीमहली स्कालरशिप, नीट के लिए अरबाज अहमद को मौलाना अब्दुल मजीद फिरंगीमहली स्कालरशिप, उच्च शिक्षा के लिए हम्माद अहमद को मौलाना अब्दुर्रशीद फिरंगी महली स्कालरशिप, नीट के लिए सैफ अली को मौलाना हसरत मोहानी स्कालरशिप और तरिमया फारुकी को सर सैय्यद अहमद खां स्कालरशिप से नवाजा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में प्रो. सैय्यद यसीन अख्तर ने इंटिग्रल विश्वविद्यालय कायम कर एक काबिले तारीफ़ काम किया है। यह सर सैय्यद को शानदार श्रद्धांजलि है।इस मौके पर मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी, डॉ. फैज वास्ती, डॉ. उत्सामा हमीद, अनम इकबाल अलीग और हाफिज अब्दुल सुजयान निजानी ने सर सैय्यद के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी।

### रुपया लगता है न पैसा लगता है राम-राम बोलिए अच्छा लगता है

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा नगर के ए ब्लाक स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कामेश्वर पुरी ने ईश्वर की दयालुता का परिचय बताने वाली आजमिन की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि किस तरह से पाप कर्म मैं लिप्त अजामिन कि करुण पुकार पर भगवान तुरन्त आए थे। संत कृपा और मार्गदर्शन की महिमा बताई। राम नाम का बखान करते हुए सुंदर भजन सुनाया न रुपया लगता है न पैसा लगता है, राम राम बोलिए बड़ा अच्छा लगता है... । इस मौके पर बाबा भूतनाथ मंदिर के महंत बाबा रुद्रनाथ भी मौजूद थे।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®
आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश
प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें
प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है
प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है
प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है
प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है
प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है
प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है
प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है
प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े
प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट
पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### राज्यमंत्री के आवास पर काला रंग पोतने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के सरकारी आवास के गेट पर काला रंग लगाने वालों के खिलाफ गौतमपल्ली पुलिस ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आवास के गेट और नेमप्लेट पर काला रंग लगाए जाने का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। गारद कमांडर बलवंत सिंह ने गुरुवार को गौतमपल्ली पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार को कुछ लोगों ने गेट और आवास पर लगी नेमप्लेट को काले रंग से पोत दिया था। इस बात की जानकारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को दी गई। गेट पर आपत्तिजनक शब्द लिखे गए थे। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध पर धमकाया, रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव में एक तरफ प्रेम में युवक ने युवती पर शादी का दवाव बनाया। इनकार करने पर छेड़छाड़ करते हुए धमकाया। थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीया बहन के भाई ने बताया कि उनकी 18 वर्षीया बहन पर महियांव के भरिंगहना निवासी विशाल शादी का दवाव बना रहा है। शादी से मना करने पर विशाल बहन को धमकाता है। घर से निकलते ही वह उसके पीछे लग जाता है। बीते मंगलवार को बहन के साथ छेड़खानी कर गाली गलौज की। बहन ने घर आकर आपबीती बताई। पीड़िता के भाई ने विशाल को बहन से दूर रहने को कहा तो वह परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। एसओ शिवमंगल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत

**अमृत विचार, पीजीआई:** तेलीबाग शनि मंदिर चौराहे के पास गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फुटपाथ के पास मजदूर की मौत हो गयी। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पीजीआई इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आस पास जानकारी करने पर पता चला कि व्यक्ति मजदूरी करता था और फुटपाथ पर ही सोता था।

# पति ने मोबाइल नहीं खरीदा तो रची लूट की झूठी कहानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मेहंदी बेग खेड़ा में गुरुवार सुबह महिला ने पुलिस को दी थी लूट की सूचना


▸▸ पुलिस की दिन भर की जांच में फर्जी निकला मामला, घर से बरामद हुई रकम

**अमृत विचार:** तालकटोरा के मेंहदी बेग खेड़ा निवासी महिला ने पुलिस को गुरुवार तड़के लूट की सूचना सूचना दी। पुलिस जब जांच करने पहुंची तो पता चला कि पति उसे नया मोबाइल खरीदकर नहीं दे रहा था। इसी लिए उसने लूट की झूठी कहानी रच डाली।

तालकटोरा के मेंहदी बेग खेड़ा में निवासी रामचंद्र यादव, बेटे योगेश चंद्र, अवधेश यादव, दुर्गेश यादव उर्फ सूरज, बेटी निधू, बहू लक्ष्मी, पूनम और बबली के साथ रहते हैं। गुरुवार तड़के 3 बजे वह जनपथ सेंटर से पेपर लेने के लिए घर से निकल गए थे। सुबह 3:30 बजे बड़ा बेटा योगेश चंद्र व 3:40 बजे छोटा बेटा दुर्गेश यादव उर्फ सूरज पेपर लेने के लिए घर से निकला। सूरज ने घर से निकलते समय पत्नी बबली से अंदर का चैनल गेट बंद करने के लिए कहा था। बबली ने पुलिस को बताया कि चैनल बंद करने के लिए निकली तो पहले से पर्दे के पीछे छिपे बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। मुंह दबाकर असलहा लगाकर घर के अंदर घसीट ले गए। जान से मारने की धमकी देकर आलमारी व बक्शे की चाभी ले ली। आलमारी का लॉकर खोलकर बदमाशों ने उसमें रखे लगभग पांच लाख के सोने -चांदी के जेवरात, दो लाख रुपये नकदी, बबली के गले का मंगलसूत्र व कान की बाली लूट लिया। बबली ने पड़ोस में रहने वाले दूध कारोबारी अरमान को इसकी जानकारी दी। अरमान ने बबली के जेठ योगेश चंद्र सूचना दी। कुछ देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिंगर प्रिंट यूनिट और डॉग स्क्वायड ने मामले की पड़ताल की। डॉग स्क्वॉयड घटनास्थल से लगभग 60 मीटर दूर आलमनगर स्टेशन की गली पर जाकर रूक गया था।

### बार-बार बदल रही थी बयान

इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे ने बताया कि बबली से जितनी बार पुलिस अधिकारियों ने बयान लिया वह अलग-अलग कहानी बता रही थी। इस पर संदेह हुआ। सख्ती करने पर उसने पूरी सच्चाई उगल दी। इसके बाद पुलिस ने बबली की निशानदेही पर रसोईघर के राशन के डिब्बों के अंदर से जेवरात, नकदी बरामद किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बबली के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।



**अनदेखी** आलमबाग तालकटोरा रोड स्थित राम प्रसाद खेड़ी क्षेत्र में बिजली के तार जमीन छू रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ● प्रमोद शर्मा

# महिला अधिवक्ता से लूट, बाइक से भाई के साथ सड़क पर गिरी

## राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल, हुसड़िया ओवरब्रिज की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोमतीनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** हुसड़िया ओवरब्रिज के पास बाइक सवार बदमाशों ने हाईकोर्ट अधिवक्ता का पर्स लूट लिया। भाई संग बाइक से जा रही महिला अधिवक्ता ने पर्स बचाने का प्रयास किया था। छीनाझपट्टी के बीच पर्स का एक हैण्डल बदमाश के हाथ में आ गया। उसने झटका देकर पर्स अपनी तरफ खींचा। जिससे महिला अधिवक्ता भाई समेत बाइक से सड़क पर गिर गई। पकड़ ढीली पड़ते ही बदमाश पर्स लूट कर भाग निकले। मंगलवार को प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज की।

चिनहट वसुंधरा रेजीडेंसी निवासी अधिवक्ता आरती यादव सोमवार को भाई अभिषेक संग अमीनाबाद बाजार गई थी। रात करीब 10:30 बजे बाइक से दोनों लोग घर लौट रहे थे। हुसड़िया से कमता जाने वाले ओवरब्रिज पर चढ़ते ही बाइक सवार बदमाश पीछे लग गए। एक बदमाश ने आरती के पर्स पर झपट्टा मारा। छीना झपटी में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। आरती के साथ छोटा भाई अभिषेक सड़क पर गिर गया। इसके बाद भी बदमाश उन्हें घसीटते रहे। आरती ने बताया कि पर्स में करीब 50 हजार रुपए, चेन और दस्तावेज थे। जिसे बदमाश लूट कर फरार हो गए।

सड़क पर घायल पड़े भाई-बहन की मदद राहगीरों ने की। दोनों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। मंगलवार सुबह आरती ने गोमतीनगर थाने पहुंच कर लूट की तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की। घटना के दो दिन बीतने के बाद गुरुवार शाम को रिपोर्ट दर्ज की गई।

### लुलु मॉल के पास महिला से पर्स लूट

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित लुलु मॉल के सामने से पैदल जा रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स लूट लिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। सेलेब्रिटी मिडोज अपार्टमेण्ट निवासी डा. प्रदीप सिंह की पत्नी सरिता सिंह बुधवार को पैदल लुलु माल की सर्विस लेन पर पैदल जा रही थी। तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर पर्स लूट लिया। पीड़िता ने बताया कि पर्स में 2 मोबाइल फोन, 25,000 रुपये नकद, चेन व जरूरी दस्तावेज थे।

## एक्स पर पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य व भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता ऋचा राजपूत ने सूर्या समाजवादी एक्स हैण्डल के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि एक्स यूजर ने कई भड़काऊ पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गयी। 8 अक्टूबर को ऋचा ने एक पोस्ट किया था।

**राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य ने की शिकायत**

जिसके बाद सूर्या समाजवादी हैण्डल से अर्मायादित टिप्पणी कर ऋचा राजपूत के खिलाफ लोगों को भड़काया गया। आरोप है कि सूर्या समाजवादी हैण्डल से जाति विशेष को लेकर भी टिप्पणी की जाती रही है। साथ ही 2024 में ईवीएम गड़बड़ी के भ्रामक पोस्ट भी किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# कर्ज में डूबे साड़ी व्यापारी ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

▸▸ नहीं मिला सुसाइड नोट, पारा के सदरौना की घटना

**अमृत विचार:** पारा के सदरौना में कर्ज से परेशान साड़ी व्यापारी शोएब (37) ने गुरुवार को घर में फंदे से लटक कर लगाकर जान दे दी। परिवार का आरोप है 1 करोड़ रुपए के कर्ज अदायगी को लेकर बैंक की तरफ से दबाव डाला जा रहा था। जिसे लेकर व्यापारी तनाव में था।

सदरौना निवासी शोएब का अमीनाबाद में साड़ी का व्यापार था। गुरुवार सुबह शोएब की पत्नी शीबा बेटे शाद की दवा लेने गई थी। छोटी बेटी अदीबा स्कूल में थी। करीब 11 बजे बड़ी बेटी शारबा पिता के कमरे में गई। जहां पिता का शव साड़ी के फंदे से लटकता देख वह चीख पड़ी। शारबा की चीख सुन कर दादी साजदा बानो कमरे में पहुंची। पड़ोसियों की मदद से शोएब का शव फंदे से उतारा। मां साजदा ने बताया कि कोरोना महामारी के वक्त शोएब को व्यापार में घाटा हुआ था। काफी कर्ज भी था। जिससे उबरने और व्यापार बढ़ाने के लिए शोएब ने बैंक से करीब 1 करोड़ रुपये का लोन कराया था। बैंक की तरफ से लगातार दबाव बनाया जा रहा था। जिसे लेकर शोएब काफी तनाव में था।

### पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने खाया जहर

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** थाना क्षेत्र के ग्राम खालिसपुर में हसीन अहमद (25) ने घरेलू कलह के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हसीन का विवाह एक वर्ष पूर्व माल थाना क्षेत्र के ग्राम मांझी नबीपनाह की रहने वाली सानिया बानो के साथ हुआ था। गुरुवार को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद सानिया मायकेवालों के साथ घर चली गई। इस बात से क्षुब्ध होकर हसीन ने गांव के बाहर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। मां महजहां का आरोप है कि विवाद के समय हसीन की सास, साला व सरहज आयी थी। सभी ने मिलकर हसीन को मारा पीटा भी था। जिससे आहत होकर उसने जान देने की कोशिश की है।

## युवती पर चाकू से हमला भाई को मारी हथौड़ी

**अमृत विचार, पीजीआई:** पीजीआई के तेलीबाग में मकान मालिक ने मकान खाली कराने को लेकर बेटे के साथ मिलकर युवती से अभद्रता की। विरोध करने पर कपड़े उतारने की धमकी देते हुए चाकू से पेट पर हमला कर दिया। शोर सुनकर पीड़िता का भाई बचाने दौड़ा तो हथौड़ी से उसके भी सिर पर हमला कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

20 वर्षीय पीड़िता युवती ने बताया कि बीते 6 माह से वह तेलीबाग में परिवार संग किराये पर रह रही है। आरोप है कि मकान मालिक काफी दिनों से जबरन मकान खाली कराना चाहता है। युवती ने कुछ दिनों की मोहलत मांगी तो उसने 25 अक्टूबर तक का समय भी दिया था। आरोप है कि समय देने के बावजूद मकान मालिक बुधवार रात नशे में धुत होकर युवती के कमरे में आया और सिलेंडर में आग लगाने का प्रयास किया। विरोध पर आरोपी ने बेटे संग मिलकर उसपर चाकू से हमला कर दिया। बचाने दौड़े भाई पर हथौड़ी से हमला कर दिया।

# महिला सिपाही से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कई घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम, तीसरे साथी की पुलिस कर रही तलाश

**अमृत विचार:** डीसीपी उत्तरी ऑफिस के सामने दिनदहाड़े महिला सिपाही से मोबाइल लूटने वाले दो शातिर लुटेरों को महानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि तीसरा साथी फरार हो गया है।

एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि विज्ञान खंड निवासी महिला सिपाही दुर्गेश शुक्ला से 15 अक्टूबर को बाइक सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल छीना था। फुटेज के आधार पर पुलिस ने पेपर मिल कालोनी निवासी अमन वाल्मीकि और शिवम वर्मा को पकड़ा। तीसरे साथी आर्यन की तलाश की जा रही है।इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों ने 27 अगस्त को न्यू हैदराबाद स्थित शालीमार अपार्टमेंट के पास पुलिस विभाग के फॉलोअर की पत्नी नीलम की चेन खींची थी। जिसे राह चलते 12 हजार में बेच दी थी। इसके अलावा 20 मार्च को बुद्ध बाजार में महिला सिपाही सुधा की चेन लूटकर 11 हजार में बेच दिया था। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## रिटायर्ड आईपीएस का चेक चोरी कर निकाले 4.50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** रिटायर्ड आईपीएस ने घर से कीमती सामान व चेक चोरी कर खाते से 4.50 लाख रुपये निकाल लेने पर एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। विरामखंड निवासी रिटायर्ड आईपीएस देवी सिंह अशोक ने बताया कि अक्सर वह परिवार वालों से मिलने इरम कॉलेज चले जाते थे। उनके जानने वाले आगरा निवासी मोहित कुमार व दिनेश कुमार आए दिन उनके घर आते थे। इस बीच वे लोग कीमती घड़ी, मदरडीड, कपड़े व चेक बुक चोरी कर ले गए। चेकबुक से आरोपियों ने उनके खाते से 4.50 लाख रुपये निकाल लिये। दिनेश की पत्नी भी इस साजिश में शामिल है।

# ट्रैक्टर ट्राली से टकराई रोडवेज बस, 6 यात्री घायल

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

▸▸ बंथरा थाने के पास हुई घटना लगा लंबा जाम

**अमृत विचार:** बंथरा इलाके में गुरुवार को बाइक सवार को बचाने के चक्कर में रोडवेज आगे जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिससे बस पर सवार 6 यात्री मामूली रूप से चोटिल हो गए।

घटना में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने से उसके यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य भेज दिया गया। बताते हैं कि राठ डिपो की रोडवेज बस का चालक राम सिंह गुरुवार को लखनऊ से बस में करीब 30 सवारियां लेकर राठ जा रहा था। बंथरा थाने के पास बस के सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में उक्त बस आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली में टकरा गई। घटना से कानपुर रोड की लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली पटरी पर जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी सवारियों का हाल-चाल लेने के बाद उन्हें दूसरी बस से भेज दिया। वहीं घटना में क्षतिग्रस्त हुई बस को क्रेन के जरिए सड़क के किनारे कराया गया। तब लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी का यातायात सामान्य हो सका।

## बाइक सड़क पर गिरी महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** मल्हौर इलाके में बुधवार देर रात बाइक अनियंत्रित होने से महिला समेत तीन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने रीमा सोनकर को मृत घोषित कर दिया।

निशातगंज गली नंबर -6 निवासी रीमा सोनकर बुधवार शाम देवर रामबाबू व भतीजे अदविक के साथ बाइक से लौलाई गांव गए थे। रात में लौटते वक्त रास्ते में मल्हौर चौराहे के पास रामबाबू की बाइक अनियंत्रित हो गई। सड़क पर गिरने से तीनों लोग घायल हो गए। रीता के सिर पर गंभीर चोट लगी। खबर पाकर पहुंचे परिजन ने पुलिस की मदद से ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां रीमा की मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### दहेज के लिए जलाकर मारने का प्रयास, दिया तीन तलाक

**अमृत विचार, लखनऊ:** निकाह के बाद दहेज की और डिमांड पूरी न होने पर पति ने घरवालों संग मिलकर पत्नी को जिंदा जलाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया। हद तो तब हो गई जब पति ने तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू हैदरगंज निवासी महिला का निकाह 28 अप्रैल 2023 को हरदोई संडीला के रहने वाले शाहरुख खान से हुआ था। निकाह के दौरान लड़कीवालों ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज और कार दी थी। ससुराल पहुंचने के कुछ दिन बाद से ही सास साबिरा और ससुर इजराइल दहेज को लेकर ताने देने लगे। फिर पति ने भी और दहेज की डिमांड शुरू कर दी। इनकार पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करते थे। जनवरी माह में आरोपियों ने कमरे में बंद कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पीड़िता ने मदद के लिए शोर मचाया तो आरोपियों ने दरवाजा खोलकर निकाला और फिर पीटा। विरोध करने पर पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति व अन्य ससुरालवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संदीप हत्याकांड में मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजनौर पुलिस ने संदीप (25) हत्याकांड में मुख्य आरोपी समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड की पटकथा आशियाना के मुन्ना यादव ने रची थी। वारदात में साथी अभिषेक और प्रदीप निवासी बिजनौर भी शामिल थे। साथ ही चौथे आरोपी सुखराम की तलाश की जा रही है।इंस्पेक्टर अरविंद राणा ने बताया कि माती निवासी संदीप 6 अक्टूबर को गायब हुआ था। मां सुरसती ने 8 अक्टूबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान नगराम में संदीप का हत्या कर फेंका गया शव मिला था। शिनाख्त न होने पर 5 दिन बाद लावारिस में पुलिस ने अंतिम संस्कार कर दिया था। जांच में सामने आया कि संदीप की मां के नाम कमलापुर में जमीन है। जिसकी कीमत वर्तमान में 40-45 लाख है। नशे के लती संदीप ने मां की जमीन का सौदा मुन्ना से 13 .27 लाख में किया था। मां की जगह प्रदीप की मौसी को खड़ा कर रजिस्ट्री करा ली गई थी। संदीप को मुन्ना ने करीब 4 लाख रुपए दिए थे। शेष रकम न मिलने पर उसने जालसाजी की करतूत उजागर करने की धमकी दी थी। इसी डर से आरोपियों ने शराब पिलाकर चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी मौसी के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

अमृत विचार, काकोरी: काकोरी क्षेत्र की रहने वाले एक भाई ने अपनी नाबालिग बहन को गांव के ही युवक राजा पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए काकोरी कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित भाई ने बताया कि बहन उसके बहकावे में आकर घर में रखी दो सोने की चैन, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी पायल भी उठा ले गई है।

### अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील

**गोसाईगंज:** लखनऊ गंगागंज क्षेत्र के खरगापुर ग्राम में जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज द्वारा ग्रामीणों को पौधरोपण हेतु पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की।

### कठवारा मेले में रावण के पुतले का हुआ दहन

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** बख्शी का तालाब के ग्राम पंचायत कठवारा में एतिहासिक दशहरा मेले में रावण वध का मंचन गाव के ही व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रावण वध के बाद पुतले का दहन किया गया। पुतले में आग लगते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। करीब 23 वर्षों से इस दशहरा मेले का आयोजन स्थानीय लोगों के द्वारा आयोजित किया जा रहा है इस मेले पर रावण दहन की शुरुआत स्थानीय कठवारा निवासी शिवपूजन महाराज, अखिलेश सिंह चौहान( पूर्व प्रधान कठवारा )रामकिशोर सिंह उर्फ बबलू, राजेश तिवारी एडवोकेट, पंडित नंदकिशोर शर्मा 'डीएम महाराज 'भागीरथ रावत ' धर्मेंद्र रावत ' के द्वारा प्रारंभ हुआ।इस मेले में हजारों की तादाद में लोग नजदीकी गांव रमगढ़ा कोलवा, मल्लाहन खेड़ा, खेरवा, चंदन कुंड व कई नजदीकी गांव के लोग रावण दहन व रामलीला देखने आते हैं।



मेले में रावण दहन को देखने को एकत्रित भीड़। अमृत विचार

# इंजीनियर के घर चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

**अमृत विचार:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर के मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले नकाबपोश गैंग के तीन शातिरों को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि 10 अक्टूबर को में वृन्दावन सेक्टर 11 स्थित गुड्डू यादव के घर में चोरी हुई थी। फुटेज की मदद से पुलिस ने तीन चोरों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विनायक मिश्र निवासी विजय नगर कृष्णानगर, सूरज सोनी उर्फ अभिषेक निवासी सीतापुर हालपता अमौसी सरोजनीनगर और राज यादव उर्फ अर्जुन निवासी अमौसी हालपता कैंट बताया। आरोपी राज यादव के खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं। सरोजनीनगर पुलिस उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी कर चुकी है। वहीं, सूरज सोनी उर्फ अभिषेक के खिलाफ सरोजनीनगर ओर पारा में चोरी के 6 मामले दर्ज हैं। आरोपी विनायक ऑटो चालक है।




पीजीआई पुलिस की हिरासत में आरोपी। अमृत विचार

# फर्जीवाड़ा कर किया 3 .31 करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंदिरानगर थाने में परिचित समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के रहने वाले एक व्यवसाई ने दो लोगों पर उनकी फर्म के नाम से फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जीएसटी रेड में सामने आया कि उनकी फर्म पर 3.31 करोड़ का कारोबार किया गया है।

ठाकुरगंज के बालागंज इलाके में रानू सिंह रहते हैं। उन्होंने अपने नाम से एक फर्म अवीरा इंटरप्राइजेस का रजिस्ट्रेशन 19 अप्रैल 2022 को दोस्त प्रशांत गुप्ता के माध्यम से वस्तु एवं सेवा कर विभाग में कराया था। दोस्त ने ही फर्म का सारा काम इंदिरानगर निवासी आदित्य प्रताप सिंह से कराता था। पीड़ित ने बताया कि फर्म पर उनकी ओर से कारोबार नहीं किया गया था। इसलिए फर्म का जीएसटी रिटर्न शून्य दाखिल हो रहा था। 30 मई को प्रशांत गुप्ता ने रानू को कॉल करके बताया कि फर्म के पते पर जीएसटी विभाग ने छापेमारी की है। फर्म का मालिक होने के कारण पीड़ित को जीएसटी के अधिकारी बुला रहे हैं। पीड़ित उस समय शहर के बाहर था।

फोन पर बात करने पर जीएसटी अधिकारियों ने बताया कि फर्म पर 3,31,13, 000 रुपए का कारोबार किया गया है। कारोबार से संबंधित बिल, वाउचर, लेजर व अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा। जबकि पीड़ित की ओर से फर्म पर कोई कारोबार नहीं किया गया था। लिहाजा पीड़ित को टर्नओवर की भी जानकारी नहीं थी। पीड़ित ने बताया कि प्रशांत गुप्ता ने आदित्य प्रताप सिंह को मौके पर बुलाया। आदित्य प्रताप सिंह ने अधिकारी को कुछ डिटेल उपलब्ध कराई। पीड़ित का कहना है कि उनकी फार्म के माध्यम से धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित की तहरीर पर इंदिरानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दुकान बेचने का सौदा कर व्यापारी से ऐंठे 35 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डीसीपी के निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** इंदिरानगर में दुकान मालिक ने किराएदार ऑटो पाट्र्स व्यवसाई को दुकान बेचने का झांसा देकर 35.20 लाख रुपए ऐंठ लिए।

इंदिरानगर ए-ब्लॉक निवासी अनिल कुमार भाटिया आजाद मार्केट में किराए पर दुकान लेकर ऑटोपाट्र्स का व्यापार करते हैं। उनका दुकान मालिक अवनीश पांडेय से किराएदारी अनुबंध हुआ था। कुछ दिनों बाद अवनीश ने दुकान बेचने की इच्छा जाहिर की। अनिल ने खुद खरीदने के लिए हामी भरी। इसपर सितम्बर 2022 में दोनों के बीच एग्रीमेंट हुआ। सौदा तय होने के बाद पीड़ित ने ग्लोबल कैपिटल और मुथूट फाइनेंस से लोन लिया। फिर अपने और पिता के खाते से अवनीश और उनके बताए विवेक अवस्थी, विकास कुमार व नीलनाथ ट्रेडर्स के खाते में 35.20 लाख रुपए दिए।

पीड़ित का कहना है कि रजिस्ट्री के लिए संपर्क करने पर आरोपी ने आनाकानी की। दबाव बनाने पर गाली-गलौज करते हुए धमकाया। थाने में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने डीसीपी उत्तरी से मुलाकात कर शिकायत की। निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने अवनीश पांडेय, विवेक कुमार अवस्थी, विकास कुमार तिवारी और नीलनाथ ट्रेडर्स के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली-गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर हड़पे 21.76 लाख

अमृत विचार, लखनऊ: नाका कोतवाली में व्यवसाई ने नागपुर स्थित एक फर्म के डायरेक्टर पर 21.76 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी ने प्रदेश में डियोड्रेंट का डिस्ट्रीब्यूटर बनाकर फंसाया। नाका के खुर्शेदबाग निवासी रजत गोयल का मायाराम वेयर हाउसिंग के नाम से व्यवसाय है। उन्होंने बताया कि सितम्बर 2019 में नागपुर स्थित जुवेनर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शंकर मेहाडिया से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने पीटर इंग्लैंड नाम से डियोड्रेंट के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाकर कारोबार शुरू करने का ऑफर दिया। हामी होने पर आरोपी ने उन्हें पूरे प्रदेश का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा दिया। साथ ही 25 लाख रुपए कई बार में लेकर बिल मेल पर 18 .78 लाख का भेजा। शेष रकम का माल मांगने पर आरोपी ने टालमटोल की। साथ ही पीड़ित द्वारा दुकानदारों को बेचे गए माल का पेमेंट भी हड़प लिया। 21.76 लाख की ठगी देख पीड़ित ने संपर्क किया तो आरोपी ने धमकाया। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर नाका पुलिस ने धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली-गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 6 के खातों से उड़ाए 3.31 लाख

अमृत विचार, लखनऊ: साइबर जालसाजों ने महिला समेत 6 के खातों से 3 .31 लाख रुपए उड़ा लिए। यह मामले पारा, कृष्णानगर, गोमतीनगर और विभूतिखंड के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।पारा के राजाजीपुरम राम विहार कॉलोनी निवासी विनोद कुमार राय ने मकान किराए पर देने के लिए ओएलएक्स पर एड दिया था। जालसाज ने बैंक अधिकारी बनकर 19,500 रुपए ऐंठ लिए। वहीं, कृष्णानगर के पंडित खेड़ा अलीनगर सुनहरा निवासी अमृता त्रिपाठी ने बताया कि फिलपकार्ट कर्मी बनकर जालसाज ने कॉल की। फिर रिफंड का झांसा देकर गूगल पे के माध्यम से 48,705 रुपए पार कर दिए।उधर, विवेक खंड -2 निवासी अंजना भटनागर का खाता इंडियन ओवरसीज बैंक में है। जालसाज ने उनके खाते से 1 लाख रुपए निकाल लिए। इसी थाना क्षेत्र के विकास खंड -3 निवासी हमसफर जहां के खाते से जालसाज ने 60 हजार रुपए उड़ा लिए। साथ ही नेहरू इंक्लेव निवासी श्वेता भट्ट का खाता पीएनबी में है। साइबर जालसाज ने क्लोन बनाकर खाते से 13,280 रुपए गायब कर दिए।इसके अलावा विभूतिखंड स्थित ओमेक्स हाइट्स निवासी गीता मुखर्जी ने बताया कि जालसाज ने 14 अक्टूबर को उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया। उसके बाद दोस्तों को मैसेज भेजकर रुपए की डिमांड की। गीता के नंबर से मैसेज देख रवि ने 15 हजार और शाश्वती ने 75 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

## चलती डीसीएम में लगी आग

**अमृत विचार, गोसाईगंज:** रहमतनगर के पास स्थित लोनी नदी के तट पर चलती हुई डीसीएम में आग लग गई। यह देख चालक कूद गया। जब तक दमकल पहुंचती, उससे पहले पूरा ट्रक जल गया।

बाराबंकी लोनी कटरा निवासी चालक जासिम सरथुआ के रहने वाले दिनेश पाण्डेय की डीसीएम चलाता है। जासिम ने बताया कि वह बलिया से लौट रहा था। तभी रहमतनगर के पास स्थित लोनी नदी के तट पर अचानक ट्रक से धुआं निकलने लगा। यह देख वह नीचे उतर गया। तभी उसमें आग लग गई। आस पास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रायस किया लेकिन सफल नहीं हुए। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक पूरी तरह से जल गया है।

## एक नजर

### लखनऊ हॉकी टीम के गठन को ट्रॉयल कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देख-रेख में 16वीं पं. जमनलाल शर्मा स्मारक सब जूनियर अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट 5 से 9 नवंबर तक खेला जायेगा। चंद भान गुप्त खेल मैदान पर आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल 19 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। ट्रॉयल में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ी प्रशिक्षक कुलदीप मौर्य से चंद भान गुप्त खेल मैदान पर संपर्क कर सकते हैं।

### लखनऊ बालिका हैंडबाल टीम के गठन को ट्रॉयल 23 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सब जूनियर हैंडबाल टीम के गठन को जिला स्तरीय चयन ट्रॉयल चौक स्टेडियम पर 22 अक्टूबर को और मंडल स्तरीय ट्रॉयल 23 अक्टूबर को होंगे। जिला स्तरीय ट्रॉयल में चयनित खिलाड़ी मंडल स्तरीय ट्रॉयल में शामिल होंगे। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को लखनऊ टीम में प्रवेश मिलेगा। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ की चयनित टीम अयोध्या के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय समन्य सब जूनियर हैंडबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। यह प्रतियोगिता 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित की जायेगी।

### ड्रॉ रहा मुकाबला

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के संयुक्त प्रयास से आयोजित उत्तर प्रदेश सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल का पहला मैच गोरखपुर मंडल से हुआ। यह मुकाबला गोल विहिन समाप्त हो गया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर कई शानदार मूव बनाए, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली।

# टाइगर क्लब को हरा पीएमसी बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट



मैच के उद्घाटन अवसर पर बल्लेबाजी करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** पीएमसी (पेपर मिल कालोनी) ने वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान और डीपी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 23वें आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में टाइगर क्लब को 74 रन से हराकर विजेता ट्रॉफी जीत ली।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर फ्लडलाइट की दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल मैच के उद्घाटन अवसर पर अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया फिर बल्लेबाजी में हाथ आजमाए। इस दौरान विधायक नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा व भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

फाइनल मुकाबले के दौरान स्टेडियम पर दर्शकों की काफी भीड़ रही। आईपीएल की तर्ज पर रंगीन ड्रेस में म्यूजिक की थाप पर हर चौके-छक्के और विकेट गिरने पर चीयर लीडर्स ने भी मनमोहक डांस से दर्शकों को खूब लुभाया।

फाइनल में पीएमसी (पेपर मिल कालोनी) ने पहले बल्लेबाजी की और 16 ओवर में 180 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच राज ने मात्र 25 गेंदों पर 2 चौके व 8 छक्के से सर्वाधिक 62 रन बनाए। अंकित ने 24 गेंदों में 56 रन बनाए। टाइगर क्लब से कप्तान सुरेंद्र व दिशान ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में टाइगर क्लब 9 विकेट पर 106 रन ही बना सका। शुभम 31, आशीष 17 व मोंटी 14 रन के साथ टिक कर खेल सके। पीएमसी से अक्षत ने 5 व रोहित ने 2 विकेट लिए।

समापन समारोह में वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के मुख्य संयोजक बृजेश चौधरी, संरक्षक कमल वाल्मीकि व दिलीप घावरी, अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी, महामंत्री आशीष घावरी, उपाध्यक्ष संजय पंडित, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि ने पुरस्कार प्रदान किए।

विजेता पीएमसी को 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार व चांदी की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। टाइगर क्लब को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार व उप विजेता ट्रॉफी की हकदार बनी। मैन ऑफ द टूर्नामेंट व फाइनल के मैन ऑफ द मैच राज को टीवीएस मोटरसाइकिल व एलसीडी टीवी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज टाइगर क्लब के मोंटी व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एमएमबी सीतापुर के आकाश चुने गए। इसके अलावा सेमीफाइनल के दो मैन आफ द मैच और क्वार्टर फाइनल के चार मैन ऑफ द मैच को साइकिल पुरस्कार में दी गई।



ट्रॉफी के साथ युगल वर्ग के विजेता और उपविजेता। अमृत विचार

# युगल वर्ग में यूपी के सजल और महाराष्ट्र के तनिष्क बने विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आइटा मेंस टेनिस टूर्नामेंट

▸▸ उदित काम्बोज और एकलव्य सिंह में खिताबी जंग आज

**अमृत विचार :** आईटा मेंस टूर्नामेंट में गुरुवार को एकल वर्ग में मेजबान यूपी की चुनौती तीसरी वरीय सजल केसरवानी की हार के साथ खत्म हो गई। वहीं युगल वर्ग के फाइनल में यूपी के सजल केसरवानी को स्वर्ण पदक मिला। उन्होंने अपने महाराष्ट्र के साथी के साथ युगल वर्ग में फाइनल में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की।

आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में शुक्रवार को एकल वर्ग का फाइनल शीर्ष वरीय हरियाणा के उदित काम्बोज और दूसरी वरीय एकलव्य सिंह के बीच होगा। इन खिलाड़ियों ने गुरुवार को अपने मुकाबले जीत कर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय हरियाणा के उदित काम्बोज व महाराष्ट्र के राज जितेंद्र बगादी के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें दोनों ही खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन उदित के अप्रोच और बैक हैंड और स्मैश का जवाब राज जितेंद्र के पास नहीं था। उदित ने पहला सेट 7-5 से जीता। दूसरे सेट में उदित ने राज जितेंद्र को 6-2 से हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एकलव्य सिंह को जीत के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के तीसरी वरीयता प्राप्त सजल केसरवानी को आसानी से हरा दिया। एकलव्य ने सजल को सीधे दो सेटों में 6-2, 6-3 से हरा कर जीत दर्ज की।

### लड़ कर हारे यूपी के वंश और आनंद

युगल के फाइनल में उत्तर प्रदेश सजल केसरानी और महाराष्ट्र के तनिष्क जाधव ने धमाकेदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पहले सेट में उत्तर प्रदेश के वंश यादव और आनंद गुप्ता की जोड़ी ने विजेता को 6-3 से हराया, लेकिन इसके बाद खेले गए सेट में सजल और तनिष्क ने 6-3 से आसान जीत दर्ज की। निर्णायक और अंतिम सेट में एक-एक प्वाइंट के लिए रोमांचक भिड़ंत हुई। लंबे चले इस मुकाबले में सजल और तनिष्क की जोड़ी ने 12-10 से जीत दर्ज की और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

# जीत के लक्ष्य के साथ उतरेंगी यूपी-हरियाणा की टीमें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ यूपी, हरियाणा के बीच रणजी मुकाबला आज

**अमृत विचार :** एआर जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में शुक्रवार से खेले जाने वाले मुकाबले में यूपी रणजी टीम जीत की तलाश में उतरेगी जिससे वह यह सात अंक हासिल कर सके। वहीं हरियाणा यहां पर अपनी जीत का क्रम आगे बढ़ाने के लिये मैदान में उतरेगी। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज गैलेक्सी स्टेडियम में अभ्यास कर अपनी तैयारियों को धार दी। कल से दोनों टीमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आमने-सामने होंगी।

मेजबान यूपी का अपने घर में खेले गए पहले मैच में भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। बंगाल के खिलाफ उसने किसी तरह से मुकाबले को ड्रा कराया और एक अंक ही हासिल कर सकी। यूपी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल ने पहली पारी में 92 रन बनाये थे जबकि सिद्धार्थ यादव ने भी 73 रन की कीमती पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों यूपी पहली पारी 292 रन ही बना सका। दूसरी पारी में यूपी के बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लाप रही। पूर्व कप्तान प्रियम गर्ग ने सूझबूझ भरी पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाकर यूपी को हार बचा लिया था। यूपी के बल्लेबाजों को प्रदर्शन में सुधार करना होगा। टीम में रिंकू सिंह के आने से यूपी की बल्लेबाजी मजबूत नजर आ रही है। रिंकू हरियाणा के लिये मुसीबत भी बन सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने के बाद रिंकू सिंह पहली बार यूपी टीम से जुड़े हैं। गेंदबाजी में यूपी के यश दयाल और विप्रज निगम जैसे प्रतिभावान गेंदबाज मौजूद हैं। इन गेंदबाजों ने बंगाल के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और चार-चार विकेट लिये।

हरियाणा टीम किसी भी मामले में कम नहीं है। बल्लेबाजी के साथ ही उनकी गेंदबाजी भी बेहतरीन है। सभी खिलाड़ी फार्म में होने के कारण उनकी टीम यहां पर जीत की लय को बरकरार रखने उतरेगी। हरियाणा ने बिहार के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की। पारी के साथ 43 रन की शानदार जीत के साथ उसने सात अंक हासिल किये। ऐसे में उनकी टीम के खिलाड़ियों को आत्म विश्वास भी आसमान पर है। टीम के बल्लेबाजों को यहां बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अंकित कुमार, लक्ष्य दयाल और कप्तान अशोक मेनारिया जैसे बल्लेबाजों को अपने बल्ले का मनाना होगा। आज अभ्यास सत्र के दौरान युजवेंद्र चहल भी आकर्षण का केंद्र रहे। दूसरे रणजी मुकाबले में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें यहां पर रिंकू सिंह और युजवेंद्र चहल पर ही होंगी।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

उत्तर प्रदेश : आर्यन जुयाल, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, अक्षदीप नाथ, नितीश राणा, सौरभ कुमार, अंकित राजपूत, आकिब खान, विप्रज निगम, यश दयाल, शिवम शर्मा, माधव कौशिक, आदित्य शर्मा, कृतज्ञ सिंह व सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार।

हरियाणा : अंकित कुमार, लक्ष्य दलाल, हिमांशु राणा, धीरू सिंह, कपिल हुड्डा, सुमित कुमार, जयंत यादव, अमन कुमार, युवराज सिंह, मयंक शांडिल्य, रोहित शर्मा, अजित चहल, अमित राणा, आदित्य कुमार, हर्षल पटेल, युजवेंद्र चहल

### सुंदरम ने जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मांटेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैंपस के छात्र सुंदरम सिंह ने 24वीं उत्तर प्रदेश अंतर विद्यालयी शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। शूटिंग में प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल राइफल असोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से किया गया।

सीएमएस के पीआरओ ऋषि खन्ना के अनुसार सुंदरम सिंह कक्षा 12 के छात्र हैं। प्रतियोगिता हापुड़ में में आयोजित हुई थी। सुंदरम ने एयर वेपन कैटेगरी में अपने बेहतरीन लक्ष्य साधना की क्षमता, ब्रेथ कंट्रोल, मूवमेंट कंट्रोल और ट्रिगर कंट्रोल की क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सीएमएस प्रबंधक प्रो गीता गांधी किंगडन ने सुंदरम की इस कामयाबी पर उन्हें बधाई दी।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला सीतापुर**

पत्रांकः 1994 / पं0वि0 / पन्द्रहवां वि0 / निविदा सू0 / 2024–25 दिनांक :–– 16.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से पं0वि0 /– पन्द्रहवां वि0 योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18–10–2024 से 24–10–2024 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबंद निविदा दिनांक 25–10–2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनाँक 25–10–2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST- सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत चैला मजरा रहिका में रामप्रसाद भार्गव के घर से सागर भार्गव के घर की ओर इंटरलाकिंग व कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 997521.00 | 100000.00 | 1000.00 | 03 माह | क्षे0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रता :** – 1 – निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 24–10–2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहला सीतापुर से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभिव (ग्रा0अभि0वि0) से प्राप्त की जा सकती है। 2 – निविदा प्रपत्र के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीयन, श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र, धरोहर धनराशि का खण्ड विकास अधिकारी पहला के पक्ष में बंधक एफ0डी0आर0 अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। उक्त के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
पहला, सीतापुर


## सार-संक्षेप



मुकाबले के दौरान एक्शन में यूपी की मानसी सिंह। अमृत विचार

### धमाकेदार प्रदर्शन कर उप्र. की मानसी क्वार्टर फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की मानसी सिंह ने गुरुवार को धमाकेदार खेल दिखाते हुए डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल में गुरुवार को मेजबान उत्तर प्रदेश की चुनौती उस समय खत्म हो गई, जब सिद्धांत सलार और चिराग सेठ अपने मैच गवां बैठे। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में खेले जा रहे टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में मानसी के सामने महाराष्ट्र की पूर्वा बरवे ने चुनौती प्रस्तुत की। मानसी ने अपने झन्नाटे दार स्मैश की बदौलत सीधे दो सेटों में महाराष्ट्र की पूर्वा को हरा कर उनकी चुनौती खत्म की। मानसी और पूर्वा के बीच पहले सेट में कांटे की भिड़ंत देखने को मिली। एक-एक प्वाइंट के लिए दोनों खिलाड़ियों में खूब संघर्ष हुआ। अंत में मानसी ने 21-19 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी मानसी ने 21-13 से जीत दर्ज की क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया जहां उनका मुकाबला आंध्र प्रदेश की सूर्या टिमारी से होगा। महिला एकल के क्वाटर फाइनल में हरियाणा की अनमोल खरब, राजस्थान की साक्षी फोगाट, आसाम की इसानी भरूच, गुजरात की अदिति राव, महाराष्ट्र की श्रुति मुन्डाना और पंजाब की तनवी शर्मा चुनौती प्रस्तुत करेंगी। मिश्रित युगल में उत्तर प्रदेश के अर्ष मोहम्मद और उड़ीसा के प्रगति परिदा की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। अर्ष और प्रगति ने कर्नाटक के गणेश कोकानी व दिल्ली की भारती पाल की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 19-21, 21-14, 21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया।

### लखनऊ की सिद्धि, अरुजा और सिद्धार्थ जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में गुरुवार से उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप शुरू हुई। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो कमेटी की देखरेख में आयोजित की जा रही चैंपियनशिप के पहले दिन फ्रेशर ग्रुप में पूमसे की स्पर्धाओं में लखनऊ की सिद्धि वर्मा व अरुजा रस्तोगी ने जीत दर्ज की। इस चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि खेल प्रमोटर प्रत्यूष सिंह प्रधान, विशिष्ट अतिथि आयोजन समिति के चेयरमैन सुनील सिंह श्रीनेत्र, इंडिया ताइक्वांडो के कोषाध्यक्ष रजत आदित्य दीक्षित सहित विश्व जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके उत्तर प्रदेश के उज्जवल ने किया। अन्य मुकाबलों में फ्रेशर ग्रुप में सब जूनियर बालिका पूमसे ग्रुप 1 में लखनऊ की सिद्धि वर्मा ने स्वर्ण, समाइरा रहमान ने रजत व शचि व जैहरा अली ने कांस्य पदक जीते। सब जूनियर बालिका पूमसे ग्रुप 2 में कानपुर की अद्विका केडिया ने स्वर्ण, कैडेट बालक पूमसे में बिजनौर के दक्ष वशिष्ठ ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष सीनियर पूमसे में बागपत के मनन गुप्ता ने स्वर्ण व मेरठ के अंशुमान ने रजत पदक जीते। महिला सीनियर पूमसे में लखनऊ की अरुजा रस्तोगी ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं क्योरगी की स्पर्धाओं में कानपुर की पलक यादव, कौस्तुभ शुक्ला, लखनऊ के सिद्धार्थ यादव व वियान पंसारी ने स्वर्ण पदक जीते।

### प्रगति भारत महोत्सव का आयोजन 24 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आज का समृद्ध भारत की थीम पर आधारित प्रगति भारत महोत्सव का आयोजन 24 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक बंगला बाजार स्थित कांशीराम सांस्कृतिक उपवन में किया जाएगा। आयोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रगति भारत महोत्सव में केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय, हैण्डीक्राफ्ट, संस्कृति विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और नाबार्ड आदि विभागों का सहयोग रहेगा। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एनवी सिंह ने बताया कि प्रगति भारत महोत्सव-2024 में भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक विभूतियों को प्रगति भारत महोत्सव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रगति भारत महोत्सव-2024 की सांस्कृतिक संध्या में रोजाना भारत के विभिन्न राज्यों और के लोक नृत्य और लोक गायन के कार्यक्रम जैसे उत्तर प्रदेश का ख्याल नृत्य, रास नृत्य, झूला नृत्य, मयूर नृत्य, राजस्थान का घूमर नृत्य, पंजाब का गिद्दा-भांगड़ा, हरियाणा का झूमर नृत्य, बिहार का जाट जाटिन नृत्य, झारखंड का फगुआ नृत्य, महाराष्ट्र का लावणी नृत्य, गुजरात का गरबा नृत्य के साथ अन्य राज्यों के लोक नृत्य और लोक गायन के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा कवि सम्मेलन, मुशायरा, जादू, कठपुतली, बिरहा और आल्हा के कार्यक्रम होंगे।

### सजा मां आनंदी का दरबार, हुआ जागरण, झूमे भक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मां आनन्दी का 20वां जागरण गुरुवार को चौक स्थित खुनखुन जी रोड पर किया गया। इसमें कानपुर की जागरण पार्टी ओम जी शर्मा, हरियाणा की साक्षी शर्मा, कानपुर के अभिषेक शर्मा, गायिका शालू और जौन अजमेरी ने माता के एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर भक्तों को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। मां आनंदी जागरण में भक्त मधुर भजनों पर झूमे, इसके साथ ही उन्होंने माता के दरबार के दर्शन किए। अमन बजरंगी आर्ट ग्रुप ने सुंदर झांकियां पेश कीं। जागरण से पहले सुबह से माता आनंदी का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसमें आगंतुकों ने विविध स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया और माता के जयकारे लगाए। विनोद महेश्वरी, दिनेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल हैप्पी, विमल घनश्यामी, श्याम वर्मा, सुरेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनिल तलवार, अमित अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजू गुप्ता, राहुल गुप्ता, हर्षित अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, संजय रस्तोगी भोलू, भुवनेश अग्रवाल और आनंदी परिवार की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कपूर शिब्बू, प्रदीप टंडन, अनुराग मिश्रा अन्नू पार्षद, प्रतीक महेश्वरी, जेके मिश्रा, रुपेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आनन्द रस्तोगी, सोमू अग्रवाल, दीपक महेश्वरी और अमित मेहरोत्रा आदि जागरण में मौजूद रहे।

# सुषमा, यमुना ने दिलाई हिमाचल को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीनियर महिला टी 20 टूर्नामेंट त्रिपुरा और रेलवे ने भी जीत से किया आगाज

▸▸ हिमाचल की शानदार शुरुआत

**अमृत विचार :** स्टार खिलाड़ी कप्तान सुषमा वर्मा (नाबाद 46) की शानदार बल्लेबाजी और यमुना राना (4 विकेट) की सटीक गेंदबाजी के दम पर हिमाचल प्रदेश ने गुरुवार को इकाना स्टेडियम में शुरू हुए बीसीसीआई के सीनियर महिला टी 20 टूर्नामेंट के ग्रुप-डी में जीत से आगाज किया।

हिमाचल प्रदेश ने केरल को आठ विकेट से हराया। एक अन्य मुकाबले में त्रिपुरा ने बड़ी आसानी से सिक्किम को 72 रनों से पराजित किया। इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केरल की टीम हिमाचल प्रदेश की गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी।

88 रनों के योग पर टीम सिमट गई। दर्शना ने सबसे ज्याद 23 रन बनाए। वहीं, दृश्या ने 14 और अक्षया ने 13 बनाए। हिमाचल प्रदेश की यमुना राना ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 13 रन देकर केरल की चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। ज्योति, फिश्ता, कप्तान सुष्मिता और निकिता चौहान ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में हिमाचल प्रदेश ने कप्तान सुषमा वर्मा के नाबाद 46, निकिता चौहान के 28 और हरलीन देओल के नाबाद 16 रनों की मदद से 16.1 ओवरों में दो विकेट पर 92 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। सुषमा ने अपनी पारी में 48 गेंदों का सामना किया और पांच चौके व एक छक्का लगाया।

**त्रिपुरा की सिक्किम पर आसान जीत**

इकाना स्टेडियम के मुख्य मैदान पर सिक्किम और त्रिपुरा के बीच मुकाबला खेला गया। त्रिपुरा ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 117 रन बनाए। मौचेती देबनाथ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों पर 57 रनों की नाबाद पारी खेली। अम्बिका देबनाथ ने 11, तमन्ना ने 10 और रीजू साहा ने 25 रनों का योगदान दिया। जवाब में सिक्किम की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 45 रन ही बना पाई।

त्रिपुरा की पूजा, एबी देबानाथ, तमन्ना, रेशमा और प्रियंका ने एक-एक विकेट लिए। इकाना स्टेडियम में खेले गए दिन के आखिरी मैच में रेलवे ने हरियाणा को 20 रनों से हरा दिया। रेलवे के 149 रनों के जवाब में हरियाणा की टीम 129 रन ही बना सकी। रेलवे की ओर से प्रतिका ने आतिशी पारी खेली। उन्होंने 55 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की सहायता से 76 रन बनाये। नुजहत परवीन ने 52 रनों की पारी खेली।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह वि0 ख0रामनगर बाराबंकी**

पत्रांक मेमो/मनरेगा नि का 0–निविदा /रामनगर /2024–25

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामपुर महा सिंह विकासखंड रामनगर जनपद बाराबंकी में मनरेगा एवं ग्राम निधि की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त कार्यो में ईट, सरिया ,सीमेंट, मौरंग ,बालू, ईट गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, इत्यादि सामग्री क्रय की जानी है इच्छुक फर्मधारक/ भट्ठा स्वामी/ ठेकेदार/निविदा प्रकाशित होने के 10 दिनों के अंदर अपनी अपनी निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में डाल सकते हैं अंतिम दिन 28.10.2024 को 3 बजे सभी निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। सबसे कम दर वाली निविदा ही स्वीकार्य होगी।

**कार्यो का विवरण –**

1 इंटरलाकिंग से सुरेश के बंगला तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य
2 अमित के घर से रामसरन के घर होते हुए रामफेर के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य
3 राम कैलाश के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य
4 लवलेश वर्मा के घर से खलिहान तक नाली निर्माण कार्य
5 पंचायत भवन से नाला तक नाली निर्माण कार्य।

**नियम व शर्ते –** निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी
बिना कारण बताएं निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव का होगा।

**सरस्वती**
ग्राम प्रधान

**अखिलेश्वर सिंह चौहान**
सचिव

ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह वि0 ख0रामनगर बाराबंकी


# कोजागोरी लक्ष्मी पूजा के बाद कलाकारों ने प्रस्तुत किए मनभावन भजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानव आदर्श सेवा समिति की ओर से आयोजित कोजागोरी लक्ष्मी पूजा का भव्य आयोजन गुरुवार की शाम चारबाग स्थित सेवाग्राम रेलवे कालोनी के दुर्गा पूजा स्थल वाले पंडाल में किया गया। लक्ष्मी पूजन के बाद दुर्गा पूजा को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मानव आदर्श सेवा समिति के संस्थापक सचिव पीके घोष ने बताया कि गुरुवार को समिति की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा का यह 34वां आयोजन था। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने दी-रात मेहनत कर इसे कामयाब बनाया। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए समिति के संरक्षक और सलाहकार मुरलीधर आहूजा, एससी श्रीवास्तव, सोमनाथ चटर्जी, अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व विजय भाटिया को आमंत्रित किया गया। सम्मान समारोह से पहले शाम को शरद पूर्णिमा के मौके पर लक्ष्मी पूजा की गई। लक्ष्मी पूजन के बाद कलाकारों ने भजन संध्या में अपने भजनों की रसधार से मां के भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सेवाग्राम कालोनी में हुई लक्ष्मी पूजा।

### लखनऊ के समीर, ऋतुराज और प्रयागराज की प्रतिभा ने जीते स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के समीर सिद्दीकी, ऋतुराज सिंह और प्रयागराज की प्रतिभा सिंह ने नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप के तीसरे दिन स्वर्ण पदक जीते। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि गोवा के वास्को स्थित रवींद्र भवन में 14 से 18 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अब तक कुल 8 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक जीत चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज की प्रतिभा सिंह ने 84 किग्रा ओपन, लखनऊ के समीर सिद्दीकी ने जूनियर 74 किग्रा व लखनऊ के ही ऋतुराज सिंह ने जूनियर 120 किग्रा में स्वर्ण पदक जीते। गाजियाबाद की स्वीटी शर्मा ने 76 किग्रा मास्टर्स 2 में रजत पदक जीता। गोरखपुर की सौम्या सिंह को 76 किग्रा सब जूनियर और प्रयागराज के लवकुश चौधरी को जूनियर 66 किग्रा जूनियर में कांस्य पदक मिला।

# गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनाया गया कार्तिक माह का संक्रान्ति पर्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्तिक माह का संक्रान्ति पर्व गुरुवार को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। रहिरास साहिब के पाठ के बाद हजूरी रागी राजिन्दर सिंह ने शबद कीर्तन :– कतिकि करम कमावणे दोसु न काहू जोग, परमेसर ते भुलियां विआपनि सभे रोग को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। उन्होंने साध संगत को नाम सिमरन करवाया। मुख्यग्रंथी ज्ञानी गुरजिंदर सिंह ने कार्तिक माह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस माह में प्रभु मिलाप के लिए मन में चाव व भाव उठते हैं। गुरु ने कहा था कि जो मनुष्य कर्म करते हैं, उसके फल प्राप्त करने के लिए किसी और को दोष देना ठीक नहीं है, क्योंकि परमेश्वर को भुला देने पर मनुष्य हर प्रकार के रोग कष्टों से घिर जाता है। अच्छे बुरे कर्मों का फल लिखा गया है, वह भोगना ही पड़ता है, उसमें अपने करने से कुछ नहीं हो सकता। गुरुद्वारा आलमबाग के हजूरी रागी दिनेश सिंह ने इस अवसर पर शबद कीर्तन ऐसे गुर कउ बलि-बलि जाइए आप मुक्त मोहे तारै का गायन कर समूह संगत को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान के समापन के बाद लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को कार्तिक माह संक्रान्ति पर्व की बधाई दी।




**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम TUBA AHMED USMAN से बदलकर TUBA रख लिया है भविष्य में मेरी बेटी को TUBA के नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रार्थीनी– नसरीन बानो पत्नी अहमद उस्मान मकान नंबर–122 सहादतगंज ज़िला–अयोध्या

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम REEZA से बदलकर REEDA रख लिया है भविष्य में मेरी बेटी को REEDA के नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रार्थीनी–नसरीन बानो पत्नी अहमद उस्मान मकान नंबर–122 सहादतगंज ज़िला–अयोध्या

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम ONEZA MAQSOOD से बदलकर ONEAZA MAQSOOD रख लिया है भविष्य में मेरी बेटी को ONEAZA MAQSOOD के नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रार्थीनी–नौरीन नाज़ पत्नी मोहम्मद मक़सूद कुरैशी ग्राम व पोस्ट–भेलसर तहसील–रुदौली ज़िला–अयोध्या

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

पुलिस लाइन, भिनगा–श्रावस्ती–271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांकः 2 3 6 2/ई–टेण्डर/2024–25 दिनांक : 10–10–2024

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधान सभा भिनगा | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2024–25 में ककरदरी– चैधरीडीह (अन्य जिला मार्ग) के किमी0–23 एवं 28 में निर्मित सेतु का सुरक्षात्मक कार्य। | 33.00 | 3.30 | 945.00 | 02 माह |
| 2 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2024–25 में बहराइच–भिनगा–सिरसिया–तुलसीपुर–गुलरिहा (राज्य मार्ग–158) के किमी0–18 में निर्मित सेतु का सुरक्षात्मक कार्य। | 33.50 | 3.35 | 945.00 | 02 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 19–10–2024 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाइन दिनांक 19–10–2024 से 26–10–2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 26–10–2024 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 26–10–2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176 (सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

**(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)**
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
श्रावस्ती

UP-220825, DATE- 16-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं दिया। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा से राजनयिकों को निष्कासित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने अगले कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'



डा. रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस, लखनऊ

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।

मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।


निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

## प्रसंगवश

# मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे- पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]


सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा

जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे- लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाईं कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

# मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है । यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

## सोशल फोरम

# सोशल मीडिया को कैसे देखें

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।




प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और 'संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।

**- फेसबुक वॉल से**

# कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से ट्रूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और ट्रूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ट्रूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर ट्रूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। ट्रूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। ट्रूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियीं का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए ट्रूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो ट्रूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोत्गत्वा हानिकारक होता है।

# उधार की न्याय देवी

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैः काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## एक नजर

### अपराधी डरे हुए हैं: रामप्रीत

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी अराजकता और गुंडई को बढ़ावा देती है। ये बहू बेटियों के इज्जत को लूटने वालों को प्रमोट करती है। सपा जब भी सत्ता में आई है बहू बेटियों की इज्जत को खतरे में डालने का काम किया है। यह बात राष्ट्रवादी पार्टी (अजीत पवार गुट) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामप्रीत शर्मा ने गुरुवार को जारी एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। जितने भी अपराधी है वो डरे हुए है। हमारी सरकार शुरू से ही अपराधियों पर लगाम लगाने में काम कर रही है।

### शराब तस्करी के आरोप में उप निरीक्षक गिरफ्तार

अमृत विचार, बलिया : बलिया में बिहार पुलिस के एक उप निरीक्षक को शराब तस्करी के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) कृपा शंकर ने बताया, ''बलिया शहर कोतवाली पुलिस ने बिहार पुलिस के उप निरीक्षक रवि किशन पाराशर को अपनी कार में भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर ले जाते समय यमुना बांध चाबी घाट के पास से गिरफ्तार किया।'' पुलिस ने बताया कि कुल 121.60 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।'' बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

अमृत विचार, गाजियाबाद : पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता वी. के. सिंह की बेटी योगजा सिंह ने कविनगर थाने में कारोबारी आनंद प्रकाश के खिलाफ लगभग 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

### नहीं बन पा रहे अधार कार्ड

अमृत विचार, माल : बीते एक सप्ताह से माल स्थित डाक विभाग का कम्प्यूटर खराब है। आधार कार्ड बनवाने, उसमें सुधार कराने के लिए डाक घर जा रहे लोगों को वापस लौटना पड़ रहा है। डाक विभाग के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही कम्प्यूटर ठीक हो जाएगा।

# वाल्मीकि जयंती पर हुआ संस्कृत कवि सम्मेलन

## राज, तरुण, गोपाल, ध्रुव और कौशल ने किया काव्यपाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


संस्कृत संस्थान में वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने अपने परिसर में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर वाल्मीकि रामायण के अखण्ड पाठ का समापन किया। चण्डी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, हापुड़ से आये संस्कृत के विद्वान राज मिश्रा, तरुण मिश्रा, गोपाल मिश्रा, ध्रुव शर्मा, कौशल शर्मा एवं पुष्पेन्द्र शर्मा द्वारा वाल्मीकि रामायण का अखण्ड पाठ किया गया।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि आदिकवि शब्द आदि और कवि के मेल से बना है। आदि का अर्थ होता है प्रथम और कवि का अर्थ होता है काव्य का रचयिता। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदिकवि कहलाये।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान संस्कृत जगत की विभूतियों का सम्मान समारोह आयोजित करता रहा है, इसी क्रम में महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती समारोह के तहत यह आयोजन संस्थान में किया गया। इस मौके पर मूल वाल्मीकि रामायण का पाठ, संस्कृत विद्वत संगोष्ठी एवं संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी का विषय वाल्मीकि रामायण विश्वबन्धुत्वम् रखा गया था।

संगोष्ठी में प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी. डॉ. नीरज तिवारी और डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र मुख्य रूप से शामिल हुए। संगोष्ठी के बाद हुए कवि सम्मेलन की अध्यक्षता शिमला से आये कवि पद्मश्री प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने की। डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी के संचालन में हुए कवि सम्मेलन में डॉ. गायत्री प्रसाद पाण्डेय (वाराणसी), डॉ. सिंहासन पाण्डेय (देवरिया), डॉ. राजेन्द्र त्रिपाठी रसराज व डॉ. राम मिश्र (प्रयागराज), डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी (बागपत), डॉ. शशिकान्त तिवारी (छपरा) कवयित्री डॉ. प्रियंका आर्या (जम्मू) और डॉ. पंकज कुमार झा (राजस्थान) ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया।


प्राचीन बालाजी हनुमान मंदिर में पाठ करते लोग। अमृत विचार

### प्राचीन बालाजी हनुमान मंदिर में मनी वाल्मीकि जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन लखनऊ के सौजन्य से एवरेडी चौराहा स्थित प्राचीन बालाजी हनुमान मंदिर में ज्योति किरन रतन के दल ने बाल्मीकि रामायण और भजन संध्या का आयोजन किया। मंदिर के महंत ने बताया कि ऋषि वाल्मीकि एक राजमार्ग डाकू थे। उनका पुराना नाम रत्नाकर था। वे अपने शुरुआती जीवन में लोगों को लूटते थे। जब उनकी मुलाक़ात नारद मुनि से हुई, तो उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया। उन्होंने राम का अनुसरण शुरू किया और कई सालों तक ध्यान किया। एक दिन एक दिव्य वाणी ने उनके प्रायश्चित को सफल घोषित करते हुए उनका नाम बदलकर वाल्मीकि रख दिया गया। सनातन संस्कृति में बाल्मीकि का संस्कृत कवि के रूप में आध्यात्मिक महत्व है। इस अवसर पर ज्योति किरन रतन के साथ ईशा रतन, सहयोगी गौरव गुप्ता, गायन पर अशोक, सिंथेसाइजर पर उमेश चंद्र विश्वकर्मा, बबलू, हनुमत शरण, सचिन चतुर्वेदी, पार्वती गुप्ता, अरविंद गुप्ता, शशि सिंह, शरद श्रीवास्तव, रमन, बिन्दु सोनी, साधना सिंह और रीता गुप्ता आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# पत्थरों पर उभर रहीं कल्पनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** टैगोर मार्ग स्थित वास्तुकला एवं योजना संकाय में चल रहे 8 दिवसीय अखिल भारतीय समकालीन मूर्तिकला शिविर के चौथे दिन कलाकार पत्थरों पर अपनी कल्पना को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

शिविर के कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि वास्तुकला संकाय परिसर में चल रहे मूर्तिकला शिविर में भाग ले रहे 10 मूर्तिकारों में से लखनऊ के मुकेश वर्मा इस शिविर में मिक्स मीडिया में विषय प्रकृति को दर्शाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें वे बीज से विशाल वृक्ष तक की यात्रा को दर्शाएंगे। मुकेश लखनऊ में कई आर्ट प्रोजेक्ट कर चुके हैं। उन्होंने 2006 में लखनऊ कॉलेज ऑफ आर्ट्स से मूर्तिकला में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की 2008 में लखनऊ विकास प्राधिकरण में एक ड्राफ्ट मैन के रूप में की। उन्होंने जी-20 पर काम किया। उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और एलडीए से कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले।

शिविर में लखनऊ से ही दूसरे मूर्तिकार अजय कुमार हैं। अजय ने ग्वालियर से कला में स्नातक और लखनऊ आर्ट्स कॉलेज से परास्नातक पूर्ण किया। फिलहाल वर्तमान में लखनऊ रहते हुए ढोगरा जनजाति संग्रहालय भोपाल से पिछले तीन वर्षों से कला में शोध कार्य कर रहे हैं। कानपुर विश्वविद्यालय में व्याख्याता के रूप में काम किया और वर्तमान में कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट, लखनऊ में सहायक प्रोफेसर के रूप में भी काम कर रहे हैं।

शिविर में लखनऊ से ही एक और मूर्तिकार अवधेश कुमार जिन्होंने लखनऊ आर्ट्स कॉलेज से बीएफए और शकुंतला विश्वविद्यालय से परास्नातक किया। वह ज्यादातर प्रकृति विषय पर काम करते हैं। वह पत्थर और लकड़ी दोनों माध्यम में काम करते हैं। ज्यादातर स्टैंडस्टोन का उपयोग किया है। वह जबलपुर और ग्वालियर में शिविरों में भी भाग लिया हैं। लखनऊ में यह उनका पहला शिविर है।


जयपुर की महापौर और पार्षदों के साथ चर्चा करतीं लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### जयपुर की महापौर और पार्षदों सुषमा खर्कवाल से विचार किए साझा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रेटर जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर गुरुवार को पार्षद प्रतिनिधि मंडल दल के साथ लखनऊ पहुंचीं। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने पार्षदों के साथ उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। महापौर से शिष्टाचार भेंट के बाद लखनऊ व जयपुर के लोगों ने एक दूसरे से अपने-अपने विचार साझा किए। जयपुर की महापौर का पुष्पगुच्छ एवं राम दरबार की प्रतिमा देकर सम्मान किया गया। सौम्या ने सुषमा खर्कवाल को जयपुर में होने वाले महोत्सव में पार्षदों के साथ शामिल होने का आग्रह किया।

# पर्वतीय महापरिषद ने शुरू की तीन दिवसीय रामलीला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्वतीय महापरिषद भवन गोमती नगर में गुरुवार को तीन दिवसीय रामलीला शुरू हुई। रामलीला के पहले दिन राम जन्म, दशरथ दरबार एवं विश्वामित्र का प्रवेश, ताड़का वध, जनक दूत के द्वारा महर्षि विश्वामित्र को स्वयंवर का आमंत्रण, अहिल्योद्धार, पुष्पवाटिका एवं गौरी पूजन, जनक दरबार, धनुष यज्ञ एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद के दृश्य प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम की शुरुआत महापौर सुषमा खर्कवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

उन्होंने कहा कि रामलीला समाज को धर्म एवं नैतिकता का संदेश देती है। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी एवं महासचिव महेन्द्र सिंह रावत सहित पर्वतीय महापरिषद की केन्द्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

रामलीला समिति के मुख्य संरक्षक टीएस मनराल ने सभी का स्वागत करते हुए आभार जताया। रामलीला समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोरा एवं महासचिव रमेश चन्द्र उपाध्याय ने सभी अतिथियों को रामनामी पट्ट पहनाकर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि रामलीला में राम (नेहा सिंह), लक्ष्मण (निक्की सिंह), सीता (विधी जोशी), भरत (प्रज्जवल सिंह रावत), शत्रुघ्न (दक्ष बिष्ट), हनुमान (आनन्द सिंह कपकोटी), दशरथ (हरीश काण्डपाल), कैकेयी (चित्रा काण्डपाल), कौशल्या (दमयंती नेगी), सुमित्रा (राधिका बोरा), जनक (नरेन्द्र सिंह फर्त्याल) और परशुराम के रूप में गोविन्द सिंह बोरा शानदार भूमिकाएं निभा रहे हैं।

इस अवसर पर रामलीला समिति के पदाधिकारीगण संरक्षक प्रो. आरसी पन्त, भवान सिंह रावत, हरीश कांडपाल, पीसी पंत, टीडी पपनै, एसबी बोस, गिरीश चन्द्र कोठारी, तारा सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह, एनके उपाध्याय, डीडी पाण्डेय, प्रकाश भट्ट, बीसी खर्कवाल, हरीश चन्द्र भट्ट तथा गोविन्द सिंह बोरा, ख्याली सिंह कड़ाकोटी, कमल सिंह नेगी, और हेमंत सिंह गड़िया आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# नाटक में दिखीं रावण को लेकर राम की चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाट्य संस्था निसर्ग ने गुरुवार की शाम को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक आदिशक्ति रामशक्ति का मंचन किया। सूर्यकांत त्रिपाठी की रचना राम की शक्तिपूजा पर आधारित ललित सिंह पोखरिया द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक आदिशक्ति रामशक्ति में राम-रावण युद्ध के दौरान रावण के अपराजेय रहने पर राम के मंथन की तस्वीर देखने को मिलती है।

राम गहन चिंता में हैं। आखिर वह कौन सी आदिशक्ति है जो रावण की ओर से युद्ध कर रही है। राम को जामवंत से रावण की साधना की जानकारी मिलती है तो वह युद्ध के दौरान ही आदिशक्ति की प्रार्थना करते हैं। उन पर चढ़ाने के लिए 108 कमल मंगवाते हैं। वह 107 कमल चढ़ा चुके होते हैं। आख़िरी कमल चढ़ाने से पहले ही देवी उसे चुरा लेती हैं ताकि पूजा अधूरी रह जाए और रावण अपराजेय ही रह जाए। राम को याद आता है कि उनकी मां उन्हें कमल नयन भी कहा करती थीं, इसका मतलब यह है कि दो कमल तो अभी भी बाकी हैं। वह तीर उठाकर अपनी आंख चढ़ाने की कोशिश करते हैं तभी देवी प्रकट होकर उन्हें विजयी होने का वरदान देती हैं।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

नाटक में सुमित श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, ज्योति सिंह, अंकित श्रीवास्तव, दर्शन जोशी, अभ्युदय तिवारी, हेमंत सिंह, रजत के राजवंशी, सोनू सिद्धार्थ, केडी जोशी, योगेन्द्र पाल, अभिलाषा सिंह, अमन सिंह, पीयूष राय और मिन्नी दीक्षित ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं।

# तीनों वर्गों में गोरखपुर विजेता वाराणसी मंडल उप विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता का समापन
- अंडर-19 व 14 बालिका वर्ग में लखनऊ की टीम रही तृतीय

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में चल रही 68 वीं बालिका प्रदेशीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में गोरखपुर विजेता और वाराणसी मंडल उपविजेता रहा। अंडर 19 व 14 बालिका वर्ग में लखनऊ की टीम तीसरे स्थान पर रही।

गुरुवार को समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम और विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जगप्रवेश ने विजेताओं को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। बालिका वर्ग में अंडर 19 में गोरखपुर वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने प्रथम, वाराणसी ने द्वितीय, लखनऊ ने तृतीय और बरेली मंडल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 में भी गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज ने प्रथम, वाराणसी ने द्वितीय, गोरखपुर ने तृतीय और अयोध्या मंडल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 में गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज प्रथम, वाराणसी द्वितीय, लखनऊ तृतीय, झांसी मंडल चतुर्थ स्थान पर रहा।


पुलिस महानिदेशक से मुलाकात करते व्यापारी। अमृत विचार

# सराफा व्यापारियों को विशेष सुरक्षा देने की मांग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पुलिस महानिदेशक से मिले व्यापार मंडल के पदाधिकारी
- व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को प्रभावी बनाये जाने पर आभार जताया

अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यारियों की बैठक पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के साथ हुई। संदीप ने व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को प्रभावी बनाने पर पुलिस महानिदेशक का आभार जताया। साथ ही सभी जनपदों में बैठक करने, सभी थानों में व्यापारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने, साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित करने एवं सराफा व्यापारियों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने की मांग रखी। सीतापुर, मेरठ तथा बागपत जनपदों के व्यापारी प्रतिनिधियों के मामले भी महानिदेशक के सामने रखे।

पुलिस महानिदेशक ने सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने व्यापारी समाज से लालच में न पड़कर साइबर अपराधों से बचने की सलाह दी। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छाबलानी, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राजीव बंसल, बागपत जिला अध्यक्ष भूपेश बब्बर, मेरठ महानगर अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहित गोयल, सीतापुर के मिश्रिख नगर अध्यक्ष हरिप्रसाद वर्मा, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अनुपम अग्रवाल उपस्थित थे।

### नाम दान कार्यक्रम का समापन

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज क्षेत्र में लोनी पुल के पास शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सत्संग व नाम दान कार्यक्रम का गुरुवार को समापन किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन समापन के अवसर पर उज्जैन से पधारे बाबा उमाकान्त महाराज ने भारत में बढ़ती शराब-मांस और चरित्रहीनता पर बड़ी चेतावनी दी।

इस बारे में प्रवचन देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी शराबी व मांसाहारी व्यक्ति कभी सही निर्णय नहीं ले सकता है।

# एनएसयूआई ने किया हजरतगंज में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पोस्टर पर पोती कालिख और लगाए मुर्दाबाद के नारे

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की प्रियंका गांधी पर टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने गुरुवार को हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया।

मंत्री के पोस्टर पर काली स्याही पोत कर मुर्दाबाद के नारे लगाये। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मंत्री अपने बयान पर माफी मांगें। एनएसयूआई के छात्रों ने कहा कि मंत्री द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का हम विरोध करते हैं।

प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा, सुधांशु राणा, श्रेयस, तनय समेत तमाम लोग शामिल रहे।


पुलिस हिरासत में एनएसयूआई के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अराजक तत्वों ने रास्ते में लगाया बोर्ड

**अमृत विचार, गोसाईगंज:** क्षेत्र के परेहटा गांव में अराजक तत्वों द्वारा रास्ते पर बोर्ड लगाने की शिकायत ग्राम प्रधान ले उपजिलाधिकारी से की है। परेहटा की ग्राम प्रधान कुसुमा वाती के अनुसार अराजक तत्वों ने गांव के रास्तो पर बोर्ड लगा दिया गया है। आरोप है कि गांव के कुछ अराजक तत्वों के साथ कुछ बाहरी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इससे ग्रामवासियों में काफी आक्रोश है। ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज को पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# नए नियम से साढ़े पांच हजार दिव्यांगों की पेंशन अटकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनपीसीआई पोर्टल पर करानी है पेंशन खातों की मैपिंग
- 23 हजार में से 18 हजार दिव्यांगों को इस बार मिल पाई पेंशन

**अमृत विचार :** विधवा और वृद्धावस्था पेंशन के साथ दिव्यांग पेंशन के लिए भी खातों की एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से पांच हजार से ज्यादा दिव्यांगों की पेंशन अटक गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पेंशनधारकों से जल्द अपने खातों की एनपीसीआई मैपिंग कराने को कहा है।

जिले में करीब 23 हजार दिव्यांगों को एक हजार रुपये की मासिक पेंशन मिल रही है। पेंशन की धनराशि हर तिमाही दी जाती है। जुलाई में सभी दिव्यांगों की पेंशन जारी हो गई थी, मगर इसके फौरन बाद नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) पोर्टल पर खाते की मैपिंग कराने की अनिवार्यता लागू कर दी गई। जिलाधिकारी की ओर से निर्देश जारी होने के बाद करीब 18 हजार दिव्यांगों ने तो मैपिंग करा ली लेकिन करीब 5400 ऐसे दिव्यांग पेंशनधारकों को एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग न होने के कारण पेंशन मिलने का रास्ता साफ नहीं हो सका है।

बदहाली

आदाब अर्ज लखनऊ ने चिनहट पाटरी की फैक्ट्री का किया दौरा

# चिनहट पॉटरी पर टैक्स और गुजरात पॉटरी टैक्सफ्री से बिगाड़े कुम्हारों के हालात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आदाब अर्ज लखनऊ के सदस्यों ने गुरुवार को लखनऊ की शान रही चिनहट पॉटरी फैक्ट्री का दौरा किया, जो अब खत्म होने की कगार पर है। 1957 में स्थापित हुई यह फैक्ट्री मिट्टी से बने खूबसूरत फूलों से सजे टेराकोटा फूलदान, चाय के सेट, डिनर प्लेट और प्लांटर्स का उत्पादन करती थी, जिन पर खूबसूरत फूलों की छपाई होती थी।

अपनी समृद्ध संस्कृति और विरासत के लिए प्रसिद्ध लखनऊ - बाराबंकी रोड पर स्थित चिनहट पॉटरी के रूप में एक रचनात्मक आयाम है। मौजूदा समय कुम्हारों और उनके व्यवसाय के बेहतर भविष्य के लिए तत्काल सुधार और प्रोत्साहन की जरूरत है। चिनहट में मिट्टी के बर्तन बनाने का उद्योग था जिसने गांव को राज्य में मिट्टी के बर्तन बनाने के केंद्र के रूप में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने में मदद की।

संस्था की संस्थापक इफ्फत खान ने बताया कि राज्य नियोजन विभाग के अनुसंधान कार्य विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह परियोजना शुरू की थी। इसका मकसद बेरोजगार युवाओं को मिट्टी के बर्तन बनाने का प्रशिक्षण देना और छोटी-छोटी इकाइयां स्थापित करना था। चिनहट के लोगों ने इस परियोजना की मदद से मिट्टी के बर्तन बनाने के क्षेत्र में इसे बड़ा और लाभदायक बनाने की संभावना देखी। उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में अच्छी प्रतिक्रिया मिली।


चिनहट पॉटरी में आदाब अर्ज लखनऊ के सदस्य। अमृत विचार

आदाब अर्ज लखनऊ की टीम को स्थानीय लोगों ने बताया कि फैक्ट्री परिसर को कुछ लोगों ने किराये पर ले लिया है। वह व्यापारियों के लिए मिट्टी और टेराकोटा के बर्तन बना रहे हैं। यह बर्तन आम लोगों को नहीं मिल पाते। चिनहट की मिट्टी के बर्तन ग्लेज्ड टेराकोटा और सिरेमिक की श्रेणी में आते हैं। मिट्टी के बर्तनों में देहाती लुक होता है और वे मिट्टी के समान दिखते हैं। ग्लेज़ आमतौर पर हरे और भूरे रंग के होते हैं। चिनहट मिट्टी के बर्तनों को 1180 से 1200 सेल्सियस पर पकाया जाता है। उत्पादों में मग, कटोरे, फूलदान, कप और तश्तरी शामिल हैं। मग, फूलदान और पत्ती के आकार की प्लेटों के अलावा चिनहट के नीले और सफेद रंग के खिलौने वाले चाय के सेट भी बहुत लोकप्रिय हैं।

बर्तन बनाने वाले कुम्हारों से रोजाना 10 घंटे काम लिया जाता है और 5000 रुपये महीने वेतन मिलता है, उनके लिए कोई भी छुट्टी नहीं है। चिनहट की पाटरी फैक्ट्री को घाटे की वजह से तत्कालीन सरकार ने 1994 में बंद कर दिया था। एक दुकान के मालिक ने बताया कि मिट्टी के बर्तनों का बाजार अच्छा नहीं है, क्योंकि आजकल बाजार पर खुर्जा मिट्टी के बर्तनों का कब्जा है और सस्ते प्लास्टिक और मेलामाइन के बर्तन, प्लेट, डिनर सेट के कारण मांग कम हो गई है। लोग मिट्टी के बर्तन इसलिए भी नहीं खरीदते क्योंकि 10 प्रतिशत करों के कारण इसकी कीमत अधिक होती है। दूसरी ओर गुजरात टेराकोटा खाना पकाने और परोसने के बर्तन करों से मुक्त हैं फिर भी वे अन्य मिट्टी के बर्तनों की तुलना में बहुत महंगे बिकते हैं। चिनहट पाटरी का हाल जानने गई टीम में आर्किटेक्ट कायनात सिद्दीकी, इफ्फत खान, रेखा कुमार, मोहम्मद अहसन, एके श्रीवास्तव, मनीष मल्होत्रा, अरसरीन फातिमा और बृज कुमारी सिंह आदि मौजूद रहे।

# 60 घंटे बाद नेट सेवा बहाल, पुलिस बोली- अफवाह फैलाई तो होगी कार्रवाई

**बहराइच हिंसा**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** महराजगंज में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान दो समुदाय में भिड़ंत के बाद सोमवार दोपहर से बंद नेट सेवाएं गुरुवार शाम से फिर चालू हो गई। करीब 60 घंटे बाद बुधवार रात 12:15 बजे नेट सेवाएं बहाल कर दी गई। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की बात कही है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में डीजे पर गाना बजाने के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने विरोध किया था। विरोध के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बवाल के बाद घर और दुकानों में आग लगाने के साथ वाहनों को जला दिया गया था।



सोशल मीडिया पर तरह तरह के अफवाह फैलाया जा रहा है। जिसमें राम गोपाल मिश्रा की करंट लगने, नाखून उखाड़ने समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। यह सभी आरोप निराधार है। राम गोपाल मिश्रा की की गोली लगने से मौत हुई है।

-डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

## रामगोपाल के घर व रास्ते पर पुलिस का पहरा, हो रही पूछताछ

संवाददाता, बहराइच

● गांव जाने वाले मार्गों पर लगाई बैरीकेडिंग, पुलिस तैनात, मृतक के परिवार से मिलने आने वाले रिश्तेदारों को भी हो रही परेशानी

**अमृत विचार:** महाराजगंज में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली मारकर की गई हत्या के मामले में मृतक के गांव रेहुआ मंसूर में पुलिस ने बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया है। जगह जगह पुलिस तैनात कर दी गई है। इससे गांव के लोगों को भी दिक्कत हो रही है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर निवासी राम गोपाल मिश्रा की रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद जमकर बवाल हुआ था। आगजनी और तोड़फोड़ भी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक 62 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें गोली मारने वालों में शामिल एक अपराधी को भी जेल दिया है। वहीं अब पुलिस ने मृतक राम गोपाल मिश्रा के गांव में पूरी तरह से लोगों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें राज नेताओं के साथ मीडिया के लोग भी शामिल हैं। किसी भी पार्टी के नेताओं को मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार के लोगों से मिलने पर रोक लगा दिया गया है। गुरुवार को रेहुआ मंसूर मोड़ पर महिला और पुरुष सिपाही एक उप निरीक्षक की अगुवाई में तैनात कर दिया गया है। जबकि मृतक के घर के पास उप निरीक्षक राज कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा गांव में एक ट्रक पीएससी के जवान लगा दिए गए हैं। पुलिस की बैरीकेटिंग और जगह जगह तैनाती को लेकर मृतक के परिवार से मिलने आने वाले लोगों को भी दिक्कत हो रही है। उनके वाहन दूर ही रोक दिए जा रहे हैं। ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक राज कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार की समस्या को देखते हुए अधिकारियों ने यह फैसला किया है। जिसका पालन करवाया जा रहा है।



राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव में तैनात पुलिस। : अमृत विचार

### सूचना अधिकारी समेत चार पर कार्रवाई

महराजगंज बाजार में रविवार को हुए दंगे के बाद अब तक तीन पुलिस कर्मियों के साथ सूचना अधिकारी पर कार्रवाई हुई है। सूचना अधिकारी को लखनऊ संबंध कर दिया गया है। मामले में लापरवाही और लाठीचार्ज के मामले में सीओ रूपेंद्र गौड़, थानाध्यक्ष हरदी आर एस वर्मा और चौकी इंचार्ज अशोक कुमार को निलम्बित किया गया है। जबकि समाचार संकलन में सही स्थिति न होने और अधिकारियों का बयान सही न प्रसारित होने के चलते जिले के सूचना अधिकारी गुलाम वारिस को लखनऊ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महराजगंज में पटरी पर लौट रही जिंदगी

**भगवानपुर।** महराजगंज में घटना के बाद से जगह जगह पुलिस और पीएससी के जवान तैनात हैं। स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। गुरुवार को भी महराजगंज के अलावा अन्य गांवों और चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रही। पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। बवाल के बाद धीरे धीरे जन जीवन सामान्य हो रहा है। लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि आम दिनों की तरह लोग आवागमन कर रहे हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है।

**एक नजर**

### छेड़छाड़ पीड़िता डॉक्टर की तबीयत हुई खराब

**कानपुर, अमृत विचार :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की छेड़छाड़ पीड़िता महिला डॉक्टर की तबीयत खराब हो गई है। जिस कारण उन्होंने अभी मेडिकल कॉलेज आकरज्वाइन करने में असमर्थतता जताई है। महिला डॉक्टर ने उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.केएन कटियार पर छेड़छाड़, धमकी का आरोप लगाया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को पकड़ा था। लेकिन कुछ देर बाद जमानत पर छोड़ भी दिया था। इससे महिला डॉक्टर डर गई थीं।

### व्यापारी को प्रेमजाल में फंसा 32 लाख वसूले

**कानपुर, अमृत विचार :** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक कपड़ा व्यापारी को पूर्व में साथ में काम करने वाले साथी की पत्नी ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने एक वर्ष में 32 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब और रुपये की मांग की तो मना करने पर महिला ने बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### तस्कर की ढाई करोड़ की अचल संपत्ति होगी कुर्क

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुनव्वर गिरोह के सक्रिय सदस्य जासिम द्वारा स्वयं के नाम अर्जित की गयी करीब ढाई करोड़ की अचल सम्पत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जायेगा। पंजीकृत यूपी गैंगस्टर एक्ट के सक्रिय सदस्य जासिम निवासी हटिया के सरगना मुनव्वर निवासी जैदपुर के साथ 15-20 वर्षों से आर्थिक लाभ के लिए मादक पदार्थ की तस्करी में बड़े पैमाने पर लिप्त है।

## फतेहपुर में जमीन विवाद में भाई-भाभी की हत्या

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार:** खागा कोतवाली के फतेहपुर टेकारी गांव में जमीन बंटवारे के विवाद में गुरुवार को छोटे भाइयों ने बड़े भाई और भाभी की पत्थर और कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर छोटे भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर टेकारी गांव में जमीन बंटवारे को लेकर धर्मेंद्र तिवारी (33) का विवाद अपने छोटे भाइयों बूंदी तिवारी व शुभम तिवारी से था। दोनों पक्षों में इसको लेकर अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार शाम भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई बूंदी एवं शुभम ने बड़े भाई धर्मेंद्र को कुल्हाड़ी एवं ईंट पत्थर से प्रहार कर मरणासन्न कर दिया। बीच-बचाव करने आई धर्मेंद्र की पत्नी रोली पर भी दोनों लोगों ने कुल्हाड़ी एवं ईंट पत्थर से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन बचाने आए तो हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। हमले में धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

## अवपथन से रेल यातायात प्रभावित

**संवाददाता, नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पूर्वी सीमांत रेलवे के लुमडिंग मंडल पर डिबोंलॉन्ग स्टेशन पर अगरतला से शुरू हुई ट्रेन संख्या 12520 अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन के अवपथन के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित होने वाली ट्रेन संख्या 14619 अगरतला-फिरोजपुर एक्सप्रेस ट्रेन जो 17 अक्टूबर को अगरतला से रवाना हुई वह बदरपुर स्टेशन तक ही संचालित होगी। अर्थात यह ट्रेन बदरपुर जंक्शन फिरोजपुर के मध्य आंशिक रद रहेगी।

## राहुल गांधी के मानहानि के केस में सुनवाई 31 को

**संवाददाता, सुलतानपुर:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था । परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी । परिवादी से शेष जिरह के लिए 31 अकटूबर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है।

## दीपोत्सव पर ऑनलाइन करें दान, घर पहुंचेगा प्रसाद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण दीपोत्सव-2024 के लिए एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि 30 अक्टूबर को दीपोत्सव का अयोजन होगा। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में सम्मलित होने की इच्छा रखते हैं। बहुत से श्रद्धालु हैं महापर्व पर नहीं आ सकते, लेकिन ऑनलाइन माध्यम से दीये का दान कर के दीपों के इस महापर्व में अपना सहयोग प्रदान करना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ऐसे भक्ति-भाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी दीपोत्सव महापर्व के अवसर पर 'एक दीया राम के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम के द्वारा देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से अपने स्वेच्छानुसार राशि दान स्वरुप दे सकेंगे। देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या में होने वाले, इस महान दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं, जिसके प्रतिफल में उन्हें प्रसाद भी भेजा जायेगा।

## प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल स्पर्धा शुरू

### 18 मंडलों की टीमें कर रहीं प्रतिभाग, लीग कम नॉक आउट पद्धति पर हो रही प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उप्र खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के डॉ. भीमराव आंम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को आठ दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक आगाज हुआ। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने प्रतिभागी टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की।

आरएसओ चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि को प्रतियोगिता की जानकारी दी। प्रतियोगिता में सभी 18 मंडल की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। लीग कम नॉक आउट पद्धति पर प्रतियोगिता चयनकर्ता उपक्रीड़ा अधिकारी उन्नाव मुकेश सब्बरवाल व पर्यवेक्षक आरिफ नजमी की निगरानी में हो रही है। समारोह का संचालन जिला बैडमिन्टन संघ के सचिव अनूप दुबे ने किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, अनुपम शुक्ल, बबलू कुमार, बिन्दु आदि रहीं।



प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में खेलते खिलाड़ी।

### खिलाड़ियों को हरसंभव संसाधन दे रही सरकार

उप्र के खिलाड़ी अब किसी अन्य प्रदेश के मोहताज नहीं रहे। अपनी योग्यता के बल पर उप्र के खिलाड़ी प्रदेश व देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। ये बातें रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव ने गुरुवार को कही। वह प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कहा केन्द्र व प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए हरसंभव संसाधन उपलब्ध करा रही है। प्रतिभावान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हे विभिन्न संस्थानों में खेल योग्यता के आधार पर नौकरी भी मिल रही है।

## बहराइच दंगों की हो सीबीआई जांच

**कुशीनगर, अमृत विचार:** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा बहराइच के दंगों की जांच सरकार सीबीआई से कराये ताकि सच्चाई का पता चल सके।

ये बातें गुरुवार को पडरौना में पूर्व मंत्री व राशोसपा के अध्यक्ष ने मौर्य ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। कहा कि ऐसा लग रहा है प्रदेश में उपचुनाव को लेकर मोदी व योगी सरकार लोगों को आपस में बांटना चाह रही है। राशोसपा के जिलाध्यक्ष के हिंदू देवी-देवताओं पर बयान पर रामेश्वर कुशवाहा द्वारा माफी मांग ली गयी है। लेकिन प्रशासन निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। पडरौना के छावनी कांड मे निर्दोष लोगों को जेल भेज रही है।

## पैरामेडिकल छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की पैरामेडिकल छात्रा की गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा को उसका दोस्त हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के लिए लाया था, जहां पूछताछ में जानकारी मिली कि छात्रा ने विषैला पदार्थ खाया है, उसके बाद दोस्त वहां से चला गया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रा के परिजनों को जानकारी दी।

प्रतापगढ़ निवासी रमेश श्रीवास्तव की बेटी पूजा श्रीवास्तव उर्फ प्रिया (20) गीता नगर स्थित हॉस्टल में रहकर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे पूजा का मित्र रितेश उसे गंभीर हालत में लेकर हैलट पहुंचा, यहां पर युवती को इमरजेंसी के मेडिसिन विभाग में डॉ.आरसी गुप्ता के अंडर में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में शिफ्ट किया। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह व डॉ.अनुराग राजौरिया भी इमरजेंसी पहुंचे। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने छात्रा के परिजनों को जानकारी दी। इधर, थोड़ी देर बाद दोपहर दो बजे छात्रा ने दम तोड़ दिया, इसके बाद छात्रा का साथी रितेश मौके से लापता हो गया।

## डीसीएम में घुसी कार दरोगा, युवती की मौत

▸▸ पुलिस मुख्यालय में एएसआई के पद पर थी तैनाती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के एनएच 2 हाईवे पर गुरुवार दोपहर कानपुर से फतेहपुर जा रही कार हाईवे किनारे खड़े डीसीएम में पीछे से घुस गई। कार के परखचे उड़ गए। हादसे में डीजी कार्यालय लखनऊ में तैनात सहायक उपनिरीक्षक और बगल में बैठी युवती की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद रस्से से गाड़ी को डीसीएम से बाहर निकलवाया। हादसे के बाद डीसीएम चालक फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### शव देख फफक पड़े पिता घर में मां हुई बेसुध

दरोगा की मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों को विश्वास ही नहीं हुआ। सोमवार को सागर घर से लखनऊ ड्यूटी पर जाने की बात कह निकला था। वो कैसे और क्यूं कार से युवती के साथ कानपुर से फतेहपुर की तरफ जा रहा था इस सवाल का जवाब परिजनों के पास नहीं है। पिता रणकेंद्र सीएचसी पहुंचे तो बेटे का शव देख फफक पड़े। वहीं घर में मां सुमन बार-बार बेटे को याद कर बेसुध हुई जा रही थीं।

### युवती कॉल सेंटर में करती थी नौकरी

पुरवामीर चौकी इंचार्ज प्रभा शंकर ने बताया कि कार में बैठी रायबरेली निवासी वैशाली सिंह लखनऊ में एक कॉल सेंटर में काम करती थी और वहीं रहती थी। परिजनों ने बताया कि वैशाली का कानपुर में किसी बीमारी का इलाज चल रहा था। इसी के चलते उसका आना-जाना कानपुर रहता था।

बर्रा 8 निवासी रणकेंद्र सिंह के 27 वर्षीय पुत्र सागर सिंह सेंगर सहायक उपनिरीक्षक पद पर पुलिस मुख्यालय (डीजी) लखनऊ में तैनात थे। सागर सिंह वैगनकार कार से गुरुवार दोपहर करीब एक बजे विजय बहादुर सिंह की 25 वर्षीय पुत्री वैशाली सिंह निवासी रायबरेली के साथ फतेहपुर की ओर जा रहे रहे थे। कार एमजीए कॉलेज के पास हाईवे किनारे खड़े डीसीएम में पीछे घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखचे उड़ गए।

## इरफान सोलंकी के मामले में छह नवंबर को सुनवाई

**कानपुर।** सीसामऊ सीट से सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी को आगजनी के मामले में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव के इस्तीफा देने के कारण सुनवाई टल गई। अब 6 नवंबर को सुनवाई होगी। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा के प्लॉट पर आगजनी के मामले में विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी एमएलए कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई थी।

## अखिलेश ने योगी सरकार पर उठाए सवाल

**श्रद्धांजलि**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी मालती देवी के निधन पर गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यहां उन्होंने बेनी प्रसाद के पुत्र राकेश वर्मा समेत पूरे परिवार से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान अखिलेश यादव ने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर योगी सरकार पर सवाल उठाए। कहा यह भाजपा सरकार की असफलता है। बहराइच हिंसा के आरोपियों के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि योगी सरकार अंग्रेजों के नारे डिवाइड एंड रूल पर काम कर रही है। वह नफरत को बढ़ावा दे रही है।



मालती देवी को श्रद्धांजलि देते अखिलेश यादव। अमृत विचार

योगी सरकार में एनकाउंटर नहीं हत्याएं हो रही हैं। बिना नाम बताये पता चल जाता है किस समुदाय से जुड़े लोगों का एनकाउंटर हुआ है। सरकार ने बैलेंस करने के लिये मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के पहले डीजीपी भी पुलिस के एनकाउंटर पर सवाल उठा चुके हैं। सपा की सरकार बनने पर हम सभी की जांच कराएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच की घटना दुखद है। समाज में ऐसी घटनाओं की कोई जगह नहीं है। इस घटना को रोका जा सकता था, लेकिन सरकार की मशीनरी पूरी तरह से फेल हुई। उन्होंने कहा कि बहराइच के पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी न्याय दिलवाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पत्रकारों को मारपीट कर झूठे मुकदमे में जेल भिजवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा की सरकार आने पर हम जनता को बेहतर सुनिधाएं देंगे। हमारी सरकार में कानून व्यवस्था सुधरेगी। अखिलेश ने कहा कि यूपी पुलिस को बेहतर करने के लिए हमने डायल 100 जैसी तमाम सुविधाएं दी थीं। जो समाजवादियों ने काम किया था, 2027 में सपा जनता को उससे बेहतर सुविधाएं देने का काम करेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को समाज में नफरत फैलाने से फुर्सत नहीं है।

**आयोजन** कौमी एकता के महाकुंभ दस दिवसीय देवा महोत्सव का आगाज आज

## दस दिनों तक दिखेगी कला संस्कृति की अनूठी झलक

संवाददाता, देवा (बाराबंकी)

**अमृत विचार:** जो रब है वही राम का संदेश देकर दुनिया को कौमी एकता का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले दस दिवसीय विश्व विख्यात देवा मेला का शुभारंभ आज परंपरागत तरीके से किया जाएगा। इसी के साथ 10 दिनों तक कला व संस्कृति के वैभव की अनूठी छठा यहां बिखरेगी।


कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आज से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलने वाले दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। इसको लेकर शेख हसन गेट को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इस मेले को भव्यता देने की प्रशानिक कवायद पूरी हो चुकी है। मेले का ऑडिटोरियम भी कलाकारों की मेजबानी करने को तैयार हो चुका है। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है। 10 दिनों तक चलने वाले इस मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन गली में लगने वाले झूले और सर्कस होते हैं। मेला परिसर में अधिकांश दुकानें सज गई हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी और दंगल समेत अन्य प्रतियोगिताएं भी होनी हैं। जिनका दर्शक आनंद ले सकेंगे। मेला का मुख्य मिष्ठान खजले की दुकानों पर भी कई प्रकार के खजले मौजूद हैं। उधर, शाम को एडीएम ने मेला परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।



देवा महोत्सव को लेकर तैयार हाजिर वारिस शाह बाबा की मजार। अमृत विचार

देवा महोत्सव के आगाज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार शाम पांच बजे शेख हसन द्वार पर फीता काटकर जिलाधिकारी की धर्म पत्नी इसकी शुरुआत करेंगी। मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के नामचीन सिंगर रूप कुमार राठौर व सोनाली राठौर, सूफी गायक अल्ताफ रजा गायकी से मंत्रमुग्ध करेंगे। मंच पर बिरहा, कव्वाली, भजन, म्यूजिक कान्फ्रेंस, कवि सम्मेलन, मुशायरा के रंगारंग कार्यक्रम होंगे।

-डॉ. अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी/मेला सचिव



## आठ सीनियर छात्रों पर रिपोर्ट दर्ज

**एचबीटीयू में रैगिंग**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विवि (एचबीटीयू) के जूनियर बीटेक छात्र ने सीनियर्स पर बर्थडे पार्टी में बुलाकर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने 8 सीनियर बीटेक छात्रों पर संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जय साक्षी अपार्टमेंट नवाबगंज निवासी गौरव चौहान ने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर को रात 12:38 पर दोस्त यशविंदर सिंह (बीटेक तृतीय वर्ष) के मोबाइल पर सीनियर गोविन्द सिंह (बीटेक फाइनल) का फोन आया। उसने कहा कि तुम और गौरव चौहान (बीटेक तृतीय वर्ष) धीर शशीकान्त शर्मा (बीटेक तृतीय वर्ष) को लेकर एचबीटीयू के अब्दुल कलाम हॉस्टल में मेरी बर्थडे पार्टी मनाने के लिए आ जाओ। इस पर यशविन्दर, गौरव तथा धीर हॉस्टल पहुंचे। वहां पर सीनियर गोविन्द, निश्चल निगम, हर्ष मधेशिया तथा अभय सोनकर आदि मिले।

हॉस्टल की छत पर पार्टी चल रही थी। पार्टी के दौरान सीनियर्स अमन सिंह, अमन कुशवाहा, नितिन सिंह, सूरज गौंड, अंकित गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय उर्फ गुच्ची, आकांक्ष अत्रेय, अनूप राजपाल ने जूनियर धीर, शशिकान्त शर्मा, यशविन्दर सिंह व गौरव चौहान से कपड़े उतारने को कहा। मना करने पर सीनियर्स गालीगलौज करने लगे। आठों सीनियर्स ने तीनों जूनियर्स को लात-घूंसों से मारा। जब गौरव चौहान ने सीनियर अभिषेक उपाध्याय को पकड़ लिया तो सारे सीनियर्स और भड़क गए और अपने कमरों से डंडा, बेल्ट, लोहे की रॉड लेकर आ गए और जूनियर्स को मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि सीनियर अमन सिंह ने जूनियर धीर शशीकान्त शर्मा के सिर पर डंडा मारा जिससे धीर का सिर फट गया और खून बहने लगा। सीनियर अंकित गुप्ता तथा नितिन ने जूनियर यशविन्दर को बेल्ट से एवं कड़े से सिर तथा आंख पर मारा।

## एक नजर

### बहेड़ी में मेडिकल स्टोरों पर छापे नशे की दवाएं और इंजेक्शन जब्त

बरेली। ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने बहेड़ी के तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। एक मेडिकल स्टोर पर कई दवाओं के बिल नहीं मिले तो उन्हें बेचने पर रोक लगा दी गई। दूसरे मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुईं जिन्हें जब्त कर वहां दवाओं को खरीदने-बेचने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। औषधि प्रशासन विभाग के मंडल कार्यालय पर बहेड़ी में दवाओं के अवैध कारोबार की शिकायत की गई थी। सहायक आयुक्त औषधि संदीप चौधरी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अनामिका, अंकुर जैन ने बहेड़ी के शोभित मेडिकल स्टोर और सहर मेडिकल स्टोर समेत तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर जांच की।

### खुसरो कॉलेज प्रकरण में तीन और आरोपी गिरफ्तार

बरेली। डी फार्मा के करीब चार सौ विद्यार्थियों को फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉलेज का चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसका बेटा फिरोज और फर्जीवाड़े में उसका प्रमुख मददगार विजय शर्मा पहले से जेल में है।

### डिवाइडर से टकराई रफ्तार बाइक, युवक की मौत

बरेली। रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक सराय चौकी के सामने डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुभाषनगर के गणेशनगर गली नंबर चार निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उनका बेटा निहाल (18) बुधवार रात दोस्त दिनेश के साथ किला की ओर गया था। वह देर रात करीब 11 बजे वापस आ रहा था। बाइक दिनेश चला रहा था। किला ओवरब्रिज से उतरते समय सराय चौकी के सामने बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पीछे बैठा निहाल और दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने निहाल को मृत घोषित कर दिया।

# मुरादाबाद में महिला की सिर कटी लाश व बच्चे का शव मिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**डबल मर्डर से सनसनी**

- 7 दिन पुराना हो सकता है महिला का बच्चे का दो दिन पुराना शव नहीं हो सकी पहचान
- शव से 25-30 मीटर दूर पर फेंका सिर, जलाने का भी किया गया था प्रयास

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव गुरुवार को देवापुर के जंगल में कल्याणपुर जाने वाले चकरोड पर रामगंगा नदी के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की तो शव से लगभग 25-30 मीटर दूर सिर बरामद हुआ।

इस दौरान फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी थी, तभी करीब 200 मीटर दूर एक बच्चे का शव और मिला। बच्चे के शरीर पर सिर्फ अंडरवीयर है। दोनों ही शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कटघर क्षेत्र में गांव देवापुर के जंगल में गुरुवार को दिन में खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने दुर्गंध महसूस होने पर नदी की ओर जाकर देखा तो वहां झाड़ियों में महिला का सिर कटा शव पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कटघर थाना पुलिस को दे दी। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और पीतल बस्ती चौकी प्रभारी मनोज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर में ही सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने शव के पास जाकर देखा तो शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत था। फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल और आसपास साक्ष्य संकलन शुरू किया गया। इस दौरान शव से लगभग 25-30 मीटर दूर महिला का सिर बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार शव लगभग 6 से 7 दिन पुराना होने के कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका। सीओ कटघर ने बताया कि मृतक महिला की उम्र 30 से 35 साल के बीच की हो सकती है। जो सिर मिला है उसे देख कर लग रहा है कि हत्या करने के बाद उसे जलाने का प्रयास किया गया है। उधर पुलिस अभी जांच-पड़ताल कर ही रही थी कि महिला के शव से लगभग 200 मीटर दूर कल्याणपुर बाईपास पुल के पास एक बच्चे का शव बरामद हुआ। बच्चे की उम्र 7 से 9 साल के बीच होने का अनुमान है। उसके शरीर पर केवल एक अंडरवियर पड़ा है।

## इरफान सोलंकी के मामले में 6 नवंबर को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को मकान पर कब्जे के प्रयास में आगजनी के मामले में एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। हाईकोर्ट में महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव के इस्तीफा देने के कारण सुनवाई टल गई। बता दें कि इरफान सोलंकी की सीट पर उपचुनाव का ऐलान हो चुका है। वोटिंग की तारीखें भी तय हो चुकी हैं। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई में उपचुनाव को लेकर बहस हो सकती है। राज्य सरकार की ओर से इरफान सोलंकी की सजा बढ़ाई जाने की मांग करते हुए हलफनामा दाखिल हो चुका है।

## शादी से किया इनकार तो महिला ने पुलिस चौकी के बाहर लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, संभल

- महिला को बचाने में सिपाही और एक व्यक्ति भी मामूली झुलसा
- महिला गंभीर हालत में जिला अस्पताल से हायर सेंटर को रेफर

**अमृत विचार :** प्रेमी ने शादी करने से इन्कार किया तो क्षुब्ध होकर महिला ने डीजल डालकर खुद को आग लगा ली और चौधरी सराय पुलिस चौकी में घुस गई। महिला की आग बुझाने में एक सिपाही व एक अन्य व्यक्ति भी मामूली रूप से झुलस गया। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। महिला ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। वहीं एसपी का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी नाजिया (32 वर्ष) के पति दिलशाद की तीन वर्ष पहले मौत हो चुकी है। नाजिया के तीन बच्चे हैं। दिलशाद की मौत के बाद करीब दो साल से मुहल्ले के ही युवक से नाजिया का प्रेम प्रसंग चल रहा है। नाजिया का कहना है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर अनेक बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये मगर अब शादी करने से मना कर दिया। नाजिया का कहना है कि पुलिस से शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को सुबह चार बजे नाजिया पुलिस चौकी चौधरी सराय पहुंची। पुलिस चौकी के बाहर नाजिया ने अपने शरीर पर डीजल छिड़क कर आग लगा ली और फिर पुलिस चौकी में घुस गई। पुलिस कर्मी महिला की आग बुझाने में जुटे तो सिपाही कपिल सिंधु का हाथ भी झुलस गया जबकि एक व्यक्ति भी झुलसा है।

## बीएसए ने किया शिक्षक को निलंबित

**बरेली।** समय पर विभागीय सूचनाएं न देने के लिए लैपटॉप खराब होने का बहाना मझगवां ब्लॉक के बिशारतगंज प्राइमरी स्कूल के सहायक अध्यापक अखिलेश गुप्ता को भारी पड़ गया। बीएसए ने उन्हें अनुशासनहीनता और लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक बीआरसी पर नवीन आधार कार्ड अपडेशन की सूचना देने के लिए अखिलेश को 3 अक्टूबर तक का समय दिया गया था। उन्होंने दो दिन तक कोई सूचना नहीं दी। बीईओ ने 5 अक्टूबर को पूछताछ की तो बताया कि लैपटॉप खराब था जिसे उन्होंने रिपेयरिंग के लिए बिशारतगंज की एक दुकान दे दिया है। अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने दुकान से लैपटॉप बरामद कर लिया।

## उप चुनाव में सभी सीटें जीतेगा सपा गठबंधन : शिवपाल

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)।

- बहराइच दंगे में प्रदेश सरकार पूरी तरह से नाकाम हुई, आए दिन हत्याएं और लूट हो रही, महिलाएं-बेटियां सुरक्षित नहीं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सपा गठबंधन सभी नौ सीटें जीतेगा। भारतीय जनता पार्टी ने गन्ना समिति के चुनावों में धांधली कराई है। गन्ना समिति के चुनाव में अन्य किसी को न तो पर्चा मिला और न उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया गया। सरकार ने अपने लोगों को प्रशासन की मदद से चुनाव जिताने का काम किया है।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव गुरुवार को एक कार्यक्रम बिलारी आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा सरकार खुलेआम गुंडागर्दी कर रही है, लोकतंत्र की हत्या कर रही है। भाजपा की सरकार में किसान युवा, व्यापारी, मध्यवर्ग सभी परेशान हैं। महंगाई लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में आए दिन हत्याएं और लूट हो रहीं हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश सरकार फर्जी एनकाउंटर कर रही है और बुलडोजर के नाम पर गरीबों के मकान को तोड़ रही है।

## बुलंदशहर हत्याकांड के 6 आरोपी बरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुलंदशहर के चर्चित हत्याकांड के चार लोगों की हत्या के 6 आरोपियों की उम्रकैद की सजा को रद्द करने के साथ ही उन्हें दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया। गवाहों के बयान और साक्ष्यों में भिन्नता के कारण न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की खंडपीठ ने वेद उर्फ वेदपाल, गंगा, जगन, प्यारे, राकेश और बबलू उर्फ बलुआ की अपील को स्वीकार कर लिया। अभियुक्तों के खिलाफ बुलंदशहर के पुलिस स्टेशन डिबाई में 25 मई 2004 को मृतक दिनेश के पुत्र बंटी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि पुरानी रंजिश के चलते रात में ट्यूबवेल पर सो रहे परिवार के कुंवर सिंह, संतोष, दिनेश और जालिम सिंह की हत्या कर दी गई।

## दोषी पुलिस अधिकारी की जमानत याचिका खारिज

विधि, संवाददाता प्रयागराज

**बिकरु कांड**

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बर्खास्त उत्तर प्रदेश पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा दाखिल तीसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पूर्व में दो जमानत याचिका को खारिज करते समय न्यायालय की टिप्पणी तथा आवेदक के खिलाफ गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने चौबेपुर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन सब- इंस्पेक्टर के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम की धारा 7 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 34 के तहत दर्ज मामले में तीसरी जमानत याचिका खारिज करते हुए की। कोर्ट ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी होने के नाते उन्होंने विश्वास का दुरुपयोग किया है, जिसके कारण उनके सहकर्मियों की मौत हो गई। हालांकि कोर्ट ने याची को 6 महीने बाद नई जमानत याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता दी है। इंस्पेक्टर पर 3 जुलाई 2020 को बिकरु गांव में घात लगाकर किए गए हमले में हिस्ट्रीशीटर विकास दूबे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापे की जानकारी लीक करने का आरोप है। याची और गैंगस्टर विकास दूबे का घनिष्ठ संबंध था।

## भगवान की मूर्तियों को नष्ट करने वाले को जमानत देने से किया इनकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली के एक मंदिर में भगवान शिव और देवी पार्वती की मूर्तियों को नष्ट करने तथा मंदिर के पुजारी की हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह के अपराधों को समाज में पनपने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ऐसे लोगों के प्रति समुदाय और लोगों की भावनाओं को व्यापक नुकसान पहुंचाने की कीमत पर नरम रुख नहीं अपनाया जा सकता है। ऐसे अपराध जो लोगों या समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा देते हैं, उन्हें सख्ती से रोकने की आवश्यकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकलपीठ ने आरोपी शाहरुख को जमानत देने से इनकार करते हुए पारित किया।

# हल्द्वानी की किशोरी से दिल्ली में गैंगरेप, पांच युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 4 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थी हाईस्कूल की छात्रा

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र से 4 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी ट्रेन से दिल्ली पहुंच गई। जहां एक होटल में पांच युवकों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इधर, गुमशुदगी की जांच करती हल्द्वानी पुलिस जब दिल्ली पहुंची तब इस घटना का खुलासा हुआ। हल्द्वानी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांचों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीन आरोपी मुंबई के और दो दिल्ली के रहने वाले हैं। गुरुवार को पुलिस ने कोर्ट में सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई किशोरी शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं का छात्रा है। जानकारी के मुताबिक बीती 4 अक्टूबर को किशोरी घर से यह कहकर निकली थी कि वह स्कूल जा रही है, लेकिन न तो वह स्कूल पहुंची और न ही लौट कर घर आई। स्कूल का वक्त गुजरा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तमाम स्थानों पर खोजबीन के बावजूद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो पिता ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वह स्कूल की ओर जाती नहीं दिखी। उसे रेलवे स्टेशन की ओर जाते देखा गया। घटनाक्रम के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हुई थी। ट्रेन में उसे मुंबई निवासी तीन युवक मिले। तीनों नैनीताल घूमने आए थे और वापस लौट रहे थे। बातों में फंसा कर उन्होंने किशोरी को अपने झांसे में ले लिया। दिल्ली से तीनों युवकों को मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। तीनों ने एयरपोर्ट के पास एक होटल में रूम बुक किया और किशोरी को अपने साथ होटल में ले गए। होटल में तीनों युवकों के दिल्ली निवासी दो दोस्त भी पहुंच गए। जिसके बाद पांचों युवकों ने बारी-बारी से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और फिर फरार हो गए।

## ट्रांसजेंडर्स की सुरक्षा पर उत्तराखंड सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने राज्य में ट्रांसजेंडर्स के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कानून बनाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार से ट्रांसजेंडर्स की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत रिपोर्ट 18 नवंबर तक पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई भी इसी तिथि को होगी। गुरुवार को मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि ट्रांसजेंडर्स के अधिकार और संरक्षण के लिए एक्ट बना दिया है, ।


## वर्ग पहेली-225

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेजी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना, कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



### वर्ग पहेली -224 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मँ | | | | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | | ला |
| | वा | | रो | | ना |
| | | 5 सं | हि | ति | |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | | 7 श |
| | | त | | | फ़ी |
| 8 शि | फा | | 9 त | पा | क |

# मसूरी आईएएस अकादमी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

ब्यूरो, देहरादून

- मेकअप कर साड़ी पहने हुए था मृतक, कमरे का दरवाजा तोड़ पुलिस ने बरामद किया शव

**अमृत विचार :** मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में कार्यरत एक युवक का शव स्टाफ कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। खास बात है कि मृतक युवक ने महिला की वेशभूषा में था और मेकअप के साथ ही साड़ी पहन रखी थी। प्रथम दृष्ट्या पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।

पुलिस के मुताबिक पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर के ग्राम उफल्डा निवासी अनुकूल रावत पुत्र विपेंद्र सिंह रावत (22) मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में मल्टी टास्क डिपार्टमेंट में कार्यरत था। जो बुधवार देर शाम ड्यूटी खत्म कर कमरे पर गया था, लेकिन गुरुवार सुबह काम पर नहीं आया। सहयोगियों ने उसे आवाज दी, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद अकादमी प्रशासन ने मसूरी पुलिस को मामले की सूचना दी। मसूरी कोतवाल अरविंद चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अकादमी परिसर स्थित युवक के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ दिया गया। युवक ने अंदर से कमरे में ताला लगा रखा था। पुलिस टीम अंदर दाखिल हुई तो वहां का दृश्य देख सब दंग रह गए। अंदर युवक का शव पड़ा था, मृतक ने महिला की वेश धारण कर रखा था। महिलाओं की तरह पूरा मेकअप कर साड़ी पहन रखी थी।

# नानकमत्ता में किशोर व बागेश्वर में बालिका को मार डाला

संवाददाता, नानकमत्ता/बागेश्वर

**अमृत विचार :** नानकमत्ता क्षेत्र में रनसाली रेंज से सटे एक गांव में गुलदार ने हमला कर घर के आंगन में खेल रहे किशोर को मार डाला। वहीं बागेश्वर जिले में धरमघर रेंज के पास स्थित गांव से परिजनों के बीच खेल रही बालिका को गुलदार उठा ले गया। बालिका का शव घर से 50 मीटर दूर झाड़ियों से बरामद हुआ।

नानकमत्ता में तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेंज के जंगल से सटे विचुवा भूड़ गांव निवासी कुलविन्दर सिंह का 13 वर्षीय पुत्र गुरप्रीत सिंह अपने दो छोटे भाइयों के साथ घर के पास खेल रहा था। पास में ही कुलविन्दर सिंह झाड़ियां साफ कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत से अचानक आए गुलदार ने गुरप्रीत पर हमला कर दिया। गुलदार का हमला होते ही गुरप्रीत के दोनों भाई चिल्लाते हुए भागे। उनका शोर सुनकर कुलविन्दर व अन्य ग्रामीण गुरप्रीत को गुलदार के चंगुल से बचाने के लिए उसके पीछे दौड़े। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद गुरप्रीत को गुलदार से छुड़ाया।

## सुडोकू-138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 6 | | | | | 8 |
| | 7 | | | 1 | | | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | 4 | 2 |
| | 2 | | 3 | | 5 | 6 | | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| | | 1 | 4 | | 7 | | 2 | |
| 7 | 4 | 5 | | | 6 | | 1 | |
| | 3 | | | 2 | | | 5 | |
| 6 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.15 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जांच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुए नियमों की स्वत: अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**कर्क** – आज पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।

**सिंह** – आज जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपञ्चों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**कन्या** – आज सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।

**तुला** – आज संतान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुंवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृश्चिक** – आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।


**धनु** – आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।

**मकर** – आज युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सुधार होने की संभावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नए दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

**कुंभ** – आज आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।

**मीन** – आज यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-अश्विनी 1.26 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

- B4U MOVIES: स्पोर्ट — सुबह : 11.15; चाचा भतीजा — रात : 07.03
- &pictures: अपरिचित — सुबह : 10.56; मडगांव एक्सप्रेस — रात : 08.00
- SONY PIX: वाइट हाउस डाउन — सुबह : 08.14; जस्टिस लीग — शाम : 06.51
- ZEE CINEMA: शागिर्द — सुबह : 10.30; सोचा न था — रात : 07.30
- ZEE ACTION: प्लेयर्स — सुबह : 10.28; खुदा कसम — शाम : 05.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

करवा चौथ के एक-दो दिन पहले बाजार में एक महिला को दोनों हाथों में भर-भर के मेहंदी लगवाने के बाद याद आया कि वो स्कूटी पर अकेले ही आई है,

वो परेशान खड़ी थी कि तभी उसके एक पड़ोसी सज्जन ने उसे पहचान लिया और फिर उसी की स्कूटी में उसे घर तक छोड़ दिया।

घर पहुंचने के बाद पड़ोसी को याद आया कि वह अपनी बाइक और बीवी दोनों को तो बाजार में ही छोड़ आया है।

हैप्पी करवा चौथ।

## एक नजर

### चार करोड़ कीमत के घरों की बिक्री 38% बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऊंची मांग से साल के पहले नौ माह (जनवरी-सितंबर) के दौरान देश के सात प्रमुख शहरों में चार करोड़ और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री 38% बढ़ी है। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी-सितंबर, 2024 में चार करोड़ रुपये तथा उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी मकानों की बिक्री बढ़कर 12,630 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 9,165 इकाई थी। सीबीआरई ने बताया कि दिल्ली में इस मूल्य वर्ग में सबसे अधिक 5,855 इकाइयां बेची गईं। मुंबई में लक्जरी मकानों की बिक्री 3,250 इकाई से बढ़कर 3,820 इकाई, पुणे में 330 इकाई से दोगुनी होकर 810 इकाई और चेन्नई में 130 इकाई से बढ़कर 185 इकाई हो गई।

### परिधान निर्यात 8.5% बढ़कर 7.5 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का परिधान निर्यात चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-सितंबर के दौरान 8.5% बढ़कर 7.5 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, सितंबर में भी तैयार (रेडीमेड) परिधानों का निर्यात 17.3% बढ़कर 1.11 अरब डॉलर हो गया। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि वैश्विक प्रतिकूलताओं तथा निरंतर मुद्रास्फीति दबाव के बावजूद भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई है।

### इंजीनियरिंग निर्यात में सकारात्मक बढ़त बरकरार

**कोलकाता।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात ने पांच महीनों से सकारात्मक बढ़त बरकरार रखते हुए सितम्बर में 10.5% की वृद्धि दर्ज की है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण गरोडिया ने गुरुवार को कहा कि इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात का मूल्य 9.82 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 8.89 अरब डॉलर की तुलना में 10.5 प्रतिशत अधिक है।

# भारत 2030 तक बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : एसएंडपी

## बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में चुनौतियां करेंगी प्रस्तुत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी



- भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना
- वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

ने कहा कि भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।

### उभरते बाजार निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका


एसएंडपी ने आपनी रिपोर्ट उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर : निर्णायक दशक में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06% रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह 1.59% रहेगी। 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 65% का योगदान देंगे। इसमें मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा।

# बेयरिश पैटर्न : शेयर बाजार में गिरावट के संकेत

बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, बेयरिश पैटर्न एक महत्वपूर्ण तकनीकी संकेत हैं जो संभावित गिरावट को दर्शाते हैं। ये पैटर्न चार्ट पर विभिन्न आकृतियों में दिखाई देते हैं और ट्रेडर्स को बिक्री के अवसर प्रदान करते हैं। सही पहचान और समझ से, इन संकेतों का उपयोग कर निवेशक अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं और जोखिमों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस लेख में, हम बेयरिश पैटर्न के विभिन्न प्रकार, पहचानने के तरीके और इसके लाभ-हानि पर चर्चा करेंगे।

### यह कैसे करता है काम

- **प्रवृत्ति का विश्लेषण :** बेयरिश पैटर्न आमतौर पर तब बनते हैं जब कीमत उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरने लगती है।
- **विपरीत संकेत :** ये संकेत देते हैं कि खरीदारी में कमी और बिक्री बढ़ रही है।
- **फिर से परीक्षण :** अक्सर, कीमत पहले की उच्चस्तर पर वापस आती है, जिससे एक और बिक्री का अवसर मिलता है।




### निवेशकों को फायदा

- **अवसर :** बेयरिश की पहचान करके, आप संभावित गिरावट से लाभ उठा सकते हैं। सही समय पर बिक्री से आपको लाभ मिल सकता है।
- **रिस्क मैनेजमेंट :** बेयरिश संकेतों के सही उपयोग से नुकसान से बच सकते हैं। सही समय पर बाहर निकलने से निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

### प्रमुख बेयरिश पैटर्न

- **हेड एंड शोल्डर्स :** यह पैटर्न तीन प्रमुख उच्च स्तरों से बनता है—एक उच्च (हेड) के बीच में दो छोटे उच्च (शोल्डर्स)। जब कीमत इस पैटर्न को बनाती है, तो यह अक्सर एक मजबूत बेयरिश संकेत होता है।
- **डबल टॉप :** यह पैटर्न तब बनता है जब कीमत दो बार समान उच्च स्तर पर पहुंचती है, लेकिन तीसरी बार गिर जाती है। यह गिरावट एक संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देती है।
- **सपोर्ट ब्रेकडाउन :** जब कीमत किसी महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर को तोड़ती है, तो यह एक बेयरिश संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि बाजार की खरीदारी की ताकत कमजोर हो रही है।

### जरा रखें सावधानी

- **गलत सिग्नल :** बेयरिश पैटर्न हमेशा सही नहीं होते हैं। कभी-कभी, बाजार की अनिश्चितता और अन्य कारक इन संकेतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे आप गलत निर्णय ले सकते हैं।
- **मार्केट वोलैटिलिटी :** बाजार की तेजी और मंदी के दौरान, बेयरिश पैटर्न की सटीकता कम हो सकती है। ऐसे में समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होता है।

# 10 साल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई 182 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा

देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 182% की वृद्धि हुई है। आयकर विभाग से जारी टाइम सीरीज डेटा से पता चला है कि कॉरपोरेट कर संग्रह 10 साल में दोगुना से अधिक होकर 9.11 लाख करोड़ से अधिक है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह चार गुना बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपये है। मोदी सरकार के पहले साल 2014-15 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.96 लाख करोड़ था। इसमें 4.29 लाख करोड़ कॉरपोरेट कर और 2.66 लाख करोड़ आयकर था। दाखिल आयकर रिटर्न (संशोधित रिटर्न सहित) की संख्या 2014-15 के 4.04 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 8.61 करोड़ से अधिक हो गई। प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 2014-15 के 5.55% से बढ़कर 2023-24 में 6.64% हो गया।

# लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के 9% पर आ जाएगी: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9% तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14% है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12% है। मंत्री



- कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रहा है मंत्रालय

ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9% के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह जीडीपी का 14-18% है, जो वैश्विक मानक 8% से अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। भारत पिछले वर्ष दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार था और अमेरिका तथा चीन से पीछे है।

# बाजार में गिरावट से निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेस्ले के शेयरों में सबसे ज्यादा 3% से भी अधिक की गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक टूटा। कारोबार के दौरान यह 595.72 अंक तक फिसल गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,03,862.06 करोड़ रुपये घटकर 4,57,25,183.01 करोड़ रुपये (5.44 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में 3% से भी अधिक की गिरावट आई। एफएमसीजी बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94% की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### पीएमएलए पर पुनर्विचार की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई गुरुवार को 27 नवंबर तक टाल दी, जिसमें सवाल किया गया है कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की, गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को वकील ने सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यही होता है। जब हम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं तो कोई न कोई उपलब्ध नहीं होता है। स्थगन के अनुरोध का ईडी के वकील ने विरोध नहीं किया। न्यायालय, तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर कुछ मानकों के आधार पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

### जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाली पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा देने के लिए एक एमए (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा। यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है।

### झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

**जमशेदपुर।** झारखंड में गुरुवार को हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# भारत उनकी भी मदद करता, जिन्होंने उससे युद्ध छेड़ा

## आरएसएस प्रमुख बोले- पूर्वजों के बनाए सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के कारण भारत करता है सहयोग

- भागवत ने जैन समुदाय के कार्यक्रम को किया संबोधित

सूरत, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की ओर से निर्धारित किये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था, लेकिन सरकार ने सेना को सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत जैन समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये।



सूरत में जैन तेरापंथ समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत।

### भारतीय हर समस्या का समाधान कर देंगे

संघ प्रमुख ने कहा कि जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंततः हर समस्या का समाधान कर देंगे।

# मुंबई आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की धमकी

मुंबई, एजेंसी

- धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी

घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों में बम रखे होने की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा। इसी बीच गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम रखे होने की धमकी मिली थी।

एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को आपात स्थिति में मुंबई के हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है। बम की तलाश के लिए विमान की जांच की गई।

### नो-फ्लाई सूची में शामिल करने के विकल्प पर विचार

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय विमानों में बम की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को नो फ्लाई सूची में शामिल करने की योजना बना रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि मंत्रालय नियमों में संशोधन करने पर विचार कर रहा है ताकि एयरलाइनों को बम की धमकी देने वाली घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### 8 सोशल मीडिया खाते निलंबित

विमानों में बम की धमकी देने वाले कई सोशल मीडिया खातों को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक किया है। साइबर, विमानन सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की टीम ने विश्लेषण किया, जिसके बाद निलंबित करने के आदेश जारी हुआ है।

## विसर्जन की तैयारी में करंट से तीन की मौत

**सिवनी।** मप्र के सिवनी जिले के धूमा में महाकाली प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी के दौरान गुरुवार को करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाकाली प्रतिमा के विसर्जन में लगाए ट्रक में साज सज्जा का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट से तीन की मौके पर मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उनको जबलपुर भेजा गया है। मृतकों में नीलेश कुशवाहा, रवि विश्वकर्मा और मुकेश यादव है, यह धूमा के निवासी हैं। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

# घर में पिज्जा बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को मारी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस थाने को सूचना मिली कि सादमा नाम की महिला को गोली से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पिज्जा लाया था। उसने छोटे भाई



- बहस के बाद महिला की जेठानी के भाई ने दिया वारदात को अंजाम चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जावेद की पत्नी सादमा सहित सभी को पिज्जा दिया। जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी। रात में सादिया ने अपने भाइयों मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को घर बुलाया और झगड़ा हुआ और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।

## शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे। शाह ने एक्स पर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनकर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मैंने भी इस अभियान के तहत भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। यह अभियान न केवल भाजपा के सदस्यता को और अधिक गति देगा, बल्कि राष्ट्रप्रथम को ध्येय बनाने वाले सदस्य भी आगे आएंगे।

# चीनी वीजा भ्रष्टाचार में कार्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति



- कांग्रेस सांसद सहित अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का है आरोप

चिदंबरम, उनके सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए रिश्वत दी गई थी। आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

# जीएसटी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर, एजेंसी

- एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में 23 परिसरों को खंगाला

ईडी ने गुरुवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की, जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में पत्रकार सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार पत्रकार महेश लांगा और लांगा से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। ईडी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एजेंसी मामले में साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

## महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट पर एमवीए में बनी सहमति : पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है।

- एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल

एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल वार्ता में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# जेलों में भीड़ कम करे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कारागार में विचाराधीन कैदियों की संख्या सरकार के लिए चिंता का विषय
- सभी राज्यों को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिखा पत्र, कहा- उचित कदम उठाएं

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से विचाराधीन कैदियों को राहत प्रदान देने और जेलों में भीड़ कम करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के विशिष्ट प्रावधान के कार्यान्वयन सहित कदम उठाने को कहा है। गृह मंत्रालय ने राज्यों को भेजे पत्र में कहा है कि जेलों में अत्यधिक भीड़, विशेषकर विचाराधीन कैदियों की बड़ी संख्या का मुद्दा सरकार के लिए चिंता का विषय रहा है।

पत्र में कहा गया है कि विचाराधीन कैदियों के लंबी अवधि तक हिरासत में रहने और उनकी कठिनाइयों के मुद्दे के समाधान के लिए वह विभिन्न प्रगतिशील कदम उठा रहा है, जिसमें जेलों से रिहाई चाहने वाले ऐसे कैदियों को राहत प्रदान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान करना भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि बीएनएसएस की धारा 479 (1), जो एक जुलाई 2024 से लागू हो गई है, ऐसी राहत प्रदान करती है।

### 6ए का फर्जी दस्तावेजों से हो सकता है दुरुपयोग: पारदीवाला

धारा 79 के अनुसार यदि विचाराधीन कैदी तय कारावास की आधी अवधि तक हिरासत में रखा गया है तो उसे जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा। मृत्युदंड या आजीवन कारावास में राहत नहीं है। बीएनएसएस की धारा 479 (1) के तहत एक नया प्रावधान है, जो इस प्रकार है : बशर्ते कि जहां ऐसा व्यक्ति पहली बार अपराधी है (जिसे किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है) तो उसे बॉण्ड पर रिहा किया जाएगा, यदि वह अपराध के लिए निर्दिष्ट कारावास की एक-तिहाई तक की अवधि के लिए हिरासत में रहा हो। धारा 479 (3) के तहत, जेल अधीक्षक ऐसे कैदियों को जमानत देने के लिए संबंधित अदालत में आवेदन कर सकते हैं।

## खेल डायरी

### यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

### हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

### एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

### डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

## पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

# हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर



**मैट हेनरी**

**5** विकेट

**15** रन

**13** ओवर



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के मैदान से बाहर गए। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10 (31.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 2 | 16 | 0/0 |
| विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के | 0 | 9 | 0/0 |
| सरफराज खान का कॉन्वे बो हेनरी | 0 | 3 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के | 0 | 6 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 0 | 6 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 0 | 1 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी | 2 | 17 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के | 1 | 3 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कॉन्वे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2/0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्चिन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

### टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

**बेंगलुरू।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था।

**स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 46 | बेंगलुरू | 2024 | न्यूजीलैंड |
| 75 | दिल्ली | 1987 | वेस्टइंडीज |
| 76 | अहमदाबाद | 2008 | दक्षिण अफ्रीका |
| 83 | मोहाली | 1999 | न्यूजीलैंड |
| 88 | मुंबई | 1965 | न्यूजीलैंड |

**विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36 | एडीलेड | 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| 42 | लॉडर्स | 1974 | इंग्लैंड |
| 58 | ब्रिसबेन | 1947 | ऑस्ट्रेलिया |
| 58 | मैनचेस्टर | 1952 | इंग्लैंड |
| 66 | डरबन | 1996 | दक्षिण अफ्रीका |

### ऋषभ पंत के घुटने लगी चोट, जाना पड़ा मैदान के बाहर



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया कि ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगने के बाद सूजन आ गई है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर वापसी कर सकेगा। पंत न्यूजीलैंड की पहली पारी के 37वें ओवर में रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंद को नहीं पकड़ पाए जो ओवर द विकेट से गेंदबाजी कर रहे थे और यह उनके घुटने पर लगी। वह जल्द ही लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह ध्रुव जुरेल मैदान में उतरे। गेंद उनके बाएं पैर के घुटने पर लगी जिसकी 2022 में उस कार दुर्घटना के बाद कई सर्जरी की गई थीं। रोहित ने बताया दुर्भाग्य से गेंद सीधे उनके घुटने पर लगी, उसी पैर पर जिसकी उन्होंने सर्जरी करवाई है। इसलिए उनके घुटने में थोड़ी सूजन है, लेकिन वह एहतियात के तौर पर मैदान छोड़कर बाहर गए। उम्मीद है कि रात में वह ठीक हो जाएंगे और हम उन्हें मैदान पर वापस देखेंगे।

### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित


**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

**महिला टी-20 विश्व कप**

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर द. अफ्रीका फाइनल में पहुंची

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका ने कसी गेंदबाजी के बाद एनेके बोश (नाबाद 74 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुरुवार को छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को आठ विकेट से हराकर उलटफेर करते हुए महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। अब रविवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया का आठवीं बार फाइनल का सपना तोड़ दिया। बोश प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 134 रन ही बना सकीं।

## डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

**कोपेनहेगन, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।

भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजूबत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।



## बॉलीवुड हलचल



### है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ' 'है जवानी तो इश्क होना है' ' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरूण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरूण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे। अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सीस की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

### 20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है। कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

### शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है। यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

## दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

**मुल्तान, एजेंसी**

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रूप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# वैवाहिक दुष्कर्म : पति को छूट वाले कानूनों की वैधता पर करेंगे फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उन दंडनीय प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी जो बलात्कार के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करते है, यदि वह अपनी पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की इस दलील पर याचिकाकर्ताओं की राय जाननी चाही कि इस तरह के कृत्यों को दंडनीय बनाने से



● सीजेआई ने कहा- यह एक संवैधानिक प्रश्न है, मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है

वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा तथा विवाह की संस्था भी प्रभावित होगी। एक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता करुणा नंदी ने दलीलें शुरू कीं और वैवाहिक दुष्कर्म पर आईपीसी तथा बीएनएस के प्रावधानों का जिक्र किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रश्न है।

हमारे सामने दो निर्णय हैं और हमें फैसला लेना है। मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है। नंदी ने कहा कि अदालत को एक प्रावधान को रद्द कर देना चाहिए जो असंवैधानिक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप कह रहे हैं कि यह (दंडात्मक प्रावधान) अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है... संसद ने जब अपवाद खंड लागू किया था, तो उसका आशय यह था कि जब कोई पुरुष 18 वर्ष से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौनाचार में संलग्न होता है, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।

# चीन ने भूटान में बसाई आबादी, अब डोकलाम पर नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं।



● अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए

भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है। चीन का बसाया सबसे ऊंचा गांव मेनचुमा समुद्री से करीब 4670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। चीन की तरफ से भूटान के क्षेत्र पर कब्जे की एक बड़ी वजह थिंपू की छोटी सेना और कमजोर रक्षा तैयारियां भी बताई जाती है। भूटान के पास इस वक्त सिर्फ 8000 सैनिक हैं, जो कि रक्षा के मकसद से तैनात किए गए हैं।

### झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

### डोकलाम पर कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र 89 किमी का डोकलाम का पठार है।

## एक नजर

### खाई में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 12 कर्मी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया और इस हादसे में 12 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले के खैगाम इलाके में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल हुए सीआरपीएफ के कर्मियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पाकिस्तान विस्फोट में तीन की मौत, दो घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के राजमार्ग पर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। यातायात पुलिस ने गुरुवार को अपने बयान में बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात को एम1 राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा के पास हुई, जहां एक यात्री वैन में विस्फोट हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। बयान में कहा गया प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि दुर्घटना सिलेंडर फटने के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सोमालिया: कैफे में हुए हमले में सात की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के बाहर एक कैफे में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि हताहतों में अधिकारी और नागरिक शामिल हैं जो बृहस्पतिवार को जनरल काहिये पुलिस अकादमी के बाहर चाय पी रहे थे। अलकायदा से सम्बद्ध आतंकवादी समूह अल-शबाब ने बयान के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली।

### कोटा में यूपी के छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**कोटा।** उत्तर प्रदेश निवासी नीट-यूजी के परीक्षार्थी ने कोटा में पीजी में फंदा लगाकर जान दे दी जो यहां इस साल आत्महत्या से मौत का 15वां मामला है। पुलिस ने कहा कि बुधवार रात को कोटा शहर के दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में घटना घटी। पुलिस के अनुसार जब छात्र ने परिजनों का फोन नहीं उठाया तो पीजी के केयरटेकर ने पुलिस को सूचित किया। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर का निवासी आशुतोष चौरसिया पिछले छह महीने से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

# खराब संबंधों के लिए ट्रूडो जिम्मेदार

## मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान की गई स्वीकारोक्ति से भारत के खिलाफ लगाए आरोपों का महत्व पता चलता है।

संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उसने जो सुना है, वह नई दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा लगाए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है। अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से कनाडा के पास लगभग एक दशक से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं।



● सार्वजनिक जांच के दौरान ट्रूडो की स्वीकारोक्ति से आरोपों के महत्व का चलता है पता

### भारत मानता है आतंकवाद पर गंभीर नहीं कनाडा : ट्रूडो

**वाशिंगटन।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि भारत का मानना है कि कनाडा हिंसा, आतंकवाद या घृणा भड़काने के अपराध को गंभीरता से नहीं लेता है। ट्रूडो ने संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप के संदर्भ में सार्वजनिक जांच के दौरान गवाही देते हुए कहा कि कनाडा सरकार यह पता लगाने के लिए भारत से मदद मांग रही है कि क्या कथित हस्तक्षेप और हिंसा किसी शरारती तत्व द्वारा की गई थी या सरकार में किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति द्वारा निर्देशित थी। ट्रूडो ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बेहद अहम सवाल है और यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर पता लगाने के लिए हम भारत सरकार से सहायता करने के लिए बार-बार कह रहे हैं। हम इस सवाल की तह तक जाना चाहते हैं कि क्या यह सरकार के भीतर किसी संभावित शरारती तत्व का काम है या फिर यह भारत सरकार का अधिक व्यवस्थित प्रयास है...। उन्होंने कहा कि इसलिए हम शुरुआत से भारत सरकार से इन आरोपों को गंभीरता से लेने और जांच शुरू करने के लिए कह रहे हैं।

### ट्रूडो सरकार निराधार आरोपों के कारण गहराया मुद्दा

भारत ने कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है, तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हम कहेंगे कि जहां तक आरोपों का सवाल है, प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा की गई स्वीकारोक्ति से आरोपों पर हमारे रुख के महत्व का पता चलता है। हम स्वाभाविक रूप से अपने राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए झूठे आरोपों को खारिज करेंगे। संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने स्वीकार किया जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। गौरतलब है कि सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद और गहरा गया है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के पिछले साल सितंबर में आरोप लगाए थे।

### बिश्नोई गिरोह पर कनाडा ने नहीं की कार्रवाई : मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि उसने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य गिरोहों के सदस्यों के बारे में सुरक्षा संबंधी जानकारी कनाडा सरकार के साथ साझा की है तथा उनकी गिरफ्तारी की मांग की है, लेकिन अभी तक ओटावा द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जो हमारी मुख्य चिंता है। और, इसके पीछे एक राजनीतिक मकसद है, जिसे आप जानते हैं...हमारी सुरक्षा चिंता पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# इजराइल के हवाई हमले में मारा गया हमास नेता याह्या सिनवार

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

इजराइल के विदेश मंत्री ने पुष्टि की है कि गाजा में इजराइली सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई।

सिनवार एक साल पहले इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई। विदेश मंत्री कैट्ज ने सिनवार की हत्या को इजराइली सेना के लिए एक सैन्य और नैतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सिनवार की हत्या से बंधकों को तुरंत रिहा करने और एक ऐसा बदलाव लाने की संभावना पैदा होगी जो गाजा में बिना हमास और बिना ईरानी नियंत्रण के एक नयी वास्तविकता को जन्म देगा।

पूरे युद्ध के दौरान, सिनवार सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आया। जुलाई में ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद सिनवार को समूह के शीर्ष नेता के रूप में चुना था।

● फिलिस्तीनी अधिकारी ने कहा- स्कूल में था आश्रय स्थल, इजराइल बोला- छुपे थे जिहाद चरमपंथी



उत्तरी गाजा में हमले के बाद उठता धुंआ। ● एजेंसी

### गाजा: स्कूल में आश्रय स्थल पर सेना ने किया हवाई हमला, 15 की मौत

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)।** उत्तरी गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में स्कूल में एकत्र हुए दर्जनों हमास और इस्लामिक जिहाद चरमपंथियों को निशाना बनाया गया। यह हमला जबालिया स्थित अबू हुसैन स्कूल पर हुआ, जो उत्तरी गाजा में एक शहरी शरणार्थी शिविर है, जहां इजराइल एक सप्ताह से अधिक समय से बड़ा हवाई और जमीनी अभियान चला रहा है। उत्तरी गाजा में मंत्रालय की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फारेस अबू हमजा ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पास के कमाल अदवान अस्पताल को हताहतों का इलाज करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कई महिलाएं और बच्चे गंभीर हालत में हैं।

# व्यापार और निवेश के लिए महत्वपूर्ण है अफ्रीका : मुर्मू

लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महाद्वीप में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। भारत-मलावी व्यापार सम्मेलन में मुर्मू ने कहा कि वह हार्ट ऑफ अफ्रीका का दौरा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनकर खुश हैं। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार वह यहां पहुंचीं।

मुर्मू ने कहा कि अफ्रीका में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, जल उपचार और पेट्रोलियम सहित



● महाद्वीप में भारतीय कंपनियों ने 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का किया निवेश

विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। 1964 में मलावी की स्वतंत्रता के बाद उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला भारत पहला देश था। दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंध ऐतिहासिक हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क 140 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

# साढ़े तीन साल की बच्ची से अश्लील हरकत करने में दो शिक्षक गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा के एक नामी स्कूल में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की बच्ची से कथित तौर पर डिजिटल रेप के लिए पुलिस ने गुरुवार को स्कूल के कार्यालय प्रशासक और बच्ची की क्लास टीचर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दयामय महतो और मधु मेनघानी के रूप में हुई है तथा इन्हें शुक्रवार सुबह कोर्ट में पेश किया जाएगा।

● डिजिटल रेप में स्कूल कार्यालय प्रशासक व क्लास टीचर भी आरोपी

बिना अनुमति बच्ची या महिला के साथ उंगलियों या हाथ-पैर के अंगूठे से यौन उत्पीड़न किया जाता है तो उसे डिजिटल रेप कहते हैं। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी नित्यानंद स्कूल में हाउसकीपिंग का काम करता था। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को गिरफ्तार आरोपियों ने घटना को छुपाने का प्रयास किया इसलिए उनके खिलाफ ये कार्रवाई हुई। थाना सेक्टर 20 में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# अमेरिकी बी-2 का यमन के हूती विद्रोहियों के बंकरों पर हमला

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले बी-2 बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने गुरुवार तड़के इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्पिरिट का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है।

बी-2 स्पिरिट ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों के अल-मसीरा समाचार चैनल ने बताया कि यमन की

● अमेरिका के रक्षा सचिव बोले- हूती विद्रोहियों नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारणों को बना गया निशाना

राजधानी सना के आसपास हवाई हमले हुए हैं। साल 2014 से हूती विद्रोहियों ने सना पर कब्जा कर रखा है। इसमें बताया गया कि हूती विद्रोहियों के गढ़ सादा के आसपास भी हवाई हमले हुए हैं, हालांकि इसने नुकसान या हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारण स्थानों को निशाना बनाकर बी-2 बमवर्षक से हमले किए गए हैं। हूतियों का समर्थन करने वाले ईरान को परोक्ष रूप से चेतावनी देने के लिए भी यह हमले किए गए हैं। ईरान ने पिछले साल के दौरान दो बार इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए।

# आईसीटी ने हसीना के खिलाफ जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

आईसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार की अध्यक्षता वाली पीठ में आज सुनवाई शुरू हुई। न्यायमूर्ति मजूमदार के नेतृत्व में तीन न्यायाधीशों के न्यायाधिकरण ने अभियोजन पक्ष की याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। न्यायाधिकरण ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हसीना समेत 45 लोगों को 18 नवंबर तक पेश किया जाए।

# गुजरात हाईकोर्ट ने खारिज की सीबीआई जांच की मांग

अहमदाबाद, एजेंसी

## मोरबी पुल हादसा

गुजरात हाईकोर्ट ने 2022 के मोरबी पुल ढहने की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है। इस हादसे के पीड़ितों के परिजनों ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति प्रणव त्रिवेदी की खंडपीठ ने कहा कि अदालत जांच की सटीकता पर गौर नहीं कर सकती।

अदालत गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर, 2022 की घटना के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई एक पीआईएल पर सुनवाई कर रही थी। हादसे में मच्छू नदी पर ब्रिटिशकाल का एक झूला पुल ढह जाने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ पीड़ितों और मृतकों के परिजनों ने पूरे मामले की सीबीआई से पुनः जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने गुजरात पुलिस पर उचित जांच नहीं

● पीड़ितों के परिजनों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया था आग्रह

करने और विशेष जांच दल द्वारा कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बावजूद किसी भी नगर निगम अधिकारी को आरोपी नहीं बनाने का आरोप लगाया है।

सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से पेश हुए वकील राहुल शर्मा ने मुख्य प्राथमिकी में हत्या का आरोप जोड़ने का अनुरोध किया। महाधिवक्ता ने सूचित किया कि पिछले वर्ष आरोपपत्र दाखिल किया था और मोरबी मुख्य अधिकारी अनुशासनात्मक जांच का सामना कर रहे हैं। जब शर्मा ने पुनः जांच के लिए दबाव डाला तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुनः जांच का आदेश देना इस जनहित याचिका के दायरे से बाहर है।


खगोल विज्ञान | सक्रियता की चरम अवस्था सौरमंडल को प्रभावित करती है

# चरम पर पहुंचा 11वर्षीय सूर्य का सौरचक्र

अमृत विचार, नैनीताल

25वां सोलर साइकिल चरम पर जा पहुचा है। इसके अगले वर्ष तक चरम पर रहने की संभावना है। नासा के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए), और अंतर्राष्ट्रीय सौर चक्र भविष्यवाणी पैनल के वैज्ञानिकों ने यह घोषणा की है।

सौर चक्र सूर्य का प्राकृतिक चक्र है। इस चक्र में सूर्य निम्न और उच्च चुंबकीय गतिविधि के दौर से गुजरता है। यह चक्र लगभग 11 साल का होता है। जिसमें सूर्य शांत से सक्रियता की ओर गुजरता है और सक्रियता के दौरान तूफानी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है। नासा अंतरिक्ष मौसम कार्यक्रम के निदेशक जेमी फेवर्स के अनुसार सौर सक्रियता के अधिकतम पहुचने के दौरान सूर्य की सतह पर




सूर्य के निम्न व उच्चतम सक्रियता की तस्वीर।

सनस्पॉट की संख्या बढ़ जाती है। सूर्य के चरम अवस्था के दौरान सूर्य के बारे में जानने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करती है। चरम पर पहुचने के दौरान सूर्य पृथ्वी के साथ हमारे पूरे सौर मंडल पर वास्तविक प्रभाव डालता है और अंतरिक्ष मौसम पर गहरा असर डालता है। साथ ही अंतरिक्ष में उपग्रहों और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ-साथ रेडियो संचार और जीपीएस को प्रभावित करता है। पृथ्वी पर स्थित पावर ग्रिड को प्रभावित कर सकता है।

इधर पिछले कुछ महीनों में सूर्य जबरदस्त सक्रिय है। मई माह में बड़े सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की बौछार ने पृथ्वी को प्रभावित किया। सूर्य की हलचल ने दो दशकों में पृथ्वी पर शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान पहुचे। इन दिनों सूर्य की सतह पर दर्जनों सनस्पॉट उभरे हुए हैं। जिनसे बड़े विस्फोट सूर्य पर जारी रहेंगे। बहरहाल अगले वर्ष तक सौर चक्रियता चरम पर रहेगी।

### महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने सबसे पहले देखे सनस्पॉट

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ वहाबउद्दीन के अनुसार 1600 के दशक में महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने पहली बार सनस्पॉट देखे थे। तभी से सूर्य पर नजर रखना शुरू हुआ और सूर्य के भयानक रूप का पता चल सका। प्रत्येक सौर चक्र का समय अलग-अलग होता है। सौर चक्र की अधिकतम समय 14 वर्ष तक हो सकता है। औसतन 11 वर्ष माना जाता है। 25वां सौर चक्र 2019 में शुरू हुआ था।

# नवाज शरीफ ने की भारत से संबंध सुधारने की पहल

लाहौर, एजेसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान को अतीत भूलकर अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए। शरीफ की इस टिप्पणी को विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस सप्ताह इस्लामाबाद यात्रा के बाद भारत से रिश्तों को सुधारने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष ने जयशंकर की यात्रा को अच्छी शुरुआत बताया और उम्मीद जतायी कि दोनों पक्ष सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़ेंगे।

दिसंबर 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की लाहौर की अचानक यात्रा की सराहना करते हुए शरीफ ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों में लंबे समय से जारी ठहराव से खुश नहीं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्षों

● जयशंकर की यात्रा के बाद पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने कहा- हमें अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए



को सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ना चाहिए। नवाज ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते, न ही पाकिस्तान और न ही भारत। हमें अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज ने कहा कि चीजें इसी तरह आगे बढ़नी चाहिए। हम चाहते थे कि प्रधानमंत्री मोदी आएं, लेकिन यह अच्छा हुआ कि भारतीय विदेश मंत्री आए। मैंने पहले कहा है कि हमें बातचीत के क्रम को आगे बढ़ाना चाहिए।